RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 88
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 3 फरवरी, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
www.dailypioneer.com




नीरज चोपड़ा लॉरेस पुरस्कार के लिए नामित
स्पोर्ट्स-12

# बजट का जोर गरीब, किसान, मध्यम वर्ग व युवाओं पर

**भाषा।** नई दिल्ली




भाजपा द्वारा आम बजट पर आयोजित कार्यक्रम में बोलते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि संसद में मंगलवार को पेश किए गए आम बजट का जोर गरीब, किसान, मध्यम वर्ग और युवाओं को बुनियादी सुविधाएं देने और आय के स्थाई समाधानों से जोड़ने पर है। भारतीय जनता पार्टी की ओर से वर्ष 2022-23 के आम बजट पर आयोजित कार्यक्रम आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि बहुत जरूरी है कि भारत आत्मनिर्भर बने और उस आत्मनिर्भर भारत की नींव पर एक आधुनिक भारत का निर्माण हो। उन्होंने कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद जैसे पूरी दुनिया बदल गई थी, उसी प्रकार कोरोना महामारी के बाद भी दुनिया में बहुत सारे बदलाव की संभावना है और एक नई विश्व व्यवस्था तैयार होगी।

बजट के विभिन्न प्रावधानों का विस्तार से उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे जीवन की सुगमता और व्यवसाय की सुगमता को एक नया आयाम मिलेगा। उन्होंने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था दो लाख 30 हजार करोड़ रुपए की है और यह दर्शाता है कि हमारी बुनियाद मजबूत हैं, दिशा सही है और गति तेज है। कोरोना महामारी और उसके दुष्प्रभावों का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि संक्रमण का यह कालखंड पूरी दुनिया के लिए एक प्रकार से क्रांतिकारी परिवर्तन है और इससे बहुत सारे बदलाव होने की संभावना है। वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले सात वर्ष में सरकार ने जो निर्णय लिए और जो नीतियां बनाईं तथा पहले की जिन नीतियों में सुधार किए, उसकी वजह से आज भारत की अर्थव्यवस्था का निरंतर विस्तार हो रहा है। उन्होंने कहा, सात-आठ साल पहले भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) एक लाख 10 हजार करोड़ रुपए था। आज भारत की अर्थव्यवस्था दो लाख 30 हजार करोड़ के आसपास की है। उन्होंने कहा कि यह समय भारत के लिए नए सिरे से तैयारी का, नए अवसरों का और नए संकल्पों की सिद्धि का है। उन्होंने कहा, बहुत जरूरी है कि भारत आत्मनिर्भर बने और उस आत्मनिर्भर भारत की नींव पर एक आधुनिक भारत का निर्माण हो। बजट घोषणा के विभिन्न प्रावधानों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार के प्रयासों से आज देश में करीब-करीब 9 करोड़ ग्रामीण घरों में नल से जल पहुंचने लगा है और इसमें से करीब 5 करोड़ से ज्यादा पानी के कनेक्शन, जल जीवन मिशन के तहत पिछले 2 वर्ष में दिए गए हैं।

उन्होंने कहा, अब बजट में घोषणा की गई है कि इस साल करीब 4 करोड़ ग्रामीण घरों को पाइप से पानी का कनेक्शन दिया जाएगा। इस पर 60 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च किए जाएंगे। उन्होंने कहा, इस बजट का भी जोर गरीब, मध्यम वर्ग और युवाओं को बुनियादी सुविधाएं देने और आय के स्थाई समाधानों से जोड़ने पर है। प्रधानमंत्री ने केन-बेतवा नदी जोड़ योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इस बार के बजट में इसके लिए हजारों करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है और इससे उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र की तस्वीर भी बदलने वाली है। उन्होंने कहा, अब बुंदेलखंड के खेतों में और हरियाली आएगी, घरों में पर्याप्त पीने का पानी आएगा, कृषि के लिए खेतों में पानी आएगा। प्रधानमंत्री के संबोधन का एक बड़ा हिस्सा कृषि और किसानों को इस बजट से होने वाले फायदों पर केंद्रित रहा। उन्होंने कहा कि देश की कृषि को प्रौद्योगिकी आधारित और रसायन मुक्त बनाने के लिए बड़े कदम इस बजट में उठाए गए हैं। उन्होंने कहा, पिछले बजट में हमने किसान रेल और किसान उड़ान की सुविधा सुनिश्चित की और अब किसान ड्रोन किसान का नया साथी बनने वाला है। प्रधानमंत्री ने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को लेकर अनेक प्रकार की बातें फैलाई गईं हैं लेकिन सरकार ने पिछले सालों एमएसपी पर रिकॉर्ड खरीदी की है। उन्होंने कहा, सिर्फ धान की ही बात करें तो इस सत्र में किसानों को एमएसपी के रूप में डेढ़ लाख करोड़ रुपए से अधिक मिलने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि हर साल लाखों करोड़ रुपए खाद्य तेल खरीदने के लिए विदेश भेजा जाता है, लिहाजा इसका लाभ देश के किसानों को मिले, इसके लिए विशेष योजनाएं लागू की जा रही हैं। उन्होंने कहा, अन्नदाता को ऊर्जादाता बनाने का एक बड़ा अभियान निरंतर चल रहा है, जिसके माध्यम से खेत में ही सोलर पैनल लगाने के लिए मदद दी जा रही है। अब हम प्राकृतिक खेती गलियारे पर काम कर रहे हैं। यह गलियारा 2500 किमी. का होगा। उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल में मां गंगा के किनारे पांच किमी. चौड़ा नेचुरल फार्मिंग का कॉरिडोर तैयार किया जाएगा।

बजट में पर्वतमाला परियोजना की घोषणा का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि इससे हिमालय के क्षेत्रों में आधुनिक संपर्क और आधुनिक अवसंरचना को विस्तार मिलेगा। उन्होंने कहा कि बजट में सीमा पर मौजूद गांवों के विकास के बारे में नए सिरे से सोचा गया है और ऐसे गावों में हर प्रकार की सुविधा हो, बिजली-पानी-सड़क का इंतजाम हो, इसके लिए बजट में विशेष वाइब्रेंट विलेज (जीवंत ग्राम) कार्यक्रम की घोषणा की गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज सस्ता और तेज इंटरनेट भारत की पहचान बन चुका है और बहुत जल्द सभी गांव तक ऑप्टिकल फाइबर से जोड़ लिया जाएगा। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में छोटे व मझोल उद्यमियों का भी उल्लेख किया और कहा कि कोरोना काल में छोटे उद्यमियों को ध्यान में रखते हुए आपातकालीन ( शेष पेज 9 )

## तीन करोड़ गरीबों को घर देकर हमने उन्हें लखपति बनाया: प्रधानमंत्री

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि पिछले सात सालों में उनकी सरकार ने तीन करोड़ गरीबों को पक्का घर देकर उन्हें लखपति बनाया है। उन्होंने कहा कि इनमें से ज्यादातार घर महिलाओं के नाम पर हैं, लिहाजा सरकार ने उन्हें भी घरों की मालकिन बनाया है। भाजपा द्वारा आयोजित आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि गरीब का बहुत बड़ा सपना उसका अपना घर भी होता है। उन्होंने कहा कि इस साल के बजट में गरीबों के लिए 80 लाख पक्के घर बनाने की बात कही गई है और इस पर 48,000 करोड़ खर्च होंगे। उन्होंने कहा, जब गरीब को अपना घर मिलता है तो उसका हौसला बढ़ जाता है। हम कभी गरीबों की ताकत जानते नहीं थे। गरीबों का राजनीतिक उपयोग करने वाले बहुत हुए। पीएम ने जन-धन खातों का उदाहरण देते हुए कहा कि अगर एक जन-धन खाता गरीब की जिंदगी बदल सकता है तो घर मिलने पर उसका जीवन कितना बदल जाता है। यह आसानी से अंदाजा लगाया जा सकता है।

# मोदी सरकार में अमीरों और गरीबों के लिए दो हिंदुस्तान बन गए: राहुल



लोकसभा में बुधवार को बोलते कांग्रेस सांसद राहुल गांधी

**भाषा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को आरोप लगाया कि नरेंद्र मोदी सरकार में दो हिंदुस्तान बन गए हैं जिनमें से एक अमीरों और दूसरा गरीबों के लिए है। संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लोकसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर हो रही चर्चा में भाग लेते हुए राहुल गांधी ने यह दावा भी किया कि देश के सामने खड़ी प्रमुख चुनौतियों का अभिभाषण में उल्लेख नहीं किया गया है।

उन्होंने कहा, अभिभाषण में कई रणनीतिक मुद्दों को नहीं छुआ गया है। कई प्रमुख चुनौतियों का उल्लेख नहीं हुआ। तीन बुनियादी विषयों पर इसमें बात नहीं हुई। सबसे महत्वपूर्ण है कि अब दो भारत हैं। एक अमीरों का हिंदुस्तान है, दूसरा हिंदुस्तान गरीबों के लिए है। इनमें खाई बढ़ती जा रही है। राहुल ने कहा, प्रधानमंत्री को सुझाव देता हूं कि दो हिन्दुस्तान को साथ लाने की दिशा में काम करें जिन्हें उनकी सरकार ने सृजित किया है। उन्होंने यह भी कहा, अभिभाषण में बेरोजगारी के बारे में एक शब्द नहीं है। आज देश का युवा रोजगार ढूंढ़ रहा है। यह सरकार रोजगार नहीं दे पा रही है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया, पिछले साल तीन करोड़ युवाओं को रोजगार गंवाने पड़े।

बीते 50 साल में सबसे ज्यादा बेरोजगारी देश में आज है...इस सरकार ने असंगठित क्षेत्र और छोटे कारोबारों पर आक्रमण किया। नोटबंदी और गलत तरीके से जीएसटी लागू करके आक्रमण किया गया। उन्होंने दावा किया कि असंगठित क्षेत्र में मेक इन इंडिया लागू हो ही नहीं सकता है, इस क्षेत्र को बर्बाद कर दिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया, संप्रग सरकार ने 10 साल में 27 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला था, लेकिन इस ( शेष पेज 9 )

# आप प्रत्याशियों ने ली शपथ जीते तो पाला नहीं बदलेंगे

● केजरीवाल की मौजूदगी में सभी उम्मीदवारों से एफिडेविट साइन कराया



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**आम** आदमी पार्टी ने गोवा वालों को भ्रष्टाचार मुक्त और ईमानदार सरकार देने के मकसद से अपने सभी 40 प्रत्याशियों से एक एफिडेविट साइन कराया है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मौजूदगी में बुधवार को पार्टी के सीएम चेहरा अमित पालेकर ने सभी उम्मीदवारों को इस बात की शपथ दिलाई। इस मौके पर केजरीवाल ने दावा किया कि आम आदमी पार्टी के सभी प्रत्याशी ईमानदार होंगे।

चुनाव जीतने के बाद ना कभी बिकेंगे और ना कभी दूसरी पार्टी में जाएंगे। गोवा में पिछले एक-दो चुनावों से देखा जा रहा है कि जीतने के बाद एमएलए दूसरी पार्टी में चले जाते हैं। वे एक तरह से अपने मतदाताओं के वोट को बेच देते हैं, जो उनके साथ धोखा है। केजरीवाल चुनावी राज्य गोवा के चार दिवसीय दौरे पर हैं।

अरविंद केजरीवाल ने डिजिटल संवाददाता सम्मेलन में कहा कि एफिडेविट साइन करने की इसलिए जरूरत पड़ी क्योंकि गोवा की जनता भरोसा नहीं करती है कि ईमानदारी से सरकार चल सकती है और ईमानदार प्रत्याशी हो सकते हैं। हर प्रत्याशी अपने निर्वाचन क्षेत्र के हर घर में एफिडेविट की एक-एक कॉपी भेजेगा ताकि चुनाव जीतने के बाद अगर वे बेइमानी करते हैं या पार्टी बदलते हैं, तो उन पर केस कर सकते हैं। केजरीवाल ( शेष पेज 9 )

# सपा-बसपा लोगों की उम्मीदें पूरी नहीं कर सकतीं: शाह

**भाषा।** अलीगढ़, बदायूं




अलीगढ़ में भाजपा की जनसभा में बोलते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

**केंद्रीय** गृह मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने बुधवार को विपक्षी दलों खासतौर से समाजवादी पार्टी पर अपराधियों को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए कहा कि यूपी के अपराधी या तो जेल में हैं या सपा के उम्मीदवार या फिर प्रदेश के बाहर हैं। उत्तर प्रदेश विधानसभा के चुनावी दौरे पर बुधवार को निकले गृह मंत्री शाह ने पहले अलीगढ़ की अतरौली और फिर बदायूं की सहसवान विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं से संपर्क किया और चुनावी जनसभाओं को भी संबोधित किया।

अलीगढ़ के अतरौली विधानसभा क्षेत्र में पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत कल्याण सिंह के पौत्र, उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री और भाजपा उम्मीदवार संदीप सिंह के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने सपा प्रमुख पर कश्मीर से धारा 370 हटाए जाने का विरोध करने का आरोप लगाया। शाह ने कहा कि यादव ने कहा था कि खून की नदियां बहेंगी, लेकिन किसी में एक कंकड़ चलाने की भी हिम्मत नहीं हुई। उन्होंने कहा कि बहन जी और अखिलेश की सरकारें थीं तो गुंडे परेशान करते थे, लेकिन अब माफिया तीन जगह दिखाई पड़ता है- एक तो जेल में दिखाई पड़ता है, दूसरा उप्र के बाहर दिखाई पड़ता है और तीसरा माफिया ढूंढ़ना पड़ता है तो समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों की सूची में देख लीजिएगा। शाह ने मतदाताओं को आगाह किया कि अगर राज्य में माफियाओं का राज आया तो प्रधानमंत्री मोदी अलीगढ़ में जो डिफेंस कॉरिडोर लेकर आए हैं, जिसमें करोड़ों का निवेश होना है, वहां कोई निवेश करने नहीं आएगा। गृह मंत्री ने कहा कि कहा कि 2014, 2017 और 2019 का चुनाव उप्र की किस्मत बदलने का चुनाव रहा है और सपा व बसपा की जातिवादी सरकारें कभी उप्र का भला नहीं कर पाएंगी। बदायूं जिले के इस्लामनगर कस्बा (सहसवान विधानसभा क्षेत्र) में भाजपा उम्मीदवार डीके भारद्वाज के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने मतदाताओं को सावधान किया। उन्होंने कहा कि अगर अखिलेश यादव सत्ता में आएंगे तो रेड ( शेष पेज 9 )

## क्रिप्टो मुद्रा पर कर से बाजार की गहराई का पता चलेगा: सीबीडीटी प्रमुख

**भाषा।** नई दिल्ली



**केंद्रीय** प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) चेयरमैन जेबी महापात्र ने कहा है कि बजट में क्रिप्टो करेंसी या ऑनलाइन डिजिटल संपत्तियों को कर के दायरे में लाने की घोषणा आयकर विभाग के लिए देश में इस मुद्रा के कारोबार की गहराई का पता लगाने, निवेशकों तथा उनके निवेश की प्रकृति को जानने में मददगार होगी। उन्होंने यह भी कहा कि इस कदम का मतलब यह नहीं है कि क्रिप्टो करेंसी में लेनदेन वैध हो जाएगा। महापात्र ने कहा कि कर अधिकारियों के लिए इस क्षेत्र में प्रवेश का यह सही समय है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा कि क्रिप्टो करेंसी को लेकर सरकार विभिन्न पक्षों के साथ विचार-विमर्श कर रही है और उससे निकलने वाले निष्कर्ष के आधार पर राष्ट्रीय नीति और नियमन तैयार किए जाएंगे। वित्त मंत्री ने 2022-23 के बजट में क्रिप्टोकरेंसी और अन्य ( शेष पेज 9 )

# पंजाब में अब जाखड़ खड़ी कर रहे कांग्रेस के लिए मुश्किल

● सभा में कहा- 42 विधायकों की पसंद के बावजूद नहीं बनाया गया मुख्यमंत्री, चन्नी के पक्ष में थे सिर्फ दो वोट



**मोनिका मलिक।** चंडीगढ़

**कांग्रेस** आलाकमान जहां 20 फरवरी को होने वाले चुनावों के लिए अपने मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार को लेकर पंजाब के मतदाताओं की प्रतिक्रिया जानने में व्यस्त है, वहीं पार्टी के वरिष्ठ नेता सुनील जाखड़ के ताजा खुलासे ने पार्टी को मुश्किल में डाल दिया है।

प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष जाखड़ को एक छोटी सी वीडियो क्लिप में यह दावा करते हुए सुना जा सकता है कि पिछले सितंबर में कैप्टन अमरिंदर सिंह के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद 42 विधायकों ने उनके पक्ष में मतदान किया था, जबकि केवल दो ने ही चरणजीत सिंह चन्नी को वोट दिया था। उन्होंने कहा कि मुझे कोई पछतावा नहीं है। आज मैं आपको एक तथ्य बता रहा हूं कि जब कैप्टन ने पिछले साल सितंबर में कांग्रेस छोड़ी थी, तो सभी 79 विधायकों को अगले मुख्यमंत्री पद के लिए वोट करने के लिए कहा गया था।

उस समय, सुनील (खुद का जिक्र करते हुए) के लिए 42, सुखजिंदर रंधावा के लिए 16, महारानी परनीत कौर (कैप्टन अमरिंदर की पत्नी) के लिए 12, नवजोत सिंह सिद्धू के लिए छह और चरणजीत सिंह चन्नी के लिए केवल दो वोट थे। अपने अबोहर निर्वाचन क्षेत्र में छोटी जनसभा के दौरान जाखड़ ने यह टिप्पणी की तो वहां ठहाका गूंज ( शेष पेज 9 )

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,558 | ↑ 695 | |
| निफ्टी | 17,780 | ↑ 203 | |
| सोना | 47,837 | ↓ 125 | /10g |
| चांदी | 61,477 | ↓ 339 | /kg |

## क्विक न्यूज

### जम्मू-कश्मीर में हिजबुल आतंकवादी मारा गया

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में बुधवार को सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में हिजबुल मुजाहिदीन का एक आतंकवादी मारा गया। पुलिस ने कहा कि मृतक की पहचान उमर इश्फाक मलिक उर्फ मूसा के तौर पर की गई है जो एक आतंकवादी था। पुलिस के एक प्रवक्ता ने कहा, शोपियां के नदीगाम गांव इलाके में आतंकवादियों के छिपे होने के बारे में जानकारी मिलने पर पुलिस, सेना और सीआरपीएफ द्वारा संयुक्त अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान गश्ती दल जैसे ही मौके पर पहुंचा, छिपे हुए आतंकवादियों ने गोली चलाना शुरू कर दिया जिसका सुरक्षाबलों ने जवाब दिया। प्रवक्ता ने कहा, मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया और उसके शव को बरामद किया गया।

# केसीआर ने मोदी के कपड़ों और गुजरात मॉडल का उड़ाया मजाक

● तेलंगना के मुख्यमंत्री की प्रधानमंत्री पर टिप्पणी से बढ़ा विवाद



**पायनियर समाचार सेवा।** हैदराबाद

**देश** की केंद्रीय राजनीति में अपनी भूमिका की तलाश रहे तेलंगना के मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव के ताजा बयान ने नया विवाद खड़ा कर दिया है। मुख्यमंत्री ने न केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कपड़ों पर तंज किया, गुजरात मॉडल का मजाक भी उड़ाया।

भाजपा की राजनीति को दिखावा करार देते हुए राव ने प्रधानमंत्री पर चुटकी लेते हुए कहा कि ऊपर शेरवानी, अंदर परेशानी है। गुजरात मॉडल का उपहास उड़ाते हुए कहा कि यह पीएम मोदी के सुशासन को दिखाती है। दिलचस्प बात है कि मुख्यमंत्री का बयान उस समय आया जब तीन दिन बाद वह पीएम मोदी, संत रामानुजाचार्य की एक प्रतिमा के विमोचन के साथ साझा हैलीकप्टर यात्रा करेंगे।

यह प्रतिमा दुनिया की दूसरी बड़ी मूर्ति है और उसकी लागत करीब एक हजार करोड़ रुपये बताई जा रही है। लेकिन आने वाले साझा विमोचन कार्यक्रम पर भी राव देश के प्रधानमंत्री की व्यक्तिगत आलोचना करने में हिचक नहीं रहे है। राव ने भाजपा शासन की आलोचना करते हुए यह भी कहा कि एक चुनावी प्रबंध के तहत सोशल मीडिया पर लगातार झूठ ( शेष पेज 9 )

# डब्ल्यूएचओ ने प्रतिबंधों में ढील देने वाले देशों को चेताया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

कोरोना का कहर

● पिछले कुछ दिनों में मौतों के आंकड़ों में बढ़ोतरी दर्ज की गई



**दुनिया** भर में कोरोनो वायरस से संबंधित मौतों में तेज बढ़ोतरी के बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने उन देशों से कोविड प्रतिबंधों को धीमी गति से हटाने को कहा है। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि ओमीक्रोन वायरस काफी गतिशील है। भारत में भी पिछले कुछ दिनों में मौतों में वृद्ध दर्ज की गई है। देश के कई राज्यों ने धीरे.धीरे चरणबद्ध तरीके से प्रतिबंधों को हटाना शुरू कर दिया है। भारत में दैनिक कोविड की मृत्यु दर में एक महत्वपूर्ण उछाल देखा गयाए अकेले मंगलवार को 1,733 मौतें दर्ज की गईं।

डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस अदनोम घेब्रियस ने बुधवार को प्रेस वार्ता में कहा कि ओमीक्रोन संस्करण की पहचान पहली बार सिर्फ 10 सप्ताह पहले की गई थी, इसलिए डब्ल्यूएचओ को लगभग 90 मिलियन मामले दर्ज किए गए हैं, जो पूरे 2020 में रिपोर्ट किए गए केस से अधिक थे। अब हमें दुनिया के अधिकांश क्षेत्रों में मौतों में बहुत चिंताजनक वृद्धि देखने को मिल रही है। उन्होंने अपनी चिंता दोहराई कि कुछ देश इस बात को आवश्यक नहीं मान रहे हैं कि ओमीक्रोन के तेजी फैलने और कम गंभीरता के कारण संचरण को रोकना वैक्सीन के कारण अब संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि अधिक संचरण का अर्थ है अधिक मौतें। हम किसी भी देश को तथाकथित लॉकडाउन में लौटने के लिए नहीं कह रहे हैं। लेकिन हम सभी देशों से टूलकिट में अकेले टीके से नहीं बल्कि हर उपकरण का उपयोग करके अपने लोगों की रक्षा करने का आह्वान कर रहे है। डब्ल्यूएचओ के हेल्थ इमर्जेंसी प्रोग्राम की तकनीकी प्रमुख डॉ. मारिया वैन केरखोव के अनुसारए पिछले सात दिनों में डब्ल्यूएचओ को 22 मिलियन से अधिक मामले सामने आए हैं जो बड़े पैमाने पर ओमीक्रोन संस्करण द्वारा संचालित हैं।

उन्होंने कहा कि अभी और अधिक चिंता की बात यह है कि पिछले चार हफ्तों में दुनिया भर में कोरोनोवायरस से संबंधित मौतों की संख्या में तेज वृद्धि देखी गई है, जो वर्तमान में नहीं होनी चाहिए जब हमारे पास ऐसे उपकरण हैं जो वास्तव में इसे रोक सकते हैं। उन रिपोर्टों पर टिप्पणी करते हुए कि कुछ देशों ने अपने कोविड -19 प्रतिबंधों में ढील देना शुरू कर दिया है। वैन केरखोव ने सावधानी बरतने का आग्रह किया क्योंकि कई देश अभी तक ओमीक्रोन के शिखर से नहीं गुजरे है। अब सब कुछ एक साथ प्रतिबंध उठाने का समय नहीं है। उसने कहा कि उन देशों को धीरे धीरे और टुकड-टुकड़े करके ऐसा करना ( शेष पेज 9 )

## भारत में पिछले 24 घंटे में 1,733 मौतें

**नई दिल्ली।** भारत में एक दिन में 1,61,386 लोगों के कोरोना वायरस से संक्रमित पाए जाने के बाद महामारी के कुल मामलों की संख्या 4.16 करोड़ से अधिक हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के बुधवार को सुबह आठ बजे तक अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, 24 घंटो के दौरान 1,733 मरीजों के जान गंवाने से मृतकों की संख्या 4,97,975 हो गई है। उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 1,21,456 मामलों की कमी आई है और अब 16,21,603 मरीज इस बीमारी का इलाज करा रहे हैं जो संक्रमण के कुल मामलों का 4.20 प्रतिशत है जबकि कोविड-19 से स्वस्थ होने वाले मरीजों की दर 94.60 प्रतिशत है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, संक्रमण की दैनिक दर 9.26 प्रतिशत दर्ज की गई है जबकि साप्ताहिक संक्रमण दर 14.15 प्रतिशत दर्ज की गई है। इस बीमारी से स्वस्थ होने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 3,95,11,307 हो गई है जबकि मृत्यु दर 1.20 प्रतिशत दर्ज की गई है। संक्रमण के नए मामले आने से अब महामारी के कुल मामलों की संख्या 4,16,30,885 हो गई है। इस बीच, देशव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत कोविड-19 रोधी टीके की 167.29 करोड़ से अधिक खुराक दी जा चुकी है।

# नोएडा और ग्रेनो में नहीं थम रहा बेनामी रकम मिलने का सिलसिला

## चेकिंग में वाहन से बरामद हुई 2.44 लाख की नकदी

● **पुलिस ने फॉर्च्यूनर गाड़ी को किया सीज**

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



चेकिंग के दौरान इसी गाड़ी से बरामद हुई नकदी।

नोएडा और ग्रेटर नोएडा में गाड़ियों के भीतर कैश मिलने का सिलसिला जारी है। बीती रात को चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक फॉर्च्यूनर गाड़ी में 2.44 लाख रुपए बरामद किए हैं। गाड़ी चालक से जब इस रकम के बारे में पूछा गया तो वह संतुष्टि पूर्वक जवाब नहीं दे पाया, जिसके बाद पुलिस ने कैश को जब्त कर लिया है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि बीती रात को सेक्टर-58 कोतवाली पुलिस और एसएसटी टीम चेकिंग कराई थी। उसी दौरान सेक्टर-58 क्षेत्र अंतर्गत पुलिस चौकी के पास एक फॉर्च्यूनर गाड़ी को आते हुए देखा। पुलिस ने गाड़ी को रोककर जांच की तो उसमें 2.44 लाख रुपए मिले। इस गाड़ी को नितिन कुमार चला रहा था। पुलिस ने नितिन कुमार से इन पैसों के बारे में पूछताछ की तो वह कोई भी संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। इसके बाद पुलिस ने मय रकम समेत वाहन को भी सीज कर दिया है।

आपको बता दें कि करीब 3 दिन पहले चेकिंग के दौरान 2 स्कॉर्पियो गाड़ी में 3.82 लाख रुपए की नगदी मिली थी। अभी तक पुलिस को 1.34 करोड रुपए से अधिक की राशि बरामद हो चुकी हैं, जिसका कोई लेखा जोखा पुलिस के सामने नहीं आया है। पुलिस ने इन भारी रकम को सीज कर दिया है। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट जांच कर रहा है। करीब 2 दिनों पहले बिसरख थाना पुलिस वाहनों की चेकिंग कर रही थी। उसी दौरान पुलिस टीम और एसटीसी टीम ने तिगरी बोर्डर पर नीले रंग की मर्सिडीज़ गाड़ी में ढाई लाख रुपए बरामद हुआ था। गाड़ी में सवार अमनदीप सिंह से ढाई लाख रुपए के बारे में पूछताछ की तो गाड़ी चालक कुछ भी नहीं बता पाया, जिसके बाद पुलिस ने ढाई लाख रुपए के कैश को सीज कर दिया है। जिले में पुलिस दिन-रात वाहनों की चेकिंग कर रही है। चेकिंग के दौरान बीते बुधवार को नोएडा सेक्टर-58 थाना क्षेत्र में एक पोर्श गाडी में पुलिस को 21 लाख 23 हजार 990 रुपए बरामद हुए थे।

गाड़ी को रोहित अवाना नामक एक व्यक्ति चला रहा था। पुलिस ने जब रोहित अवाना से इन भारी रकम के बारे में पूछताछ की तो वह कुछ नहीं बता पाया, जिसके बाद पुलिस ने पैसे को सीज कर लिया है। करीब 9 दिनों पहले भी पुलिस सेक्टर-24 कोतवाली क्षेत्र में वाहनों की जांच कर रही थी। उसी दौरान एक गाड़ी में 4.96 लाख रुपए की नगदी बरामद हुई। यह राशि किया सेल्टोस गाड़ी से बरामद हुई। गाड़ी चालक का नाम वरुण है। करीब 10 दिनों पहले नोएडा सेक्टर-24 कोतवाली क्षेत्र में चेकिंग के दौरान एक फॉर्च्यूनर गाड़ी में 99 लाख रुपए बरामद हुए थे। पूछताछ के दौरान पता चला कि जो व्यक्ति गाड़ी चला रहा था, उसका नाम अखिलेश है और वह दिल्ली के एक बड़े कारोबारी आयुष जैन के पार्टनर नितिन का चालक है। यह सभी मामले पुलिस ने आयकर विभाग को भेज दिया है।

### अखिलेश यादव को आई 'अपशकुनी' गौतमबुद्धनगर की याद

# आज दादरी और नोएडा में वोट मांगने आएंगे पूर्व सीएम

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा और ग्रेटर नोएडा को अपशकुनी बताकर यहां आने से बचने वाले समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को आखिरकार गौतमबुद्धनगर की याद आ गई है। अखिलेश यादव आज नोएडा और ग्रेटर नोएडा का दौरा करेंगे। वह अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के लिए वोट मांगने आ रहे हैं। अखिलेश यादव की यात्रा बुलंदशहर से शुरू होगी और दिल्ली तक जाएगी।

अखिलेश यादव मानते हैं कि उत्तर प्रदेश का जो मुख्यमंत्री गौतमबुद्धनगर आता है, उसकी सत्ता चली जाती है। यही वजह रही थी कि वह अपने पिछले कार्यकाल के दौरान एक बार भी गौतमबुद्धनगर की यात्रा पर नहीं आए थे। पिछले सप्ताह खबरिया चैनलों पर इंटरव्यू में भी उन्होंने यह बात कही थी। जब उनसे पूछा गया था कि वे नोएडा और ग्रेटर नोएडा क्यों नहीं जाते हैं उन्होंने कहा था, वहां जाने से कुर्सी चली जाती है। अब चुनाव है तो अखिलेश यादव को गौतमबुद्धनगर की याद आ गई है। अखिलेश गौतमबुद्धनगर की जनता से वोट मांगने के लिए आज दादरी और नोएडा का दौरा करेंगे।

अखिलेश यादव के निजी सचिव गंगाराम की ओर से दिल्ली और गौतमबुद्धनगर के पुलिस कमिश्नर को सूचना दी गई है। बताया गया है कि अखिलेश यादव गुरुवार सुबह 10: 30 बजे हेलीकॉप्टर से बुलंदशहर पहुंचेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री समाजवादी पार्टी के उम्मीदवारों के लिए बुलंदशहर और सिकंदराबाद का दौरा करेंगे। इसके आगे वह गौतमबुद्धनगर जिले की दादरी विधानसभा सीट के इलाके में दाखिल होंगे। दादरी में उम्मीदवार राजकुमार भाटी के लिए चुनाव प्रचार करेंगे। शाम के वक्त नोएडा पहुंचेंगे। नोएडा में सपा प्रत्याशी सुनील चौधरी के लिए लोगों से वोट मांगेंगे। इसके बाद अखिलेश यादव शाम को दिल्ली अपने सरकारी आवास चले जाएंगे।

### दस साल पहले रथयात्रा लेकर ग्रेनो आए थे अखिलेश

समाजवादी पार्टी के मुखिया और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ठीक 10 साल बाद गौतमबुद्धनगर आएंगे। आपको बता दें कि वर्ष 2012 के विधानसभा चुनाव का प्रचार करने के लिए अपनी बस लेकर अखिलेश यादव ग्रेटर नोएडा आए थे। वह नोएडा और ग्रेटर नोएडा में प्रचार करके चले गए थे। बड़ी बात यह है कि वह पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने में कामयाब हुए और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बन गए। इसके बाद अंधविश्वास का शिकार होकर अपने 5 वर्षों के कार्यकाल में कभी नोएडा या ग्रेटर नोएडा नहीं आए। पिछले 5 वर्षों के दौरान विपक्ष में बैठे रहे लेकिन कभी गौतमबुद्धनगर का रुख नहीं किया। अब ठीक 10 वर्ष बाद अखिलेश यादव फिर वोट मांगने आ रहे हैं।

### डॉ महेश शर्मा के सामने लगे अखिलेश यादव जिंदाबाद के नारे

**नोएडा।** मंगलवार देर शाम गौतमबुद्धनगर के सांसद डॉ महेश शर्मा बुलंदशहर की सिकंदराबाद सीट पर भाजपा के लिए प्रचार प्रसार करने गए। इस दौरान डॉ महेश शर्मा का उनके सामने ही जमकर विरोध हुआ। लोगों ने डॉ महेश शर्मा के सामने अखिलेश यादव जिंदाबाद के नारे लगाए। जिसके कारण डॉ महेश शर्मा को उल्टे पांव वापस भागना पड़ा।

बुलंदशहर की सिकंदराबाद विधानसभा सीट पर भाजपा उम्मीदवार लक्ष्मीराज सिंह चुनाव लड़ रहे हैं। प्रचार-प्रसार करने को लेकर सांसद डॉ महेश शर्मा सिकंदराबाद पहुंचे। इस दौरान जैसे ही लोगों ने डॉ महेश शर्मा को देखा, तभी उनके सामने अखिलेश यादव जिंदाबाद और मुलायम सिंह यादव जिंदाबाद के नारे लगाए।

# भीड़ जुटाने को प्रत्याशी आजमा रहे हर हथकंडा

## *जेवर में नोट उड़ाने के बाद भड़ाना ने करवाया हॉर्स डांसिंग शो*

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

● **सोशल मीडिया पर वीडियो हुआ वायरल**

गौतमबुद्धनगर की जेवर विधानसभा सीट से समाजवादी पार्टी-राष्ट्रीय लोकदल गठबंधन के उम्मीदवार अवतार सिंह भड़ाना वोटरों को रिझाने व लुभाने के लिए हर हथकंडा अपना रहे हैं। पिछले दिनों भड़ाना के डोर टू डोर कैंपेन में नोट उड़ते देखे थे। अब जेवर विधानसभा क्षेत्र के एक अन्य गांव से हॉर्स डांसिंग शो का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

अवतार सिंह भड़ाना अपने काफिले के साथ घोड़े पर गांव में पहुंचते हैं। घोड़े डीजे पर बज रहे गानों के साथ डांस करते हैं। नाचते घोड़ों को देखने के लिए भारी भीड़ जमा हो जाती है। इसी दौरान अवतार सिंह भड़ाना अपने लिए वोट मांगने की अपील कर लेते हैं।

बता दें कि निर्वाचन आयोग ने चुनाव प्रचार में पशुओं के उपयोग पर पाबंदी लगा रखी है। यही वजह है कि आयोग ने पशुओं की आकृति वाले चुनाव चिन्ह भी सीज कर दिए हैं। पहले घोड़ा, शेर, बंदर, बैल, बकरा, बिल्ली और कुत्ता जैसे चुनाव चिन्ह निर्दलीय और पार्टी उम्मीदवारों को मिलते थे। अब पूरे देशभर में केवल एक राष्ट्रीय पार्टी बहुजन समाज पार्टी के पास हाथी चुनाव चिन्ह है। बाकी पशुओं की आकृति वाले सारे चुनाव चिन्ह निर्वाचन आयोग ने प्रतिबंधित कर दिए हैं।

दरअसल, चुनाव प्रचार के दौरान उम्मीदवार अपने चुनाव चिन्ह वाले पशुओं का जमकर इस्तेमाल करते थे। जिसे प्रताड़ना मानते हुए आयोग ने पाबंदी लगाई है। दो दिन पहले भड़ाना ने दनकौर क्षेत्र के गांव में चुनाव प्रचार किया था।



अपने चुनाव प्रचार के लिए घोड़े लेकर पहुंचे अवतार सिंह भडाना।

## संक्षिप्त समाचार

### जहरीले धुएं से बुजुर्ग दंपति की मौत

**नोएडा।** थाना ईकोटेक-3 क्षेत्र के कुलेसरा गांव में रहने वाले एक दंपति की कथित तौर पर कोयले की अंगीठी से निकले धुएं से दम घुटने से मौत हो गई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कुलेसरा गांव के मोतीलाल गोस्वामी (72) तथा उनकी पत्नी सीमा रेखा देवी (70) बीती रात को अपने घर में कोयले की अंगीठी जलाकर सोए थे, सुबह दोनों घर में मृत पाए गए। पुलिस का अनुमान है कि अंगीठी से निकले जहरीले धुएं से दोनों की मौत हुई है। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### दो बदमाश गिरफ्तार,पांच पेटी शराब बरामद

**नोएडा।** थाना सेक्टर 58 पुलिस ने बुधवार को दो बदमाशों को गिरफ्तार करके उनके पास से चोरी की एक स्कूटी तथा पांच पेटी शराब बरामद की है। थाना सेक्टर 58 के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों का नाम अमन चौहान तथा अमन राय है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि ये लोग शराब की तस्करी करते हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत

**नोएडा।** थाना रबूपुरा क्षेत्र के यमुना एक्सप्रेस-वे पर सड़क हादसे में बुधवार सुबह एक व्यक्ति की मौत हो गई। थाना रबूपुरा के प्रभारी राजकुमार ने बताया कि सुबह यमुना एक्सप्रेस- वे पर एक खराब खड़े कंटेनर से एक वाहन टकरा गया। इस घटना में अनिल कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए,उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि कुमार मुजफ्फरनगर के रहने वाले थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच चल रही है।

### प्रेमी युगल ने पुलिस से मांगी सुरक्षा

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में स्थित दो अलग-अलग गांव में रहने वाले युवक और युवती ने प्रेम विवाह किया है। प्रेम विवाह होने के बाद दोनों के परिजन उन्हें जान ने मारने की धमकी दे रहे है। इस मामले में पीड़ित नवयुगल ने गौतमबुद्धनगर पुलिस से मदद की गुहार लगाते हुए ऑनर किलिंग का खतरा बताया है। दोनों पीड़ित इस समय काफी डरे हुए हैं और पुलिस से न्याय की गुहार लगा रहे हैं। दरअसल, ग्रेटर नोएडा में स्थित जानसमाना गांव रहने वाली अंजू कुमारी पुत्री राजेश कुमार और दुजाना गांव निवासी पंकज सिंह पुत्र जितेंद्र सिंह ने प्रेम विवाह किया है। अंजू कुमारी का कहना है कि उन्होंने 17 अगस्त 2021 को ग्रेटर नोएडा में स्थित बादलपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत दुजाना गांव के रहने वाले पंकज सिंह से शादी की थी।

# मतदान प्रशिक्षण के दौरान बेहोश हुई महिला की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

● **पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा**

मोहननगर आईटीएस कॉलेज में चले रहे मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण में शामिल होने पहुंची महिलाकर्मी की हार्ट अटैक से मौत हो गई। पोस्टमार्टम कराने के बाद महिला का शव परिजनों को सौंप दिया गया।

50 वर्षीय कमलेश मोदीनगर स्थित ईएसआई अस्पताल में सफाई कर्मी थीं। प्रभारी मतदान कार्मिक अधिकारी अस्मिता लाल ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान कमलेश की अचानक तबीयत खराब हो गई, उन्हें एमएमजी अस्पताल ले जाया गया, जहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

दस फ रवरी को होने वाले मतदान के लिए प्रशिक्षण चल रहा है।

मृतक महिला कमलेश के पुत्र सचिन ने बताया कि सुबह छह बजे उनकी मां को चक्कर आया था और उल्टी हुई थी। एक घंटे बाद तबीयत सामान्य हो गई। दो बजे वह और उनकी पत्नी सीमा उन्हें आईटीएस मोहननगर छोड़ने गए।

प्रशिक्षण केंद्र पर तैनात अन्य कर्मियों ने बताया कि अचानक वह बेहोश हो गईं। एंबुलेंस से एमएमजी अस्पताल भेजा गया, लेकिन रास्ते में ही मौत हो गई। सचिन ने बताया कि मधुमेह की बीमारी 12 साल से थी, लेकिन ब्लड प्रेशर के बारे में कोई जानकारी नहीं थी।

### योगी शासन में ना फावड़ा न ट्रैक्टर चोरी हुआ: स्वत्रंत देव

**गाजियाबाद।** प्रभावी मतदाता संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लेने आए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि पांच साल पहले राज्य में कुंडल नोच लिया जाता था। खेत से ट्रैक्टर उठाकर ले जाते थे। भैंस की चोरी होती थी, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं होती थी। पांच सालों में योगी के शासन में न फावड़ा चोरी हुआ न ट्रैक्टर। अगर चोरी होता है, तो वह बच नहीं सकता। उन्होंने कहा जब अटल बिहारी बाजपेई ने प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली तो दलों ने कहा था कि अटल जी सांप्रदायिक हैं। भारत माता की जय कहना, वंदे मातरम कहना, 370 धारा हटाना, राममंदिर निर्माण की बात करना, अपने को हिंदू कहना सांप्रदायिक है तो वह सांप्रदायिक हैं। यह बात अटल जी ने सदन में कही थी।

# प्रत्याशी के लिए वोट मांगने आए मनोज तिवारी

## एक झलक पाने के लिए जुटा लोगों को हुजूम, टूटे सारे कायदे कानून

● **कोविड प्रोटोकॉल की भी उड़ी धज्जियां**

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



प्रचार के लिए नोएडा पहुंचे उत्तर पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी।

मशहूर भोजपुरी स्टार और दिल्ली से भाजपा सांसद मनोज तिवारी बुधवार को नोएडा पहुंचे। मनोज तिवारी ने नोएडा में भाजपा उम्मीदवार पंकज सिंह के लिए वोट मांगा।

मनोज तिवारी को देखने के लिए सड़क पर सैकड़ों की संख्या में भीड़ इकट्ठा हो गई। मनोज तिवारी ने गांव और सेक्टरों में घर-घर जाकर भाजपा उम्मीदवार पंकज सिंह को वोट देने की अपील की है। मनोज तिवारी के साथ जिले के काफी भाजपा नेता मौजूद रहे। मनोज तिवारी से पहले नोएडा में गोरखपुर के सांसद रवि किशन भी आ चुके हैं। रवि किशन ने घर-घर जाकर पंकज सिंह को वोट देने की अपील की थी।

रवि किशन के पहुंचने पर पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार के लोग सड़क पर खड़े हो गए। रवि किशन को देखने के लिए भी लोगों ने कोविड-19 प्रोटोकॉल की खूब धज्जिया उड़ाई। ऐसा ही हाल मनोज तिवारी के आने पर हुआ है। मनोज तिवारी जैसे ही नोएडा पहुंचे, वैसे ही लोग कोविड-19 प्रोटोकॉल और सारे कायदे कानून भूल गए।

# पत्नी को ईंट से कुचलकर मार डाला, फरार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



● **दस साल पहले हुई थी दोनों की शादी**

थाना सेक्टर 113 क्षेत्र के सेक्टर-73 में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की कथित तौर पर ईंट से सिर कुचलकर हत्या कर दी।

अपर पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) रणविजय सिंह ने बताया कि महिला आश्मीन (26) अपने पति खालिद के साथ रहती थी। वह ब्यूटी पार्लर चलाती थी और दोनों की 10 साल पहले शादी हुई थी। दोनों को दो बच्चे हैं। उन्होंने बताया कि सोमवार को महिला की बहन आसमां ने उसे फोन किया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला, मंगलवार को भी उत्तर नहीं मिला। इसके बाद आसमां ने सेक्टर-70 निवासी अपने परिचित जफर को आश्मीन के घर भेजा।

उन्होंने बताया कि घर पर ताला लगा देख जफर लौट आया। इसके बाद आसमां ने पुलिस को बहन की गुमशुदगी की जानकारी दी,इस पर पुलिस ने घर का ताला तोड़ा तो आश्मीन वहां मृत पाई गयी।

पुलिस के अनुसार उसके सिर पर ईंट से वार के निशान थे,और दोनों बच्चे वहां नहीं थे। उन्होंने बताया कि आसमां का आरोप है कि खालिद कोई काम नहीं करता था। इस वजह से पति-पत्नी में अक्सर विवाद होता रहता था, खालिद ने पहले भी आश्मीन को मारने का प्रयास किया था। पुलिस के अनुसार आसपास के लोगों ने बताया कि सोमवार सुबह ही खालिद घर से निकल गया था। पुलिस को आशंका है कि यह वारदात सोमवार की है। मामले की जांच चल रही है।

# नोएडा के कारोबारी से 1.77 करोड़ रुपए की ठगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

● **केस दर्जकर पुलिस ने शुरू की जांच**

शहर में रहने वाले एक कारोबारी से थाईलैंड में 2 महिलाओं ने एक करोड़ से ज्यादा की ठगी कर ली। महिला के साथ एक पुरुष भी शामिल हैं। कारोबारी का आरोप है कि महिलाओं ने उसका अश्लील वीडियो भी बनाया है। जिसको वायरल करने के नाम पर लाखों रुपए की मांग की जा रही है।

इस मामले में सेक्टर-24 कोतवाली में पीड़ित ने शिकायत दी है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के मुताबिक सेक्टर-22 में बृजमोहन की ज्वेलर्स की दुकान है। बृजमोहन ने बताया कि उनकी दुकान पर नीतू नागपाल, उसका पति गौरव नागपाल और राममेहर आभूषण खरीदने के लिए आती हैं। काफी बार यह सब लोग उनके दुकान पर सामान खरीदने के लिए आए हैं। जिसके कारण इन सभी से उनकी ज्यादा पहचान हो गई। बृजमोहन ने पुलिस को बताया कि नीतू और राममेहर उनकी दुकान पर आती थी और उन्होंने उनसे बताया कि उनका थाईलैंड में बहुत बड़ा बिजनेस है। वह भी थाईलैंड में बिजनेस करने के बाद करोडों रुपए का मुनाफा कमा सकते हैं। बृजमोहन के पास यह तीनों काफी समय से आ रहे थे, इसलिए बृजमोहन ने इनकी बात पर विश्वास कर लिया।

आरोप है कि इन तीनों से बृजमोहन ने 25 अक्तूबर 2019 के बाद धीरे.धीरे कर 1.77 करोड़ रुपए ले लिए, लेकिन पैसे लेने के बाद भी गौरव ने थाईलैंड में बृजमोहन का कारोबार शुरू नहीं कराया था। साथ ही रकम लौटाने से इनकार कर दिया। इस बीच शराब पिलाने के बाद महिलाओं ने बृजमोहन का अश्लील वीडियो भी बना लिया था।

# ठगी करने वाले कॉल सेंटर का भंडाफोड़

## शिकायत के बाद साइबर सेल ने तीन युवकों को किया गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



जिले में लोन दिलाने और क्रेडिट कार्ड बनवाने के नाम पर ठगी करने वाले कॉल सेंटर का खुलासा करते हुए साइबर सेल और लोनी पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 10 मोबाइल और दो फर्जी आधार कार्ड बरामद हुए हैं। पुलिस के मुताबिक आरोपी कई महीनों से ठगी का गोरखधंधा चला रहे थे। सैकड़ों लोगों से लाखों रुपये की ठगी कर चुके हैं।

साइबर सेल के नोडल अधिकारी और सीओ इंदिरापुरम अभय कुमार मिश्र ने बताया कि अशोक विहार निवासी मोहित ने लोनी थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उसका आरोप था कि लोन दिलाने के नाम पर साइबर अपराधियों ने उससे एक लाख 53 हजार रुपए की ठगी कर ली है। मोहित की शिकायत पर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई थी। इस प्रकरण में साइबर सेल द्वारा भी जांच की जा रही थी।

नोडल अधिकारी ने बताया कि पुलिस द्वारा दी गई ट्रांजेक्शन डिटेल के आधार पर खोजबीन की गई तो पता चला कि पैसा फर्जी बैंक खाते में ट्रांसफर कराया गया है। तीन आरोपियों को ट्रेस कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों की पहचान हर्ष विहार कॉलोनी हापुड़ निवासी संदीप कुमार व धर्मेंद्र कुमार तथा रायपुर कतौली बागूवाला बुलंदशहर निवासी नितिन कुमार के रूप में हुई है।

गिरफ्तार आरोपी अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर फोटोशॉप ऐप से फर्जी आधार कार्ड बना लेते थे। उसके जरिए फर्जी सिम लेते और बैंक खाता खुलवा लेते थे। इसके बाद लोगों को फोन करके इंडिया बुल धनी कंपनी से लोन दिलाने और नया क्रेडिट कार्ड बनवाने के नाम पर धोखाधड़ी करते थे।

### कूड़ा निस्तारण नहीं करने पर कंपनी पर लगा 2.13 लाख का जुर्माना

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण कूड़े के निस्तारण को लेकर सख्ती बरत रहा है। जिस पर प्राधिकरण के जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा कार्रवाई की गई। जिसके चलते मंगलवार को प्राधिकरण ने कूड़ा निरस्त नहीं करने पर एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी पर 2.13 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। प्राधिकरण ने 3 कार्य दिवस में जुर्माने की रकम को जमा करवाने के निर्देश दिए हैं। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण शहर को स्वच्छ बनाने के लिए पूर्ण प्रयास कर रहा है। जिसके चलते प्राधिकरण ने ठीक तरीके से कूड़ा का निस्तारण नहीं करने पर एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स पर 2.13 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है।

# इलेक्ट्रॉनिक वाहनों के लिए बढ़ेंगे चार्जिंग स्टेशन

## ग्रेनो प्राधिकरण ने कनवर्जेंसन एनर्जी सर्विसेज कंपनी से किया करार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



फाइल फोटो

ग्रेटर नोएडा में प्रदूषण को कम करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक वाहनों पर ज्यादा जोर डाला जा रहा है। अब इलेक्ट्रॉनिक वाहन चलाने वालों के लिए खुशी की खबर सामने आ रही है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को पेश बजट में इलेक्ट्रॉनिक वाहन को बढ़ावा देने के लिए इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन इंफ्रास्ट्रक्चर को लेकर बड़ा ऐलान किया है। सरकार जल्द राष्ट्रीय बैटरी स्वैपिंग नीति लागू करने जा रही है।

बता दें इस नीति में किसी भी इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल चालक को बैटरी चार्ज करने के लिए इंतजार नहीं करना होगा। वाहन चालक अपनी डिस्चार्ज बैटरी को किसी भी चार्जिंग पॉइंट पर फुल चार्ज बैटरी से बदल सकता है। इसको लेकर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और इलेक्ट्रॉनिक चार्जिंग स्टेशन लगाने वाली कंपनी कनवर्जेसन एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड के बीच में करार हो चुका है। यह कंपनी ग्रेटर नोएडा में इलेक्ट्रॉनिक वाहनों के चार्जिंग के लिए 100 चार्जिंग स्टेशन खोलेगी। इसके लिए ग्रेटर नोएडा में कहां पर चार्जिंग स्टेशन खोले जाएंगे, उसकी तलाश की जा रही है। खासतौर पर यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे इलेक्ट्रॉनिक वाहन चार्जिंग सेंटर खोले जाएंगे। इसके अलावा शॉपिंग मॉल, मल्टीप्लेक्स सेंटर और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर भी इलेक्ट्रॉनिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएंगे।

खासतौर पर इसके लिए एक वेबसाइट बनाई जाएगी। जिसमें सभी चार्जिंग स्टेशन के बारे में जानकारी होगी। इसके अलावा आप गूगल के माध्यम से भी चार्जिंग स्टेशन के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। अभी तक की मिली जानकारी के मुताबिक इलेक्ट्रिक वाहन को चार्जिंग के लिए शुल्क लगभग तय हो चुका है। लोटेंशन लाइन के लिए 4.5 रुपए प्रति यूनिट और हाईटेंशन लाइन के लिए 5 रुपए प्रति यूनिट की दर होगी। यह भारत में सबसे कम मूल्य है। इसी के साथ चार्जिंग सुविधा के आधार पर भी सर्विस चार्ज को जोड़ा जा सकता है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# तीन दशक बाद जूनियर पर्यावरण इंजीनियरों की नियुक्ति

## वायु और जल प्रदूषण से संबंधित मुद्दों को हल करना प्रमुख प्राथमिकता होगी : गोपाल राय

## वायु प्रदूषण, यमुना की सफाई, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन समेत अन्य पर्यावरणीय मुद्दों पर करेंगे काम



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

प्रदूषण के खिलाफ युद्ध में दिल्ली सरकार ने एक और कदम बढ़या है। उसने तीन दशक बाद 30 जूनियर पर्यावरण इंजीनियारों और 22 ग्रीन दिल्ली फेलो की तैनाती की है। इंजीनियर और फेलो सरकार के पर्यावरण प्रवर्तन और नियामक उपायों से जुड़े प्रयासों को मजबूती देंगे। सरकार के लिए पहले से ही यह उच्च प्राथमिकता पर हैं। राष्ट्रीय राजधाानी की हरित पहल में योगदान देने के लिए युवा ग्रीन फेलो सरकार द्वारा शुरू किए गए फेलोशिप कार्यक्रम का हिस्सा हैं जबकि जूनियर पर्यावरण इंजीनियर दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों के रूप में कार्य करेंगे। तैनात कर्मचारियों के लिए तीन दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि हरित दिल्ली फैलोशिप कार्यक्रम केजरीवाल सरकार द्वारा पर्यावरण को बेहतर करने के लिए युवा पेशेवरों के लिए शुरू की गई एक अनूठी पहल है।

युवाओं को भर्ती करके डीपीसीसी को और भी मजबूत किया गया है। पिछले लगभग 3 दशकों में पहली बार 30 जूनियर पर्यावरण इंजीनियर भर्ती किए गए हैं।

पर्यावरण मंत्री की सलाहकार रीना गुप्ता ने बताया कि पर्यावरण विभाग द्वारा की जा रही पहलों को ग्रीन दिल्ली फेलो बढ़ावा देंगे। फेलोशिप इन युवा पेशेवरों को एक्सपोजर भी प्रदान करेगी। पर्यावरण में बदलाव लाने के लिए अगले कुछ वर्षों तक साथ-साथ कार्य करेंगे। इससे उन्हें आने वाले समय में पर्यावरणविद् बनने में भी मदद मिलेगी।

वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में फेलो और इंजीनियर वायु प्रदूषण से लेकर यमुना की सफाई, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और अन्य पर्यावरणीय मुद्दों पर काम करेंगे।

ग्रीन फेलो इन कार्यों के बीच डेटा विश्लेषण, फील्ड वर्क, शोध आदि में भी सहयोग करेंगे। नई भर्तियां वन विभाग को भी मजबूत करेंगी और सरकार के वानिकी कार्यक्रमों में मदद करेंगी।

पर्यावरण और वन विभाग के प्रधान सचिव संजीव खिरवार, पर्यावरण मंत्री की सलाहकार रीना गुप्ता, डीपीसीसी के सदस्य सचिव डॉ केएस जयचंद्रन ने 3 दिवसीय ऑनलाइन ओरिएंटेशन कार्यक्रम के दौरान ग्रीन फेलो और जेईई को संबोधित किया। ओरिएंटेशन कार्यक्रम युवा प्रोफेशनल को पर्यावरण शासन, वायु प्रदूषण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान सहित अन्य विषयों से अवगत कराने के लिए डिजाइन किया गया था। सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च (सीपीआर), काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वॉटर (सीईईडब्ल्यू) और सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट (सीएसई) के विशेषज्ञों ने 3 दिवसीय कार्यक्रम के दौरान युवाओं को संबोधित किया।



## संक्षिप्त समाचार




निगम चुनाव की तैयारी को लेकर बैठक करते प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता।

### सीएम राधा कृष्ण मंदिर के तोड़े जाने पर चुप क्यों: आदेश

**नई दिल्ली।** प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने आरोप लगाया कि केजरीवाल सरकार को हिंदू विरोधी है। शालीमार बाग स्थित राधाकृष्ण मंदिर को स्थानीय आप विधायक वंदना कुमारी द्वारा मंदिर की जमीन अपने एनएजीओ को देने के लिए खुद खड़े होकर तोड़े जाने के बारे में गुप्ता ने कहा कि यह पहली बार नहीं हुआ है जब आप के विधायक या मंत्री द्वारा इस तरह का अपराध किया गया है बल्कि इसके पहले भी इस तरह की कई घटनाएं दिल्लीवासियों ने देखी हैं। चुनाव आते ही खुद को हनुमान भक्त बताने वाले केजरीवाल आखिर राधा कृष्ण मंदिर के तोड़े जाने पर चुप क्यों हैं? उन्हें दिल्लीवासियों और उन तमाम हिंदुओ को जवाब देना पड़ेगा जिनकी भवनओं को आहत किया है। साथ ही केजरीवाल सरकार को मंदिर का पुनर्निर्माण बिना कोई देरी किये करना चाहिए।

### पूर्वी निगम ने संपत्ति-कर भुगतान की तिथि बढ़ाई

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली नगर निगम ने संपत्ति-कर जमा कराने के लिए आम माफी योजना की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 15 फरवरी तक के लिए बढ़ा दिया है। इससे पहले इस योजना की अंतिम तिथि 31 जनवरी थी। इस योजना के अंतर्गत बकाया संपत्ति-कर जमा कराने पर ब्याज और जुर्माने पर 100 प्रतिशत की छूट दी जायेगी। पूर्वी दिल्ली के महापौर श्याम सुन्दर अग्रवाल ने बताया कि कोरोना संक्रमण के चलते फैसला लिया है। वहीं उत्तरी दिल्ली नगर निगम में स्थायी समिति के अध्यक्ष जोगी राम जैन ने बताया कि उत्तरी दिल्ली नगर निगम ने आम माफी योजना के पहले चरण की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2022 से बढ़ाकर 15 फरवरी 2022 कर दी है। उन्होंने बताया कि आम माफी योजना के पहले चरण में संपत्तिकरदाताओं को बकाया संपत्तिकर के एकमुश्त भुगतान पर ब्याज और जुर्माने में शत् प्रतिशत की छूट व मूल राशि पर 15 प्रतिशत की छूट दी जा रही है।

### जिम-स्पा खोलने का सीएम दे आदेश : रामवीर बिधूड़ी

**नई दिल्ली।** कोविड मामलों में कमी आने के बाद वीकेंड कर्फ्यू और दुकानों पर से ऑड इवेन हटाने के बाद जिम और स्पा तत्काल खोलने के लिए आदेश जारी करने की मांग की गई है। यह मांग दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने की है।बिधूड़ी ने कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से आग्रह किया है कि वह इस बारे में उपराज्यपाल अनिल बैजल को इस संबंध में तुरंत प्रस्ताव भेजें ताकि जिम और स्पा भी खोले जा सकें। बिधूड़ी ने सवाल किया है कि जब कोरोना के मामले काफी कम हो गए हैं तो लोगों की सेहत से जुड़े जिम और स्पा को खोलने के लिए दिल्ली सरकार ने अब तक प्रयास क्यों नहीं किए। उन्होंने कहा कि बाजारों से वीकेंड कर्फ्यू और ऑड-ईवन जैसी पाबंदियों को हटाया जा चुका है।

## डीयू के कॉलेजों में 4200 से अधिक तदर्थ शिक्षक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री सुभाष सरकार ने बुधवार को बताया कि दिल्ली विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेजों में कुल 4,267 तदर्थ शिक्षक कार्यरत हैं। राज्यसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में उन्होंने ने यह जानकारी दी।

सरकार की ओर से साझा किए गए आंकड़ों के मुताबिक सबसे अधिक 137 तदर्थ शिक्षक रामजस कॉलेज में है। इसके बाद वेंकटेश्वरा कॉलेज में 131, देशबंधु कॉलेज में 127 और कालिंदी कॉलेज में 120 तदर्थ शिक्षक हैं। सुभाष सरकार ने कहा, विभिन्न कॉलेजों व संस्थानों में शिक्षण स्टाफ की नियुक्ति कॉलेजों के शासी निकाय द्वारा विश्वविद्यालय के एक अध्यादेश के तहत एक चयन समिति की सिफारिश पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग विनियम 2018 में निर्धारित पात्रता मानदंडों के अनुरूप की जाती है। यूजीसी विनियम, 2018 में अस्थायी, तदर्थ शिक्षकों की सेवाओं को स्थायी आधार पर नियमित करने का कोई प्रावधान नहीं है।

## बजट में मिले 4,710 करोड़, आरआरटीएस को मिलेगी गति

- एनसीआर में रीजनल कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए किए गए आवंटित

**संजय राय।** नई दिल्ली



राजधानी में रैपिड रेल परियोजना का काम अब और रफ्तार पकड़ेगा। केंद्र सरकार ने इसके लिए वित्त वर्ष 2022-23 के बजट में देश के पहले रीनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम को गति देने के लिए 4,710 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है।

वर्तमान में 82 किलोमीटर लंबे आरआरटीएस कॉरिडोर यानी दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ कॉरिडोर का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। इस आरआरटीएस कॉरिडोर में दो डिपो और एक स्टेबलिंग यार्ड समेत 25 स्टेशन बनने है। रैपिड रेल परियोजना पर 14 हजार से अधिक मजदूर और 11 सौ इंजीनियर दिन-रात काम कर रहे हैं। कोविड-19 महामारी की चुनौतियों के बावजूद, परियोजना की प्रगति तय समय सीमा के अनुसार चल रही है। अब तक कॉरिडॉर के लगभग 16 किलोमीटर वायडक्ट, 12 सौ पिलर और लगभग दस हजार फाउंडेशन पाइल्स की कंक्रीटिंग की जा चुकी है। कॉरिडोर के एलिवेटेड हिस्से के लगभग 56 किमी के लिए फॉउंडेशन का काम पूरा हो चुका है।

साहिबाबाद से दुहाई के बीच 17 किमी की प्रायोरिटी सेक्शन पर फॉउंडेशन और पिलर निर्माण के साथ-साथ वायडक्ट का काम भी तेजी से किया जा रहा है। प्रायोरिटी सेक्शन की शुरुआत मार्च 2023 तक होनी है। कोशिश है कि इसका ट्रायल रन इसी वर्ष शुरू कर दिया जाए। वर्ष 2025 तक पूरा कॉरिडोर आम लोगों के लिए खोल दिया जाएगा। परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक विनय कुमार सिंह के अनुसार, गतिशक्ति मास्टर प्लान के अनुरूप एनसीआर में रीजनल क्षेत्र में गतिशीलता को नया आयाम देने के लिए सरकार बुनियादी ढांचे में रणनीतिक निवेश कर रही है। आरआरटीएस के लिए आवंटन में निरंतर प्राथमिकता, महामारी के प्रभाव के बाद सरकार की आर्थिक पुनरुद्धार को गति प्रदान करने के दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। सिंह के मुताबिक काम की गति और पूंजीगत व्यय पर महामारी के प्रभाव के बावजूद, वह अपने भागीदारों और अन्य हितधारकों के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## कस्तूरबा नगर गैंगरेप मामले की जांच करेगी एसआईटी

- डीसीडब्ल्यू प्रमुख मालीवाल ने पीड़िता को तत्काल सुरक्षा देने की मांग उठाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

कस्तूरबा नगर गैंग रेप मामले की जांच के लिए दिल्ली पुलिस ने 12 आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ एसआईटी का गठन किया है।

वहीं डीसीडब्ल्यू अध्यक्षा स्वाति मालीवाल ने दिल्ली पुलिस से पीड़िता और उसके परिवार को तत्काल सुरक्षा देने को कहा है। कस्तूरबा नगर की घटना के बाद स्वाति मालीवाल ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर पीड़िता को तत्काल सुरक्षा देने और दरिंदगी भरे कृत्य में शामिल सभी लोगों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की थी। जिसके बाद दिल्ली पुलिस ने नाबालिगों समेत 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया और मामले की आगे जांच के लिए एसआईटी का गठन किया है। लेकिन पीड़िता और उसके परिवार की सुरक्षा के लिए किए जा रहे उपायों का ब्योरा दिल्ली पुलिस द्वारा आयोग अभी तक प्रदान नहीं किया गया है।

पीड़िता को तुरंत मदद पहुंचाने के लिए मालीवाल ने उससे मुलाकात की थी, जिसमें पीड़िता ने आरोपियों की आपराधिक पृष्ठभूमि को देखते हुए अपनी और अपने परिवार वालों के जीवन के लिए खतरा व्यक्त किया था। हाल ही में पीड़िता की छोटी बहन को भी प्रताड़ित किया गया जिस मामले में पुलिस ने एफआइआर भी दर्ज की है।



## खुले नाले के मामले में रिपोर्ट सौंपे समितिः एनजीटी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने एक समिति का गठन किया है और यहां वसंत कुंज क्षेत्र में एक रुके हुए खुले नाले के कारण स्वास्थ्य खतरे के संबंध में एक याचिका पर रिपोर्ट मांगी है।

न्यायमूर्ति बृजेश सेठी और विशेषज्ञ सदस्य ए सेंथिल वेल की पीठ ने आवेदक की शिकायत पर गौर करने के लिए दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति, नगर आयुक्त-दक्षिण दिल्ली नगर निगम और जिला मजिस्ट्रेट-के अधिकारी को मिलाकर समिति का गठन किया। पीठ ने कहा कि संयुक्त समिति एक महीने के भीतर बैठक कर सकती है और मौके का मुआयना कर सकती है।

## लालकिला रोडरेजः गोली चलाने वाले 3 गिरफ्तार

- बाइक टकराने के बाद हुई थी बहस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

लाल किला इलाके के समीप अंगूरी बाग में रोडरेज की घटना में लोगों पर गोलियां चलाने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने बुधवार को बताया कि गोलीबारी में तीन घायल हुए थे लेकिन अब उनकी हालत खतरे से बाहर है। उन्होंने बताया कि आरोपी की पहचान शहजादा फरीद (30), शादाब (31) और शाहबाज उर्फ बादशाह (30) के रूप में की गई है और सभी उत्तरपूर्वी दिल्ली के न्यू सीलमपुर के चौहान बांगर के रहने वाले हैं। यह घटना सोमवार रात को हुई जब शाहिद अपनी पत्नी के साथ मोटरसाइकिल पर घर जा रहा था और एक स्कूटर ने दुर्घटनावश उन्हें टक्कर मार दी। स्कूटर पर दो आरोपी सवार थे। पुलिस ने बताया कि शाहिद की मोटरसाइकिल को मामूली नुकसान पहुंचा तो उसने आरोपियों से उसकी मरम्मत कराने के लिए कहा और इसके बाद उनके बीच बहस शुरू हो गई। जैसे ही स्थानीय लोग इकट्ठा होने लगे तो शादाब ने पिस्तौल निकाल ली और एक गोली हवा में तथा चार गोली जनता पर चलायी।

उन्होंने बताया कि घटना में आबिद, अमन और दिलफराज के पैर, जांघ और पीठ में चोटें आयी तथा उनका इलाज चल रहा है। इनमें से आबिद, शाहिद का भाई है। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) सागर सिंह कलसी ने बताया कि आरोपियों पर भारतीय दंड संहिता की धारा 307 (हत्या का प्रयास) तथा शस्त्र कानून के तहत मामला दर्ज किया गया है। हमारे दल बाकी के साथियों को पकड़ने के लिए छापे मार रहे हैं। आरोपियों के पास से एक देसी पिस्तौल, एक मोबाइल फोन तथा दो दुपहिया वाहन बरामद किए गए हैं। घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गयी जिससे आरोपियों की पहचान करने तथा घटनाक्रम पता लगाने में मदद मिली।

## एनडीएमसी नया आधुनिक पशु अस्पताल बनाएगा

- आवारा व पालतू पशुओं को एक छत के नीचे मिलेगी चिकित्साः उपाध्याय



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आवारा पशुओं के साथ पालतू जानवरों के लिए एक ही छत के नीचे सभी चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से एनडीएमसी नई दिल्ली के मोती बाग में बिधान चंद्र विद्यालय में सभी अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ एक नया आधुनिक पशु चिकित्सा अस्पताल विकसित करेगा।

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने कहा कि पशुओं के इलाज के लिए अस्पताल का मौजूदा भवन 60 वर्ष पुराना है, जिसके रखरखाव की आवश्यकता के साथ ही आधुनिक सुविधाओं व उपकरणों का भी अभाव है।

नई दिल्ली क्षेत्र के पशु प्रेमियों की लगातार मांग को देखते हुए, एनडीएमसी ने नई साइट पर सभी अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस एक नया पशु चिकित्सा अस्पताल विकसित करने का निर्णय लिया है। उपाध्याय ने बताया कि भवन का निर्माण आरसीसी भूकंप प्रतिरोधी फ्रेम संरचना में दो मंजिला 420 वर्ग सेमी के कुल भूखंड क्षेत्र में किया जाएगा।

## महिला पर चाकू से हमला करने वाला गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

बाहरी दिल्ली के राज पार्क इलाके में सब्जी खरीद रही 45 वर्षीय महिला पर हमला करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

छानबीन में पता चला कि गाजियाबाद स्थित एक गांव के निवासी आरोपी कमल ने महिला से बदला लेने के लिए हमला किया था क्योंकि उसे लगता था कि महिला के कारण उसकी लिव-इन-पार्टनर उसे छोड़कर चली गई। पुलिस ने बताया कि गत सोमवार को जानकारी मिली थी कि एक महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जो कथित हमले में घायल हुई है। पूछताछ में पता चला पीड़िता सब्जी खरीदने सुल्तानपुरी की सब्जी मंडी गई थी। इसके बाद अपने बेटे को फोन पर बताया कि वह घायल है और अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। बेटे के बयान के आधार पर हत्या की कोशिश का मामला दर्ज किया गया।

## हर वार्ड के एक पार्क में लगेंगी एक्यूप्रेशर टाइल्सः महापौर

- स्वास्थ्य के साथ लोग कर सकेंगे सैर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

पूर्वी दिल्ली के महापौर श्याम सुंदर अग्रवाल ने कहा कि पूर्वी दिल्ली नगर निगम के हर वार्ड के एक पार्क में एक्यूप्रेशर टाइल्स लगाई जाएंगी।

अग्रवाल ने कहा कि इस संबंध में जरूरी योजना बना ली गई है।

महापौर ने कहा कि एक्यूप्रेशर टाइल्स पर चलने से लोगों को स्वास्थ्य संबंधी लाभ होगा। अग्रवाल ने कहा कि एक्यूप्रेशर पॉइंट पर दबाव आने से लोगों को रक्तचाप व अन्य जीवनशैली संबंधी बीमारियों में लाभ होगा।

महापौर ने कहा कि एक्यूप्रेशर टाइल्स पर चलने से आम लोग बिना किसी खर्च के स्वास्थ्य लाभ ले सकेंगे और साथ-साथ वे सैर का आनंद भी ले सकेंगे। महापौर ने कहा कि पूर्वी दिल्ली नगर निगम सीमित संसाधनों के बावजूद आम लोगों के हितों के लिए अधिकतम प्रयास कर रहा है। ज्ञात हो नगर अपने पार्कों को लगातार आधुनिक बनाने में लगा है। सुबह के सैर के स्वास्थ्य का भी बेहतर प्रबंधन हो सके इसके लिए लगातार प्रयास जारी है।



## आधुनिक सुविधाओं से लैस निगम का डिजिटल विद्यालय

### क्लासरूम में टैबलेट, एलइडी, एडवांस पोडियम, इंटरनेट के माध्यम से बच्चों को पढ़ाया जाएगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दक्षिणी निगम द्वारा अपने पहले पूर्णत: डिजिटल विद्यालय का शुभारंभ किया गया। शिक्षा समिति की अध्यक्षा नीतिका शर्मा द्वारा इस विद्यालय का उद्घाटन किया गया।

नजफगढ़ जोन के द्वारका सेक्टर -3 प्राथमिक विद्यालय को सार्ड एनजीओं के सहयोग से डिजिटल बनाया गया है और इस विद्यालय में सभी प्रकार की अत्याधुनिक व नवीनतम सुविधाएं उपलब्ध है।

इस विद्यालय के क्लास रूम में टैबलेट, एलइडी, एडवांस पोडियम, इंटरनेट के माध्यम से बच्चों को पढ़ाया जाएगा। इसके अतिरिक्त क्लासरूम में स्मार्ट टीवी, माइक व चार्जिंग पोइंट आदि की आधुनिक सुविधाए उपलब्ध है। विधार्थियों व शिक्षकों के लिये सभी टैब में 16 ई-कंटेट बनाकर अपलोड़ किया गया है। शिक्षा समिति की अध्यक्षा नीतिका शर्मा ने बताया कि इस प्रयास से कंप्यूटर और प्रोद्यौगिकी के माध्यम से बेहतर शिक्षा प्रदान की जायेगी। शिक्षक भी ई-कंटेंट के माध्यम से बच्चों को कठिन विषयों को सरल और रोचक तरीके से पढ़ा सकेंगे और शिक्षा एवं आंकलन पद्धति को सुदृढ़ बना सकेंगे। इस पहल से हमने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 'डिजीटल इण्डिया मिशन' को आगे बढ़ाया है।

उन्होंने छात्रों और शिक्षकों से अपील की कि वे आधुनिक तकनीकों का अधिकतम उपयोग करें और शिक्षा के स्तर में उल्लेखनीय सुधार लाएं। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि निगम के अन्य विद्यालयों को भी डिजिटल बनाया जाये दक्षिणी निगम द्वारा सार्ड एनजीओं के सहयोग से एक वैन जिसमें 150 टैब और एक शिक्षक होगा उसे क्षेत्रों में भेजा जायेगा, ताकि जो विद्यार्थी स्कूल नही आ पा रहे है वे भी शिक्षित हो सके।




## सुबह के समय छाया हल्का कोहरा, वायु गुणवत्ता बेहद खराब

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार सुबह हल्का कोहरा रहा और न्यूनतम तापमान 11.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो मौसम के औसत तापमान से तीन डिग्री कम है। आईएमडी ने कहा कि सुबह साढ़े सात बजे सफदरजंग वेधशाला में दृश्यता 400 मीटर, वहीं पालम वेधशाला में दृश्यता 500 मीटर दर्ज की गई। दिल्ली में बुधवार को वायु गुणवत्ता 'बेहद खराब' श्रेणी में रही।

वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 341 था, वहीं फरीदाबाद में एक्यूआई 283 , गाजियाबाद में 356, ग्रेटर नोएडा में 216, गुरुग्राम में 274 और नोएडा में एक्यूआई 327 रहा।

हल्का कोहरा छाए रहने और अधिकतम तापमान के 21 डिग्री रहा है। सुबह साढ़े आठ बजे सपेक्षिक आर्द्रता 93 प्रतिशत रही।

## 'आयुष सीजीएचएस डिस्पेंसरी बढ़ाए जाने की जरूरत'

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो मुश्ताक अहमद ने केन्द्रीय बजट में आयुष मंत्रालय के बजट में वृद्धि किए जाने पर खुशी का इजहार किया है।

उनका कहना है कि बजट में वृद्धि होने से भारतीय चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देने में बल मिलेगा और इसका सीधा फायदा इस पद्धति पर विश्वास करने वाले करोड़ों भारतीयों को मिलेगा।

प्रो मुस्ताक अहमद ने कहा है कि सीजीएचएस डिस्पेंसरी की संख्या को बढ़ाए जाने की जरूरत है। साथ ही सीसीआरयूएम में रिक्त पड़े पदों पर भर्ती किए जाने की भी जरूरत है। गाजियाबाद में बनाए बनाए जा रहे नेशनल इंस्टिट्यूट आफ यूनानी मेडिसिन के निर्माण कार्य में तेजी लाने और वहां पर अस्पताल का संचालन शुरू करने की भी जरूरत है। उनका कहना है कि अस्पताल को शुरू करने के लिए स्टाफ की नियुक्ति किए जाने का सिलसिला भी शुरू किया जाना चाहिए।

उन्होंने हरियाणा के पलवल में नेशनल इंस्टिट्यूट के निर्माण कार्य में तेजी लाने पर भी बल दिया है। ज्ञात हो कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आयुष मंत्रालय में शोध को बढ़ावा देने तथा पूर्वोत्तर क्षेत्रों में आयुष के विकास पर खास जोर देने के लिए आयुष मंत्रालय को 3050 करोड़ का बजट आवंटित किया है। पिछले वित्तीय वर्ष के लिए यह करीब 2660 करोड़ था। उल्लेखनीय है कि पिछले सात वर्षों में आयुष के बजट में करीब चार गुना बढ़त हुई है।

# विकास के नाम पर प्रकृति के साथ खिलवाड़ न करें : मनोहर लाल

## होम स्टे पॉलिसी से आर्द्र भूमि के आसपास के ग्रामीण होंगे लाभांवित

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम





गुरुग्राम के सुल्तानपुर नेशनल पार्क में वर्ल्ड वेटलैंड डे ( विश्व आर्द्रभूमि दिवस ) के अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय समारोह में बोलते मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर। गुरुग्राम के सुल्तानपुर नेशनल पार्क में बनाए गए इंटरप्रेटेशन सेंटर का अवलोकन करते हुए।किया।

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने कहा कि विकास के नाम पर प्रकृति के साथ खिलवाड़ न करें। तभी भावी पीढ़ियों को अच्छा पर्यावरण मिल पाएगा। उन्होंने वर्ल्ड वेटलैंड डे के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज का दिन संकल्प लेने का दिवस है। क्योंकि प्रकृति की गोद में ही हम सबका विकास है। वे बुधवार को वर्ल्ड वेटलैंड डे (विश्व आर्द्रभूमि दिवस) के अवसर पर गुरुग्राम के सुल्तानपुर नेशनल पार्क में आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय समारोह में बोल रहे थे। समारोह में केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव मुख्य अतिथि थे।

उन्होंने कहा कि प्रकृति केवल मनुष्य के लिए ही नहीं है, बल्कि इस पर सभी पक्षियों, जीवों का भी अधिकार है, इसलिए सभी समन्वय करके चलेंगे तो अच्छा होगा। हरियाणा में होम स्टे पॉलिसी बन गई है। इस पॉलिसी के बनने से आर्द्र भूमि सुल्तानपुर तथा भिंडावास के आसपास के गांवों के लोग सहभागी बनेंगे तो इन स्थलों पर आने वाले पर्यटक ग्रामीण दर्शन का लाभ भी ले पाएंगे और इससे आसपास के लोगों को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे।

मुख्यमंत्री ने प्रकृति संरक्षण में लगी संस्थाओं का आभार जताते हुए कहा कि हमने हरियाणा में पेड़ों को प्राणवायु देवता कहा है। कोरोनाकाल में आई ऑक्सीजन की कमी को देखते हुए वन लगाने का निर्णय लिया, जिन्हें ऑक्सी वन का नाम दिया गया है। साथ ही 75 वर्ष से ज्यादा आयु के पेड़ जैसे बड़, पीपल, पिलखन आदि का रख-रखाव करने वाले व्यक्ति के लिए सालाना 25 सौ रुपये पेंशन का भी प्रावधान किया है।

### हर साल विश्वभर से पहुंचते हैं 50 हजार पक्षी

**उन्होंने** बताया कि सुल्तानपुर नेशनल पार्क में हर वर्ष सौ से ज्यादा प्रजातियों के लगभग 50 हजार पक्षी विश्व के अलग-अलग देशों से यहां पहुंचते हैं। भिंडावास में 80 से ज्यादा प्रजातियों के लगभग 40 हजार पक्षी हर वर्ष आते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पक्षी और जीव-जंतु पानी की सफाई करते हैं। भूमि को छिद्रदार बनाने में सहायक होते हैं, लेकिन रासायनिक खादों व कीटनाशक के प्रयोग से भूमि को उपजाऊ बनाने वाले कीड़े जैसे केंचुए व अन्य मित्र जीव-जंतु व पक्षी खत्म हो गए हैं। मिट्टी की परत सख्त हो गई है। यही वजह है कि हरियाणा में लगभग आठ लाख एकड़ जमीन जलभराव के अंतर्गत आ गई है।

### तालाबों का किया जाएगा उद्धार

**मुख्यमंत्री** ने आम बजट में रासायनिक खादों के प्रयोग को कम करने व प्राकृतिक खेती पर ध्यान देने का प्रावधान करने के लिए प्रधानमंत्री तथा वित्त मंत्री का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने यह भी कहा कि हरियाणा में लगभग 18 हजार तालाब हैं, जिनमें से छह हजार तालाब खराब स्थिति में हैं। इनमें से 19 सौ तालाबों का इस वर्ष तथा 25 सौ तालाबों का अगले वर्ष जीर्णोद्धार किया जाएगा। इसके लिए प्रदेश में पोंड एंड वेस्ट वाटर मैनेजमेंट अथोरिटी बनाई गई है।

# केन्द्रीय बजट जैसा ही समावेशी होगा हरियाणा का बजट : मनोहर लाल

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

## सीएम मनोहरलाल, तावड़े और प्रदेश अध्यक्ष धनखड़ ने एक साथ बैठकर सुना प्रधानमंत्री का उद्बोधन

**भाजपा** शासित केंद्र सरकार के 10वें आम बजट के दूसरे दिन आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वर्चुअल रैली को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े और प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने यहां भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में एक साथ बैठकर सुना।

प्रधानमंत्री द्वारा आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था पर दिए गए उद्बोधन को सुनने के लिए यहां प्रदेश और जिले के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। सभी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन द्वारा प्रस्तुत बजट की सराहना करते हुए आत्मनिर्भर भारत में अपनी भूमिका भी तय करने और उसे निभाने का संकल्प लिया। प्रधानमंत्री मोदी के भाषण के बाद मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष ने भी कार्यकर्ताओं का मार्ग दर्शन किया। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि मंगलवार को संसद में प्रस्तुत केंद्र सरकार का आम बजट सभी वर्गों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। यह बजट दूरगामी सोच के साथ बनाया गया है। हरियाणा द्वारा अपनाई गई अनेक योजनाओं और दिए गए अनेक सुझावों का भी केंद्रीय बजट में समावेश किया गया है, जो हरियाणा के लिए बड़ी बात है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नरेंद्र मोदी जी की दूरदर्शिता को दर्शाने वाला बजट है। अमृत काल में प्रस्तुत बजट समावेशी है। मनोहरलाल ने कहा कि हरियाणा में भी आने वाले दिनों में जो बजट प्रस्तुत किया जाएगा, वह भी सभी वर्गों को ध्यान में रखकर और व्यवस्था को मजबूत करने के लिए होगा। हरियाणा सरकार भी अपने बजट में इस बात पर पूरा फोकस रखेगी कि गरीब का कल्याण कैसे हो ? जिनकी आय एक लाख सालाना से कम है, उनकी आय को डबल करने पर कार्य किया जाएगा। मुख्यमंत्री ग्राम उत्थान योजना के तहत लगने वाले कैम्प्स का दूसरा चरण जल्दी ही शुरू करेंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि कोरोना से राहत मिलने के बाद मार्च में दूसरा चरण शुरू हो जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### अब जीयू में अकादमिक सहयोग व अनुसंधान को मिलेगा बढ़ावा



**गुरुग्राम।** कुलपति प्रो. दिनेश कुमार और कुलपति डॉ. राज नेहरू की अध्यक्षता में गुरुग्राम विश्वविद्यालय गुरुग्राम और जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए फरीदाबाद के बीच एमओयू साइन किया गया। गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलसचिव शशि भूषण भारती एवं वाईएमसीए फरीदाबाद के कुलसचिव डॉ. सुनील गर्ग ने अनुबंध पर हस्ताक्षर किए । इस एमओयू के तहत आपसी संवर्धन के उद्देश्य से स्टाफ एक्सचेंज को लागू किया जाएगा। जिससे आपसी समझ अकादमिक सहयोग और अनुसंधान को बढ़ावा मिलेगा। स्कोलर एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत शिक्षा में गुणात्मक सुधार होगा। इससे विद्यार्थियों के कौशल को निखारने में मदद मिलेगी। दोनों पक्ष आपसी सहयोग के माध्यम से छात्रों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य करेंगे। दोनों पक्षों के शिक्षकों की भागीदारी के साथ पारस्परिक हित के विषयों पर संगोष्ठियों, सम्मेलनों, कार्यशालाओं और अल्पकालिक सतत शिक्षा कार्यक्रमों का संयुक्त रूप से आयोजन किया जाएगा।

### पुलिस ने सटोरियों को किया गिरफ्तार

**सोहना।** सीआईए पांच पुलिस ने शहर के तिकोना पार्क पर दुकान के बाहर से सट्टे की खाईबाड़ी सहित युवक को गिरफ्तार किया है। तलाशी में तीन हजार रुपये की नकदी बरामद की है। मंगलवार की शाम को सीआईए पांच पुलिस में तैनात हवलदार विनोद को गश्त के दौरान सूचना मिली कि तावडू जाने वाले पर बना तिकोना पार्क के पास सट्टा खिलाया जा रहा है। शहर की बांध कॉलोनी निवासी हरिओम पार्क पास दुकान के बाहर खड़ा है। वह जोरजोर से आवाजें लगाकर लोगों को सट्टा लगाने के लिए कह रहा है। हवलदार विनोद ने मौके पर पहुंच और हरिओम को गिरफ्तार कर लिया। जिसके पास से तलाशी के दौरान 3020 की नकदी बरामद की। यह नकदी गिनती के अलग-अलग अंकों पर लगाई गई थी। पुलिस ने कागज पर लिखे सट्टे के नंबर सहित नकदी को कब्जे में ले लिया। फोटो नंबर-06: बुधवार को वर्चुअल रैली में बोलते पीएम नरेन्द्र मोदी व गुरुग्राम स्थित भाजपा कार्यालय में उपस्थित भाजपा नेता और कार्यकर्ता।

### वर्चुअल दिखाया जाएगा हरियाणा का बजटः ओमप्रकाश धनखड़



**गुरुग्राम।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि संभवत: इसी माह के अंत में जब भी हरियाणा का बजट आएगा तो उसे वर्चुअल माध्यम से प्रदेश के कार्यकर्ताओं को लाइव दिखाने के प्रबंध किए जाएंगे। धनखड़ के इस सुझाव को मुख्यमंत्री ने भी सराहा। यह बात उन्होंने बुधवार को यहां पार्टी कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वर्चुअली उद्बोधन सुनने के बाद कही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल, भाजपा प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े भी उपस्थित रहे। ओमप्रकाश धनखड़ ने कार्यकर्ताओं को कहा कि सभी कार्यकर्ता मोदी सरकार द्वारा प्रस्तुत आत्मनिर्भर बजट को अच्छे से समझ कर इसके लाभ आम जनता को बताएं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को कहा कि बजट के मुख्य बिंदुओं लोगों के घर-घर जाकर और वर्चुअली माध्यमों से समझाने का काम करें। क्योंकि यह आगामी 25 सालों के विकास को ध्यान में रखकर बनाया गया बजट है। प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि हरियाणा बहुत से मामलों में देश के अन्य राज्यों से आगे रहता है। प्रधानमंत्री खुद कई बार हरियाणा के बारे में बोलते हैं कि हरियाणा अनेक मामलों में लीड करता है। धनखड़ ने उम्मीद जताई कि हर कार्यकर्ता आगे बढ़कर मोदी सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट की बातों को समझ कर लोगों तक पहुंचाने का काम करेगा। इस अवसर पर प्रदेश के संगठन मंत्री रविंद्र राजू, पूर्व सांसद सुधा यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष जीएल शर्मा, जिलाध्यक्ष गार्गी कक्कड़, जवाहर यादव, प्रदेश मंत्री समय सिंह भाटी, विधायक सत्यप्रकाश जरावता, बोधराज सिकरी, पूर्व विधायक बिमला चौधरी, कल्याण सिंह चौहान, प्रवक्ता सूरजपाल अम्मू, आईटी प्रमुख अरुण यादव, अनिल यादव, महेश यादव आदि सहित अनेक पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री का उद्बोधन सुना।

### नेशनल वेटलैंड डे पर एटलस का हुआ विमोचन



**गुरुग्राम।** बुधवार को वर्ल्ड वेटलैंड डे के अवसर पर गुरुग्राम के सुल्तानपुर नेशनल पार्क में राष्ट्रीय स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नेशनल वेटलैंड एटलस का भी विमोचन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव, मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शिरकत की। स्पेस एप्लीकेशन सेंटर अहमदाबाद द्वारा तैयार की गई इस एटलस में वर्ष 2011 से वर्ष-2021 तक वेटलैंड में हुए बदलावों को समायोजित किया गया है। नेशनल वेटलैंड पर तैयार की गई एटलस का यह दूसरा संस्करण था। पहला संस्करण वर्ष-2011 में लांच किया गया था। इसके साथ-साथ हरियाणा वन विभाग व वन्य जीव विभाग द्वारा तैयार की गई बर्ड कॉफी टेबल बुक रिलीज की गई। इसके अलावा हरियाणा के प्रथम रामसर स्थलों सुल्तानपुर व भिंडावास की विवरणिका के साथ खिजाड़िया तथा बाखिरा वन्य जीव विहार की विवरणिका भी जारी की गई। इस मौके पर सुल्तानपुर नेशनल पार्क, भिंडावास वन्य प्राणी विहार तथा अरावली बायोडायवर्सिटी पार्क पर डॉक्यूमेंट्री भी प्रदर्शित की गई।

# सर्व समावेशी और देश की आकांक्षाओं का है बजट : जीएल शर्मा



**गुरुग्राम।** आम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया में हरियाणा भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष जीएल शर्मा ने कहा कि यह बजट देश की आकांक्षाओं और आशाओं के अनुरूप है। संकट से जूझते हुए चुनौतियों के बीच सुधार केंद्रीत और भविष्य के निवेश का बजट केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पेश किया है।

जीएल शर्मा ने कहा कि इस बजट किसानों के साथ ही उद्योगों को बड़ी राहत दी गई है। देश में इंफ्रास्ट्रेक्कचर बढ़ेगा तो जाहिर तौर पर हर क्षेत्र में तरक्की होगी। रोजगार भी बढ़ेगा, निवेश भी बढ़ेगा और सरकार का राजस्व भी बढ़ेगा। बढ़े राजस्व को आमजन के हित की योजनाओं पर खर्च किया जा सकेगा। संकट के समय चुनौतियों का सामना करते हुए देश की उम्मीदों का बजट पेश हुआ है। बजट में चार प्राथमिकताओं का जिक्र किया, जिसमें समावेशी विकास, उत्पादकता को बढ़ाना, ऊर्जा और निवेश को बढ़ाने के साथ आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लक्ष्य की ओर बढ़ना है। इस बजट में अगले 25 वर्ष का रोडमैप तैयार किया गया है।

# केन्द्र सरकार का वार्षिक बजट मिलाजुला रहा

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

**केन्द्र** सरकार के इस बजट को क्षेत्र के कारोबारियों से लेकर मजदूर वर्ग ने मिला जुला करार दिया है। विरोध पार्टियों ने मजदूर वर्ग व किसान विरोधी बजट करा दिया है। वहीं सत्ताधारी पार्टी के पक्षधर नेताओं ने दूरदर्शिता का बजट बताया है।

मंगलवार को वित्तमंत्री निर्मला सीतामरण द्वारा आम बजट पेश किया गया। सरकार के इस वार्षिक बजट पर सत्ता पक्ष और विपक्षी पार्टियों के नेताओं से लेकर आम लोगों ने मिलाजुला बताया है। सत्ता पक्ष के क्षेत्रीय नेता आर्थिक स्थित को मजबूत होने पर देश का विकास करना आसान मान रहे हैं। वहीं विरोधी पार्टियों के नेता गरीब व मध्यमवर्गीय लोगों को खाली हाथ बता रहे हैं।



**केन्द्र** सरकार को इस बजट के माध्यम से देश की आर्थिक स्थित को मजबूत करना है। जिसे 25 वर्ष आगामी योजना के आधार पर पीडीपी व्यवस्था को मजबूत करना है। डिजिटल पर जोर देते हुए पारदर्शिता पर जोर दिया है। किसानों को वार्षिक आर्थिक सहायता राशि बढ़ाते हुए हौंसला देने का काम किया है।

**हरीश नन्दा, भाजपा नेता**



**केन्द्र** सरकार के वार्षिक बजट में छोटं किसानों के लिए अधिक मददगार नहीं है। क्योंकि छोटे किसान के पास ऑर्गिनिक कृषि पैदावार करने के लिए कम से कम दो से तीन वर्ष तक आर्थिक स्थिति मजबूत होने चाहिए। जिससे वह ऑर्गिनिक कृषि का लाभ मिलने तक अपने परिवार की आर्थिक स्थित को चला सकें। टैक्स में बढ़ोत्तरी न करना भी मध्यम वर्गीय कारोबारी के लिए बजट से कोई लाभ नहीं है। केन्द्र सरकार के बजट का लाभ मजदूर, गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार व कारोबारी के लिए किसी प्रकार की सहायता नहीं मिलने से निराशाजनक है।

**– बलबीर सिंह, समाजसेवी**



**केन्द्र** सरकार के वार्षिक बजट में कृषि पैदावार को बढ़ावा देने के नाम पर देश के किसानों से छलाव का काम किया है। आम लोगों को जरूरत की वस्तुओं पर किसी प्रकार की आर्थिक सहायता नहीं दी गई। रसोई गैस-सिलेंडर की कीमतों में किसी प्रकार की छूट न देकर मंदी के दौर में गरीब और मजदूर नागरिकों को कोई लाभ नहीं है। किसानों को इससे किसी प्रकार की मदद नहीं है। केवल बड़े किसानों को सहायता देने का काम किया है। यह बजट को राजनीति से प्रेरित होकर पास किया है।

**–सतबीर पहलवान, कांग्रेस नेता**

# गुरुग्राम में ओमिक्रोन के 21 व कोरोना के 949 केस मिले

**गुरुग्राम।** जिले में बुधवार को कोविड के नए वेरिएंड ओमिक्रोन के 21 और कोरोना के 949 केस आए। वहीं चार लोगों की मौत भी हुई। 1186 लोग ठीक भी हुए। इस तरह से अब जिले में 5728 सक्रिय केस रह गए हैं।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी कोरोना बुलेटिन के अनुसार बुधवार को जिला में 1186 लोग कोरोना को हराकर स्वस्थ हुए। पिछले 24 घंटे में 7242 लोगों के सेंपल टेस्टिंग के दौरान जिला के 949 नागरिकों में इस महामारी की पुष्टि हुई है। गुरुग्राम जिला में अब तक 2 लाख 43 हजार 434 व्यक्ति कोरोना से जंग जीतकर स्वस्थ हो चुके हैं। अब जिला में 5728 मरीज एक्टिव हैं, जिनमें से 5613 होम आइसोलेशन में रहकर स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। जिला में व्यापक स्तर पर चलाये जा रहे टेस्टिंग अभियान के तहत अब तक 26 लाख 15 हजार 365 टेस्ट करवाए जा चुके हैं। जिनमें से 23 लाख 57 हजार 993 नेगेटिव आए हैं।

# सरकार का हर निर्णय देश के हर नागरिक के हित में : सुंदर लाल

## पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिला संयोजक ने बजट पर दी प्रतिक्रिया

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



सुंदर लाल यादव।

**भाजपा** पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिला संयोजक एवं सरपंच एसोसिएशन के ब्लॉक गुरुग्राम अध्यक्ष सुंदर लाल यादव ने बजट पर प्रतिक्रिया में कहा कि सरकार ने शहरी से लेकर ग्रामीण स्तर पर सुविधाएं देने का काम किया है। जमीन से आसमान तक देश को मजबूत बनाने पर अहम निर्णय लिए गए हैं। हर घर नल से जल योजना पर 60 हजार करोड़ रुपये का बजट की घोषणा आम आदमी को राहत देने वाली है।

यादव ने कहा कि सरकार का हर कदम, हर निर्णय देश के हर नागरिक के लिए है। वित्त मंत्री द्वारा पेश किए गए बजट में मजबूत भारत की झलक है। यह बजट सरकार की दूरदर्शिता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि हर घर तक पानी पहुंचाने के अलावा कमजोर वर्ग के बच्चों के सर्वांगीण विकास को दो लाख आंगनबाड़ियों का आधुनीककरण करने को बजट में शामिल किया गया है।

रक्षा से जुड़े उत्पादों का 68 फीसदी अपने देश में ही बनाने का निर्णय देश को मजबूती देगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 18 लाख नए घरों के निर्माण का लक्ष्य भी देश के लोगों को छत मुहैया कराएगा। सुंदर लाल ने कहा कि आज भी देश के करोड़ों लोग डाकघरों से लेन-देन करते हैं। ऐसे में डिजिटल बैंकिंग को बढ़ावा देकर डाक घरों में एटीएम सेवा शुरू की जा रही है। रोजगार की दिशा में भी बजट में प्रावधान किया गया है।

60 हजार युवाओं को नौकरी दी जाएगी। शिक्षा के क्षेत्र में भी सरकार ने बजट में महत्व दिया है। डिजिटल यूनिवर्सिटी शुरू करके सरकार ने शिक्षा को और भी आसान बना दिया है। घर बैठे शिक्षा लेने के लिए यह अहम निर्णय है। तीन साल में नई वंदे भारत ट्रेनों का संचालन, गतिशक्ति मास्टर प्लान के जरिये इंफ्रास्ट्रक्टचर को बढ़ावा देने, मेक इन इंडिया के तहत 60 लाख रोजगार के अवसर, शहरी ट्रांसपोर्ट की रेलवे से कनेक्टिविटी, किसानों को एमएसपी के लिए 2.7 करोड़ रुपये देने, तिलहन की खेती को बढ़ावा देने, फल, सब्जी की खेती करने वाले किसानों के लिए विशेष पैकेज, डिजिटल यूनिवर्सिटी की शुरुआत, हेल्थ क्षेत्र के लिए डिजिटल नेटवर्क बनाने, नेशनल टेली मेंटल हेल्थ प्रोग्राम लांच करने का निर्णय ऐतिहासिक है।

# जिला जेल में बंदी ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

**पुलिस** ने भोंडसी जिला जेल में मंगलवार की शाम एक 24 साल के बंदी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। उक्त आरोपी जिला जेल में पोक्सो एक्ट के तहत कैद था। मृतक के खिलाफ फारुखनगर थाना में मामला दर्ज था।

नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोप में जिला जेल में बंद विचाराधीन बंदी विजयपाल ने मंगलवार की शाम को फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। बंदी गांव पाटोदा थाना मछरौला, झज्जर का निवासी था। जिसके खिलाफ फारुखनगर थाना में नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में 6 पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज था।

जेल प्रशासन की मानें तो विजयपाल का शव जेल परिसर में पेड़ पर लटका मिला था। जानकारी के अनुसार विजयपाल नशा करने का आदि था। जेल में नशीला पदार्थ न मिलने के कारण बेचैन रहता था। जेल सूत्रों के अनुसार नशा न मिलने से परेशान होकर ही विजयपाल ने आत्महत्या की है। भोंडसी जेल प्रभारी इंस्पेक्टर राजेन्द्र कुमार ने बताया कि ड्यूटी मजिस्ट्रेट द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए मंगलवार को भेजा दिया था। बुधवार को शव का पोस्टमार्टम हुआ है।

### कब-कब की बंदियों ने आत्महत्या

**छह** माह में 27 अगस्त को 24 वर्षीय बंदी ग्यार्थी उर्फ नीरज ने आत्महत्या की थी। पांच अक्टूबर को 70 वर्षीय बंदी राव राय सिंह ने फांसी लगाकर आत्महत्या की थी। 70 वर्षीय बंदी रायसिंह हत्या व हत्या का प्रयास के मामले में सजा काट रहा था। 12 दिसम्बर को जिला नूंह का गांव हिलालपुर निवासी 32 वर्षीय बंदी भीम ने आत्महत्या की थी। वह कंपनी के मैनेजर की हत्या के आरोप में सजा काट रहा था।

# डिजिटल विश्वविद्यालयों की शुरुआत सरकार की ओर से सराहनीय कदम : मयंक कुमार, सह-संस्थापक, अपग्रेड

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**अपग्रेड** के सह-संस्थापक और एमडी मयंक कुमार ने वर्ष 2022-23 के घोषित बजटीय प्रस्तावों का जोरदार स्वागत किया है। खासकर शिक्षा के क्षेत्र में। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन शिक्षा को मजबूत करने के लिए डिजिटल इंडिया मिशन के विस्तार से युवाओं के कौशल, अपस्किलिंग और रीस्किलिंग के लिए एक डिजिटल देश ई-पोर्टल लॉन्च करने की सरकार की योजना अत्यंत महत्वपूर्ण और सकरात्मक कदम है। यह बदलते समय के अनुरूप है। वर्ष 2022-23 के घोषित बजट में एक बहुत ही नये युग की शुरुआत होने जा रही है। इस बजट में डिजिटल विश्वविद्यालयों की स्थापना की बात है। इससे देश में गुणवत्तापूर्ण आउटपुट को मजबूती मिलेगी। हम इस नई शुरुआत का स्वागत करते हैं, क्योंकि अपग्रेड समान रूप से अपने शिक्षार्थियों के लिए अधिकतम करियर परिणाम प्राप्त करने की दिशा में काम कर रहा है और इस तरह की पहल हमारे मिशन को और समर्थन और मजबूती देगी।

स्पष्ट रूप से सुलभता और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा भारत सरकार की पहल का मुख्य ध्येय है जो यह सुनिश्चित करती है कि हम एक राष्ट्र के रूप में सतत समुचित और विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

ज्ञान प्रदान करने के लिए नवीन तंत्र, शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम और ई-लर्निंग के लिए उच्च गुणवत्ता वाली क्षेत्रीय सामग्री हमारे लिए फोकस के क्षेत्र होंगे और हम इस क्षेत्र के लिए राष्ट्रीय समर्थन देखकर काफी खुश हैं।

# नजफगढ़ ड्रेन के साथ लगती जलमग्न भूमि के समाधान को होगी कमेटी गठित

## आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष के दौरान 75 रामसर साइट विकसित करने का लक्ष्य

## सुल्तानपुर नेशनल पार्क में मनाया गया वर्ल्ड वेटलैंड डे

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



गुरुग्राम के सुल्तानपुर नेशनल पार्क में वर्ल्ड वेटलैंड डे पर आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय समारोह में उपस्थित लोगों को वैटलेंड मित्र के रूप में स्वेच्छा से काम करने की शपथ दिलाते केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव।

**केन्द्रीय** पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि नजफगढ़ ड्रेन के साथ लगती जलमग्न रहने वाली जमीन की समस्या के समाधान के लिए साइंटिफिक कमेटी गठित की जा रही है। यह कमेटी इस समस्या का अध्ययन करके छह महीने में अपनी रिपोर्ट देगी। वे बुधवार को वर्ल्ड वेटलैंड डे के अवसर पर गुरुग्राम के सुल्तानपुर नेशनल पार्क में आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

इस समारोह की अध्यक्षता हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने की। केन्द्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं जनापूर्ति, पर्यावरण, वन तथा जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री अश्वनी कुमार चौबे, हरियाणा के वन, शिक्षा, पर्यटन तथा कला एवं संस्कृति मंत्री कंवरपाल भी समारोह में उपस्थित थे। उन्होंने उपस्थित लोगों को वैटलेंड मित्र के रूप में स्वेच्छा से काम करने की शपथ भी दिलाई। केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा आर्द्र भूमि के आसपास के क्षेत्र को इको विलेज व इको टूरिज्म के तौर पर विकसित करने के विचार की प्रशंसा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री का यह संकल्प आर्द्रभूमि सुल्तानपुर व भिंडावास के आसपास के क्षेत्र के लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर भी साथ लाएगा। यह क्षेत्र हरा, भरा होगा तो संपन्न भी होगा।

उन्होंने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत देश की 75 झीलों को रामसर का दर्जा दिलाया जा सके। वर्तमान में 49 रामसर साइट घोषित हो चुकी हैं, जिनमें से गुजरात के खिजाड़िया वन्य जीव विहार तथा उत्तरप्रदेश का बखिरा वन्य, जीव विहार सहित दो स्थलों को आज शामिल किया गया है। हरियाणा के सुल्तानपुर और भिंडावास पहले ही रामसर साइट का दर्जा प्राप्त हैं। अब भारत में रामसर साइट की संख्या दक्षिणी एशियाई देशों में सबसे अधिक हो गई है।

उन्होंने वर्ल्ड वैटलेंड डे के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वन हमारे शरीर में फेफड़ों की तरह हैं और वैटलेंड अर्थात आर्द्र भूमि गुर्दा की तरह पर्यावरण को स्वच्छ करने का काम करती है। केन्द्रीय मंत्री ने अपने संबोधन में ग्लासगो में जलवायु परिवर्तन पर आयोजित कॉप-26 समिट का उल्लेख करते हुए कहा कि उसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सदस्य देशों को एन्वायरमेंट फ्रेंडली लाइफ स्टाइल का मंत्र दिया था।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने वन सन-वन वर्ल्ड-वन ग्रिड (एक सूर्य-एक विश्व-एक ग्रिड) का संदेश देते हुए रिन्यूवेबल एनर्जी के प्रयोग पर बल दिया था। भारत रिन्यूवेबल एनर्जी के प्रयोग के मामले में दुनिया का नेतृत्व कर रहा है। अतंरराष्ट्रीय सोलर अलायंस का मुख्यालय भी गुरुग्राम में स्थित है। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि विकास और प्रकृति साथ साथ चलें और इसी कड़ी में उनके मंत्रालय ने विश्व आर्द्र भूमि दिवस को प्रति वर्ष आर्द्र भूमि स्थल पर ही मनाने का निर्णय लिया है।

# ऐप 311 को फेल साबित करने पर तुले हैं कर्मचारी

## आवारा पशुओं से संबंधित शिकायत करने पर कर्मचारी कर रहे खानापूर्ति

कविता। फरीदाबाद



ऐप 311 पर 22 और 27 जनवरी को दी शिकायत का छायाचित्र

जिले में आवारा पशुओं का आतंक दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है। आवारा पशुओं से परेशान होकर लोग नगर निगम के ऐप 311 पर लगातार शिकायतें कर रहे हैं। लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। ऐसा ही कुछ एनएच-दो में रहने वाले लोगों ने बताया। उनका कहना है कि एक ही स्थान पर हफ्तेभर में तीन लोगों को आवारा कुत्तों ने अपना शिकार बना लिया है। आवारा पशुओं से इलाके को मुक्त करवाने के लिए उन्होंने शिकायतें ऐप 311 पर डाली हैं, लेकिन उनकी शिकायतों पर कार्रवाई पूरी करने के बजाय उन्हें समाप्त कर दिया जाता है या फिर किसी अन्य निगम के कर्मचारियों को ट्रांसफर करने की बात कही जाती है। ऐसा एनएच दो नहीं बल्कि शहर के अन्य हिस्सों में भी हो रहा है, क्योंकि आवारा पशुओं के काटने संबंधित मामले लगातार जिले में बढ़ रहे हैं। अकेले सिविल अस्पताल की बात की जाए तो ओपीडी में पिछले दो दिनों में 165 लोगों को रैबीज के इंजेक्शन लगाए गए हैं। वहीं जनवरी माह में कुल 2093 लोगों ने इंजेक्शन लगवाये हैं।

### नहीं मिल रहा छुटकारा

एनएच-दो के निवासियों का कहना है कि उनके ब्लॉक में आवारा पशुओं की भरमार है। आवारा पशुओं के आतंक से सभी लोग काफी परेशान हैं। हफ्तेभर में एक ही स्थान पर तीन लोगों को आवारा पशु अपना शिकार बना चुके हैं। उन्होंने बताया कि इलाके में कुत्तों के अलावा बंदरों का भी आतंक है। ऐसे में जहां कुत्ते राह चलते किसी को भी काट लेते हैं, वहीं बंदर घरों में आए दिन गमलों को तोड़ जाते हैं तो कभी कपड़े उठाकर ले जाते हैं। जिस कारण वह परेशान हो चुके है। इस परेशानी से निजात पाने के लिए उन्होंने चार शिकायतें डाली है, लेकिन इनमें से एक शिकायत को तो नगर निगम के कर्मचारियों ने बिना समाधान किये ही समाप्त कर दिया। जिस पर दूसरी शिकायत भेजी गई तो उन्होंने किसी अन्य कर्मचारी को ट्रांसफर करने की बात कह डाली। वहीं इसके अलावा अन्य लोगों के द्वारा की गई शिकायतों पर भी कर्मचारियों के नाम भेजकर खानापूर्ति कर दी गई है। ऐसे में लोग परेशान हो रहे हैं। नगर निगम के कर्मचारियों की कार्यशैली की वजह से ऐप 311 का भी लोगों को कोई फायदा नहीं हो रहा है।

## वन स्टाप सेंटर 1522 परिवादों का करवाया निपटारा

फरीदाबाद। उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने बताया कि जिले में चलाए जा रहे वन स्टाप सेंटर में अब तक 1522 महिलाओं के परिवादों का निपटारा करने काम किया है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार जिला प्रशासन द्वारा महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली के जरिए नागरिक अस्पताल बीके में वन स्टॉप सेंटर पिछले करीब पौने दो वर्ष पहले स्थापित किया गया था। वैसे सरकार द्वारा वन स्टाप सेंटर वर्ष 2016 में शुरू किया गया था। आपको बता दें सखी नाम से विख्यात वन स्टॉप सेंटर के द्वारा किसी भी प्रकार की हिंसा से पीड़ित महिलाओं एवं बच्चियों को विभिन्न प्रकार की सहायता प्रदान की जाती है।

## संक्षिप्त समाचार

### बजरंग दल ने दिया थाने पर धरना


मुजेसर थाने में धरना देते बजरंग दल के सदस्य।

फरीदाबाद। बीती रात एक महिला की शिकायत कार्रवाई करते हुए दूसरे पक्ष को पुलिस अपने साथ ले आई। जिसकी जांच चल ही रही थी कि बजरंग दल के कुछ नेता और महिलाएं सेक्टर-24 स्थित मुजेसर थाने में पहुंच गए और थाना परिसर में ही दरी बिछा धरना देकर बैठ गए। जहां उन्होंने पुलिस पर आरोप लगाया कि उनकी शिकायत नहीं ली गई और मारपीट करने का भी आरोप लगाया। लेकिन मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने बताया कि उनके पास शिकायत ही नहीं आई है। पुलिस ने अपनी शिकायत देने को कहकर बजरंग दल का धरना समाप्त करवा दिया। यह आरोप सेक्टर-24 स्थित मुजेसर थाने में बजरंग दल के नेता धरने पर बैठ गए। जिस पर थाने में तैनात पुलिस कर्मियों ने उन्हें समझाबुझाकर शांत करवाया और अपनी शिकायत देने को कहा। वहीं थाने में धरने पर बैठे बजरंग दल के सदस्यों ने कहा कि एक महिला का फोन आया था कि उसे कुछ लोग परेशान कर रहे हैं। जिस पर वह रात अधिक होने के कारण जा नहीं सके। दूसरे दिन यानी बुधवार को पहुंचे तो वहां पता चला कि पुलिस उन्हें पकड़ कर ले आई है और मारपीट की है। उनकी सुनवाई नहीं हो रही। उन्होंने कहा कि शिकायत दे रखी है लेकिन पुलिस ने बताया कि उनके पक्ष की शिकायत नहीं आई है। शिकायत के आधार पर ही आगे की कार्रवाही की जाएगी।

### कोरोनाः एक मौत, 307 पॉजिटिव और 1176 ठीक



फरीदाबाद। मौसम में बदलाव के साथ ही कोरोना के मरीजों की संख्या में बढ़ोत्तरी हो रही है। बुधवार को कोरोना वायरस के 307 नए संक्रमित मरीज सामने आए हैं, लेकिन मरीजों के ठीक होने की संख्या तेजी के साथ बढ़ रही है। बुधवार को अच्छी बात यह है कि 1176 लोगों के ठीक होने की पुष्टि स्वास्थ्य विभाग ने की है। लेकिन पिछले 12 दिनों से लगातार हो रही मौतों पर जहां मंगलवार को पूर्णविराम लग गया था, वहीं बुधवार को जिले में कोरोना से एक मौत होने की पुष्टि विभाग ने की है। जिससे मृतकों की संख्या का आंकड़ा 737 पर पहुंच गया है। एक्टिव केसों की संख्या का आंकड़ा फिलहाल 2355 रह गया है। जिसमें होम आईसोलेशन में 2261 और अस्पताल में भर्ती मरीजों की संख्या 94 है। जिसमें आईसीयू में 23 मरीज है, जोकि विभिन्न बीमारियों से ग्रस्त है। ऑक्सीजन पर 12 और वैंटीलेटर पर मात्र चार मरीज ही बाकी बचे हैं। रिकवरी रेट भी बढ़कर 97.52 प्रतिशत पर पहुंच गया है। जिले में कोरोना महामारी की समाप्ति को लेकर अधिक से अधिक सैम्पल लेने पर जोर दिया जा रहा है। इस कड़ी में बुधवार को जिले में 3791 सैम्पल जांच किए गए है। वहीं जिले में फिलहाल सरकारी प्रयोगशालाओं के 2867 और निजी प्रयोगशालाओं की 718 सैम्पल की रिपोर्ट आनी शेष है।

### सॉफ्ट और इंटरव्यू स्किल्स पर व्याख्यान का आयोजन



फरीदाबाद। जेसी बोस विश्वविद्यालय वाईएमसीए, फरीदाबाद के संचार और मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा एक दिवसीय विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान का विषय- सॉफ्ट स्किल्स और इंटरव्यू स्किल्स था। विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ पवन सिंह मलिक ने अपने शब्दों से अतिथि का स्वागत किया। मीडिया के क्षेत्र में सॉफ्ट स्किल्स एवं इंटरव्यू स्किल्स का महत्व बताया। विशेषज्ञ संजीव हुडा ने सभी छात्रों को कंपनी में इंटरव्यू के लिए किस तरह से ड्रेसिंग सेंस को अपनाना चाहिए, कैसा व्यवहार करना चाहिए इस विषय पर चर्चा की। उन्होंने व्यक्तिगत उपस्थिति, ड्रेसिंग, सकारात्मक सोच और मीडिया उद्योग में फलने-फूलने के लिए आवश्यक फोकस के महत्व पर भी जोर दिया। अतिथि ने छात्रों को उद्योग के लिए तैयार होने और साथ ही उद्योग जगत में अपनाए जाने वाले व्यवहार को अपनी दैनिक जीवन में अपनाने के लिए मॉक इंटरव्यू का सहारा लेने की सलाह दी। सभी छात्रों ने भी बढ़ चढ़ कर इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया और विशेषज्ञ से कार्यक्रम के दौरान अपने सवाल भी पूछे। अंत में विभाग के डीन प्रोफेसर अतुल मिश्रा जी ने विभाग को इस प्रकार का लेक्चर आयोजित कराने पर बधाई दी। विभाग की सहायक प्रोफेसर अल्का रावत ने संजीव हुडा को धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया और छात्रों को कोरोना से बचने की अपील की।

### नीमका जेल में लोक अदालत



फरीदाबाद। सीजेएम मंगलेश कुमार चौबे द्वारा जिला जेल नीमका में जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जेल लोक अदालत में 82 केसों को रखा गया। जिनमें चोरी, मोटर व्हीकल एक्ट तथा लड़ाई झगड़ा तथा छोटे अपराधों के केसों को रखा गया था। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंगलेश कुमार चौबे ने 24 केसों का मौके पर ही निपटान किया गया। जिसमें 27 अपराधियों को मौके पर ही तुरंत जेल लोक अदालत में जेल से छोड़ने के आदेश भी जारी किए। जेल लोक अदालत में जेल अधीक्षक जयकिशन छिल्लर, सहायक जेल अधीक्षक रामचंद्र व अन्य के अलावा पैनल एडवोकेट नीना शर्मा, जीत कुमार रावत, वाई डी शर्मा तथा प्रभात शंकर स्टेनो साथ रहे।

### मानव श्रृंखला बनाकर किया एकता का प्रदर्शन



फरीदाबाद। आंगनबाड़ी वर्करों और हेल्परों ने फरीदाबाद में मानव श्रृंखला बनाकर अपनी एकता का प्रदर्शन किया। पहले से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिला फरीदाबाद की सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यरत सैकड़ों हेल्पर और वर्कर सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय परिसर में एकत्रित होने शुरू हो गई। यहां सुरिंदर री की अध्यक्षता में सभा हुई। इसका संचालन गीता ने किया इस मौके पर सीटू के जिला प्रधान निरंतर पराशर और जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह डंगवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। गुस्साई आंगनबाड़ी वर्करों और हेल्परों ने जमकर सरकार विरोधी नारे लगाए। और यहां से दो दो की लाइन में बाटा पुल के नीचे एक दूसरे का हाथ पकड़ कर मानव श्रृंखला बनाई। यहां पर प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने बताया कि आज हड़ताल 57 वे दिन में प्रवेश कर गई है। जबकि 8 दिसंबर से हड़ताल शुरू हुई थी। लेकिन सरकार ने आंगनबाड़ी वर्करों और हेल्परों की मांगों को लागू करने के बजाए दमनकारी नीति अपनाना शुरू कर दी हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी और सीडीपीओ वर्करों और हेल्परों को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं। उन पर बंद आंगनबाड़ी केंद्रों को खोलने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। यदि कोई वर्कर हेल्पर दबाव नहीं मान रही है। तो उन्हें डराया और धमकाया जाता। वर्करों और हेल्परों को बिना वजह परेशान किया जा रहा है। बड़ी संख्या में आंगनवाड़ी वर्कर और हेल्पर को बर्खास्त करने की धमकी दी जा रही है। जिला कार्यक्रम अधिकारी स्वयं कारण बताओ नोटिस जारी कर रही है इनको आंगनवाड़ी केंद्रों में जाकर के चस्पा रहे हैं।

# पकड़े जाने के डर से चोर ने लगाई पांचवीं मंजिल से छलांग, हुई मौत

## चोरी के इरादे से घर में घुसे एक युवक ने लगाई पांचवी मंजिला से छलांग

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


चोरी के आरोप में गिरफ्तार समीर।


शोकाकुल मृत युवक के परिजन। पुलिस से जानकारी लेते। इनसेट में सोनू।

एनएच-एक एच ब्लॉक स्थित एक मकान में तीन युवक चोरी की नीयत से जा घुसे। आरोपी वारदात को अंजाम दे ही रहे थे कि परिवार के सदस्यों की नींद खुल गई। उनके शोर मचाने पर पकड़े जाने के डर से एक चोर ने मकान की पांचवीं मंजिल से छलांग लगा दी। उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

पुलिस ने सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर एक आरोपी को तो दबोच लिया। जबकि दूसरा आरोपी मौके से भागने में कामयाब हो गया। तीनों युवक बल्लभगढ़ की संख्या कालोनी के रहने वाले हैं। शव पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान समीर उर्फ नेपाली के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि घटना मंगलवार रात करीब 11.30 बजे की है। थाना कोतवाली की पुलिस टीम रात्रि गस्त पर थी। उसी दौरान पुलिस टीम को चोरों द्वारा एनएच एक एच ब्लॉक में वारदात करने के प्रयास के बारे में सूचना प्राप्त हुई। जिस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए मौके पर पुलिस टीम पहुंच गई।

मौके से आरोपी समीर को गिरफ्तार कर लिया गया है। मौके से पता चला कि मकान मालिकों के जागने की वजह से चोर मकान से निकल कर भागने का प्रयास कर रहे थे। उसी दौरान आरोपियों में शामिल सोनू नामक युवक मकान की पांचवी मंजिल पर जा पहुंचा। पकड़े जाने के डर से आरोपी ने मकान की पांचवी मंजिल से छलांग लगा दी। जिससे सोनू की मौके पर ही मौत हो गई। आरोपी समीर को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी साहिल मौके से फरार होने में कामयाब हो गया। तीनों आरोपी बल्लभगढ़ की संजय कालोनी के रहने वाले है। मृतक सोनू की लाश को इआरवी की सहायता से बीके अस्पताल के शवगृह में पोस्टमार्टम के लिए रख दिया है। पोस्टमार्टम होने के बाद शव को मृतक सोनू के परिवार वालों के हवाले कर दिया गया है। पुलिस टीम ने बताया कि आरोपी फरार आरोपी साहिल मृतक सोनू के चाचा का लड़का है। तीनो आरोपी नशा करने के आदि है।

आरोपियों के परिवार वालों ने बताया कि आरोपी आवारा घूमते रहते हैं। जो काफी समझाने पर भी नहीं समझते है। आरोपी समीर उर्फ नेपाली पहले भी चोरी के मुकदमों में जेल जा चुका है। आरोपी साहिल की तलाश जारी है। उसे जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। आरोपी समीर को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया।

# आत्मनिर्भर बजट से अर्थव्यवस्था बनेगी मजबूतः शर्मा


भाजपा जिला कार्यालय में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की वर्चुअल रैली में उद्बोधन को लाइव सुनते जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा और अन्य कार्यकर्ता।

फरीदाबाद। सेक्टर-11 भाजपा जिला कार्यालय पर भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा के नेतृत्व में भाजपा जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं ने आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था विषय पर वर्चुअल रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन को लाइव सुना।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने कहा कि इस समय 100 साल में आई सबसे बड़ी वैश्विक महामारी से देश लड़ रहा है, दुनिया के सामने अनेक चुनौतियां हैं। आगे की जो दुनिया हम देखने वाले हैं, वो वैसी नहीं होगी, जैसी कोरोना से पहले थी। यह समय नए अवसरों का है, नए संकल्पों की सिद्धि का है। बहुत जरूरी है कि भारत आत्मनिर्भर बने और आत्मनिर्भर भारत की नींव पर एक आधुनिक भारत का निर्माण हो। पूरा विश्व भारत की अर्थव्यस्था की तरफ देख रहा है। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में पेश आत्मनिर्भर बजट देश की अर्थव्यवस्था को एक नई ऊंचाई देने वाला बजट है।

जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने महामारी से प्रभावित भारतीय अर्थव्यस्था को उबारने तथा अमृतकाल में सर्व समावेशी, गाँव, ग़रीब और शहर के विकास के लिए आत्मनिर्भर बजट पेश किया, जो अन्त्योदय उत्थान के संकल्प को पूर्ण करेगा।

# बिजली कर्मचारियों ने एक्सईएन से की मुलाकात


सेक्टर-23 स्थित बिजली निगम कार्यालय में कार्यकारी अभियंता दीपक भारद्वाज के साथ बैठक करते कर्मचारी नेता।

फरीदाबाद। हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम टीएस डिवीजन सेक्टर-23 स्थित कार्यकारी अभियंता दीपक भारद्वाज से उनके कार्यालय पर हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर्स यूनियन सर्कल फरीदाबाद के बिजली कर्मचारी नेता 220 केवी ग्रिड उपकेंद्र पावर हाउस पाली के इंचार्ज एसएसई धर्मेंद्र सिंह का एचवीपीएन के कर्मचारियों के प्रति अड़ियल व्यवहार एवं कर्मचारी विरोधी रवैये को लेकर एचएसईबी वर्कर यूनियन संगठन का प्रतिनिधि मंडल एक्सईएन दीपक भारद्वाज से मिला।

कर्मचारी नेता सन्तराम लाम्बा व सतीश छबड़ी ने पावर हाउसों में काम करने वाले कर्मचारियों की रोजमर्रा की परेशानियां व आयेदिन सामने आ रही लाम्बित समस्याओं के बारे में बताया कि पावर हाउसों में काम करने वाले कर्मचारी अनेक प्रकार की असुविधाओं के चलते काम करने को आज मजबूर हैं। ऊपर से अधिकारी रौब झाड़ते हुए कर्मचारियों से गाली गलौच की भाषा अपनाते हैं। ऐसे कई पावर हाउस हैं। जिनमे वीसीबी खराब पड़ी रहती हैं।

# ब्लाइंड मर्डर का खुलासाः 150 रुपये के लिए की गई थी हत्या

## मात्र 48 घंटे में वारदात को सुलझाकर किया हत्यारोपी को किया गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


हत्या के आरोप में गिरफ्तार योगेन्द्र।

पुलिस उपायुक्त अपराध नरेन्द्र कादियान द्वारा खेड़ीपुल थानाक्षेत्र में हत्या के एक मामले में दिये गये दिशा-निर्देश का अनुपालन करते हुए, क्राइम ब्रांच डीएलएफ की पुलिस टीम ने आरोपी को 48 घंटे के अंदर गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। गिरफ्तार आरोपी योगेन्द्र, छायंसा थाना क्षेत्र के गढ़खेड़ा का रहने वाला है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि गत 30 जनवरी को खेड़ीपुल थाना में हत्या की शिकायत प्राप्त हुई। जिसमें शिकायतकर्ता ने पुलिस को जानकारी दी कि 29 जनवरी को रात करीब आठ बजे उसका 26 वर्षीय पुत्र दलीप काम से लौटकर घर आया और पास के एक ढाबे से खाना लाने की बात कह कर निकला। 30 जनवरी की सुबह किसी ने आकर बताया कि दलीप का शरीर मृत अवस्था में ढाबे से कुछ दूरी पर पुलिया के पास पड़ा हुआ है। मृतक के परिजनों की सूचना पर पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और अज्ञात के विरुद्ध हत्या की धाराओं में शिकायत दर्ज कर लिया। इसके बाद पुलिस उपायुक्त अपराध के दिशा-निर्देश पर इस मामले में जांच व कार्रवाई का जिम्मा क्राइम ब्रांच डीएलएफ को सौंपा गया। क्राइम ब्रांच की टीम ने मामले में सभी बिंदुओं पर गहन जांच की और वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाया।

साक्ष्य के आधार पर पुलिस टीम ने एक फरवरी को गढ़खेड़ा गांव के रहने वाले 23 वर्षीय आरोपी योगेन्द्र को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी से प्रारंभिक पूछताछ में यह बात सामने आई कि आरोपी योगेन्द्र और मृतक दलीप मजदूरी का काम करते है। आपसी जान-पहचान है। आरोपी ने खाने के पैसे ढाबे वाले को दिए बचे हुए पैसे खाना खाने के बाद मृतक ने 150 रुपये अपने पास रख लिये थे। इसी पैसे को वापस मांगने पर दोनों के बीच बहस बढ़ गई और आरोपी योगेन्द्र ने दलीप की पीट पीट कर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर आगे की पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया जायेगा। मामले में कानून-सम्मत कार्रवाई की जा रही है।

## 400 से ज्यादा साइकिल पर रिफ्लेक्टर टेप लगाए

फरीदाबाद। ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट फरीदाबाद, फरीदाबाद पुलिस एवं रोड सेफ्टी ओमनी फाउंडेशन की तरफ से बुधवार को स्पेशल सड़क सुरक्षा अभियान 2022 चलाया गया।

रिफ्लेक्टिव टेप को साइकिल पर लगाने का अभियान उपायुक्त फरीदाबाद जितेंद्र यादव के आदेशानुसार, जितेंद्र गहलावत जिला ट्रांसपोर्ट ऑफिसर फरीदाबाद के मार्ग दर्शन एवं अधिवक्ता सतीश आचार्य, ललेश ट्रैफिक इंस्पेक्टर रीजनल ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी फरीदाबाद एवं स्टेट रोड सेफ्टी काउंसिल हरियाणा सरकार एवं मेंबर ऑफ पार्लियामेंट रोड सेफ्टी कमेटी भारत सरकार के सदस्य सरदार देवेंद्र सिंह एवं रोड सेफ्टी ओमनी फाउंडेशन के सहयोग से चलाया। बुधवार का रिफ्लेक्टिव टेप साइकिल पर लगाने का अभियान सेक्टर-25 स्थित विक्टोरिया कंपनी की दोनों कंपनियों में चलाया गया। जिसमें 400 से ज्यादा साइकिल पर रिफ्लेक्टर टेप लगाए गए।

# वेतन न मिलने से कॅम्प्यूटर लैब अटेंडेंट कैंसर पीड़िता इलाज से वंचित

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




सारन स्कूल में कम्प्यूटर लैब अटेंडेंट की नौकरी करने वाली एक महिला को विभाग की तरफ से तनख्वाह की नहीं दी जा रही है। जिसके लिए वह मंत्री से लेकर जिला शिक्षा अधिकारी तक शिकायत पहुंचा चुकी है। विभाग की इस लापरवाही के कारण वह अपना इलाज भी समय पर नहीं करवा पा रही है, जबकि वह कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी से पीड़ित है। विभाग कैंसर पीड़िता के अलावा अन्य लैब अटेंडेंट को भी तनख्वाह समय पर नहीं दे रहा है। जिससे उन्हें भी अपने घरों का गुजारा चलाना भारी हो गया है।

**यह है पूरा मामलाः** सारन स्कूल कंप्यूटर लैब अटेंडेंट के पद पर तैनात सेक्टर-21 डी निवासी एक महिला कैंसर से पीड़ित है। पीड़िता का कहना है, कि उन्हें हर माह आठ हजार रुपये की दवा खरीदनी पड़ती है, लेकिन तनख्वाह न मिलने के कारण उन्हें परेशानी से जूझना पड़ रहा है। इस बारे में वह जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा कार्यालय के कई बार चक्कर लगा चुकी हैं और शुक्रवार को उन्होंने शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर के कार्यालय से शिक्षा अधिकारी रितु चौधरी को सिफारिश भी करानी पड़ी। शिक्षा अधिकारी ने उनकी समस्या को सुनने के बाद जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा को पत्र लिखकर तनख्वाह न देने का कारण जाना है। इस तरह की समस्या से कैंसर पीड़िता ही नहीं बल्कि लैब अटेंडेंट सुरेखा और कमलेश समेत कई लैब अटेंडेंट जूझ रही हैं।

**जून और जुलाई से तनख्वाह नहीः** लैब अटेंडेंट का कार्य स्कूलों में कंप्यूटर लैब का कार्य देखना होता है और इस कार्य के प्रति सरकार उन्हें हर माह 12 हजार रुपये तनख्वाह देती है। जिले के विभिन्न स्कूलों में 62 लैब अटेंडेंट हैं, जबकि 10 स्कूलों में पोस्ट खाली हैं। 62 में से चार से पांच अटेंडेंट को तकनीकी कमी, लंबी प्रक्रिया पूरी न होने के कारण सैलरी नहीं मिल रही हैं, जिनमें से कैंसर पीड़ित और सुरेखा तो ऐसी हैं, जिन्हें जून और जुलाई की तनख्वाह नहीं मिली है और वह कई बार जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा के कार्यालय के चक्कर लगा रही हैं। जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा आनंद सिंह को भी इस बारे में अवगत कराया। इसके चलते दो महीने की तनख्वाह दी गई और बाकी दो महीने की तनख्वाह बाकी रह गई है। इसका कारण ये बताया जाता है कि तनख्वाह देने के लिए लंबी प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है।

**पत्र लिख पूछा है कारणः** जिला शिक्षा अधिकारी रितु चौधरी ने इस विषय में कहा कि शिक्षा मंत्री के कार्यालय से शुक्रवार सुबह लैब अटेंडेंट की तनख्वाह के बारे में फोन आया और लैब अटेंडेंट भी उनसे आकर मिले हैं। जिस पर उन्होंने उनकी समस्या को सुनने के बाद जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा को पत्र लिख कर तनख्वाह न देने का कारण जाना है।

## मनोज कुमार को बनाया यूनियन प्रधान

फरीदाबाद। नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा की इकाई इलेक्ट्रीशियन यूनियन नगर निगम फरीदाबाद का चुनाव बुधवार स्थानीय निगम सभागार के प्रांगण में नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा की राज्य उपाध्यक्ष कमला सफाई कर्मचारी यूनियन के नेता सुरेश देवी, धर्म सिंह मुछा, मनोज बालगूहेर की देख रेख संघ व जिला सचिव नानक चंद खैरालिया की अध्यक्षता में सर्वसम्मति से संपन्न हुए चुनाव में मनोज कुमार को प्रधान, ईश्वर चंद को सचिव तथा ज्ञान चंद को कोषाध्यक्ष चुना गया।

इसके अलावा कौशल शर्मा को वरिष्ठ उपप्रधान, सुखबीर को उप प्रधान, सूरज प्रकाश को संगठनकर्ता तथा महेंद्र सिंह, कप्तान सिंह, विशाल, यादराम, नानक चंद, प्रेम रतन व प्रदीप कुमार को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। चुनाव के बाद नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने चुने गए पदाधिकारियों को गोपनीयता, ईमानदारी व निष्ठा के साथ कर्मचारी हित में काम करने की शपथ ग्रहण करवाई।

# पीसीबी और जेआरसी का जागरुकता अभियान


आद्र भूमि दिवस पर सरकारी स्कूल एनएचतीन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एनआईटी नंबर तीन फरीदाबाद में हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड फरीदाबाद और विद्यालय की जूनियर रेडक्रास, गाइड्स और सैंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा की अध्यक्षता में विश्व आद्र भूमि दिवस पर आद्र भूमि एवम जल स्त्रोतों को बचाने का आह्वान किया गया।

इस अवसर पर हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड फरीदाबाद के एस डी ओ ओमबीर तेवतिया भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में छात्राओं और अध्यापकों को जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड प्रभारी प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा ने बताया कि नमी या दलदली भूमि वाले क्षेत्र को आद्र भूमि वेटलैंड कहा जाता है। वास्तव में वेटलैंड्स वे क्षेत्र हैं जहाँ प्रचुर मात्रा में नमी पाई जाती है और इसके कई लाभ भी हैं। आद्र भूमि जल को प्रदूषण से मुक्त बनाती है। आद्रभूमि वह क्षेत्र है जो वर्ष भर आंशिक रूप से या पूर्णतः जल से भरा रहता है। हमारे देश में आद्रभूमि ठंडे और शुष्क इलाकों से लेकर मध्य भारत के कटिबंधीय मानसूनी इलाकों और दक्षिण के नमी वाले इलाकों तक फैली है।

# चुनावी वर्ष में बजट

## कर राहत नहीं

**चुनाव** वर्ष में बजट लोकरंजक होते हैं, पर इसमें मध्यवर्ग के लिए कोई कर राहत नहीं है। अपने चौथे बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने घोषणा की कि भारत की प्रगति उल्लेखनीय है और इसकी तुलना दुनिया की सर्वोत्तम अर्थव्यवस्थाओं से की जा सकती है। यह साल देश के लिए कठिनाइयों से भरा रहा है। अमीरों के और अमीर तथा गरीबों के और गरीब होने से असमानतायें बढ़ी हैं। सबसे बुरी बात है कि आर्थिक स्थिति ने लाखों लोगों को भयानक गरीबी में धकेल दिया है। मंत्री ने कहा कि बजट अगले 25 वर्ष या 'अमृत काल' का आधार तैयार करता है, जब भारत 100 साल का होगा। उनका दावा है कि बजट से नौजवानों, महिलाओं, किसानों, एससी, एसटी तथा हालिया वर्षों में बुरी तरह प्रभावित क्षेत्रों को लाभ होगा। लेकिन किसानों की आय दूनी करने तथा रोजगार सृजन जैसी सरकारी घोषणायें बजट से पूरी होनी चाहिए। इससे प्रधानमंत्री का भारतीय अर्थव्यवस्था को 5 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य भी पूरा होना चाहिए। वित्त मंत्री के सामने देश की प्रगति और 10 दिन से भी कम समय में शुरू होने वाले पांच राज्यों के चुनावों में अपनी पार्टी की संभावनाओं के बीच संतुलन बनाने का लक्ष्य था। आमतौर से चुनाव वर्ष में आने वाले बजट राजनीतिक मजबूरियों में लोकरंजक होते हैं और यह बजट भी अलग नहीं है। इसमें बड़बोलापन बहुत है और लोगों की समस्याओं को त्वरित तरीके से निपटाया गया है तथा बढ़ती व्यापक गरीबी,



बढ़ती मुद्रास्फीति तथा बेरोजगारी से निपटने की समग्र योजना का अभाव है। उदाहरणार्थ, वित्त मंत्री ने प्रगति के सात इंजनों को प्रधानमंत्री गति शक्ति के अंतर्गत परिभाषित किया है जिसमें सड़कें, रेलवे, हवाईअड्डे, बंदरगाह, सार्वजनिक परिवहन, जलमार्ग तथा लाजिस्टिक ढांचा शामिल हैं। किसानों को खुश करने के लिए गेंहू व धान किसानों को एमएसपी के लिए 2.37 लाख करोड़ की घोषणा की गई है, पर उनकी आय दूनी करने के बारे में स्पष्ट कदम का अभाव है। सुश्री सीतारमण ने समावेशी विकास, उत्पादकता में वृद्धि, ऊर्जा परिवर्तन व जलवायु कार्रवाई को विकास के चार स्तंभ बताया है, पर उन्होंने ये लक्ष्य पूरे करने के लिए कार्रवाई के सुझाव नहीं दिए हैं।

बजट ने समावेशी विकास, उत्पादकता वृद्धि, सनराइज़ अवसरों, ऊर्जा परिवर्तन, जलवायु कार्रवाई तथा निवेशों की फाइनेंसिंग प्राप्त करने का आदर्श सामने रखा है। लेकिन इसे प्राप्त करने का ढांचा गायब है। देश को प्रगति तेज करने के लिए निजी निवेश की आवश्यकता है ओर गति शक्ति के माध्यम से इसे ढांचागत संरचना में निर्देशित किया गया है। राष्ट्रीय राजमार्गों के संजाल का विकास 2022-23 में 25,000 किलोमीटर हो जाएगा। छोटे बिजनेसों को प्रोत्साहित करने के लिए ईसीएलजीएस का विस्तार 50,000 करोड़ बढ़ा कर 5 लाख करोड़ किया गया है तथा इसका विस्तार मार्च 2023 तक किया गया है। इससे अगले पांच साल में 60 लाख रोजगार सृजित होंगे। लेकिन मध्य वर्ग को कोई कर राहत नहीं मिली है। प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए 48,000 करोड़ आबंटित किए गए हैं तथा 3.8 करोड़ परिवारों को नल से जल के लिए 60,000 करोड़ रुपये आबंटित किए गए हैं। छोटे बिजनेसों की सहायता के लिए 6,000 करोड़ रुपये का कार्यक्रम एमएसएमई क्षेत्र के लिए रखा गया है जो पांच साल में लागू होगा। ब्लाकचेन तकनीक के प्रयोग से सरकार आरबीआई द्वारा डिजिटल रुपया शुरू करवाना चाहती है। लेकिन यह देखने के लिए हमें वित्त वर्ष समाप्त होने की प्रतीक्षा करनी होगी कि क्या ये सभी उपाय अर्थव्यवस्था को गति देने में सफल होते हैं।

# यूपी में भाजपा के समक्ष चुनौती

### समाज के भीतर निचली जातियां सुरक्षा, गरिमा और प्रगति चाहती हैं। वे हिंदू एकता के लिए अपने सरोकार छोड़ने को तैयार नहीं हैं।

**अरुण सिन्हा**
(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं)





अगले महीने राज्यों में होने वाले चुनावों में उत्तर प्रदेश में भाजपा का दांव सबसे ज्यादा है। पार्टी इस राज्य को एक प्रयोगशाला के रूप में प्रयोग कर सरकार के 'हिंदू माडल' का परीक्षण कर रही है। इस माडल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विरासत को विकास से जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। योगी आदित्यनाथ को यह माडल लागू करने के लिए सर्वोत्तम व्यक्ति के रूप में देखा गया और इसी कारण उनको मुख्यमंत्री बनाया गया। पार्टी का अनुमान है कि उन्होंने असाधारण काम किए हैं। अपने सभी भाषणों में मुख्यमंत्री एक ओर राम मंदिर की विरासत की बात करते हैं तो दूसरी ओर विकास के रूप में एक्सप्रेसवे और इंटरनेशनल हवाईअड्डों का उल्लेख करते हैं।

उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का दांव और बड़ा है। आरएसएस हिंदुत्व विचारधारा का संचालक है और भाजपा इसका केवल एक माध्यम है। विरासत और विकास को जोड़ने वाला 'हिंदू माडल' आरएसएस का विचार है। आरएसएस नेताओं के भाषणों पर गौर करने वाले लोग जानते हैं कि राम मंदिर की लड़ाई जीतने के बाद संघ ने अगले पच्चीस वर्ष में 'राम राज्य' स्थापित करने का लक्ष्य रखा है। लेकिन 'राम राज्य', 'हिंदू राष्ट्र' का एक और नाम है। हालिया वर्षों में आरएसएस ने 'राम राज्य' की अवधारणा को जनता के लिए ज्यादा स्वीकार्य बनाने का प्रयास किया है जो 'हिंदू राष्ट्र' की तुलना में ज्यादा बेहतर तथा बहुलतावादियों की आलोचना से सुरक्षित है। जब प्रधानमंत्री मोदी विरासत और विकास की बात करते हैं तो यह सामान्य लोगों की नजर में दो विचार हो सकते हैं। लेकिन आरएसएस के लिए वे अलग नहीं हैं। वे रामभक्ति या भगवान राम के प्रति पूर्ण भक्ति के एक ही विचार से निकलते हैं। शासक को राम या विरासत का भक्त होना चाहिए तथा जनता को समृद्धि या विकास प्रदान करना चाहिए जैसा कि भगवान राम ने अयोध्या में अपनी जनता के लिए किया था। इस प्रकार शासक 'राम राज्य' स्थापित कर सकता है। उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार का यही 'हिंदू माडल' स्थापित करना चाहती है।

मोदी और योगी यह सिद्ध करने में लगे हैं कि विकास का 'हिंदू माडल' समाजवादी पार्टी सरकार के 'सामाजिक न्याय' माडल से सामाजिक समावेशन के मामले में बेहतर है। उनका कहना है कि 'हिंदू माडल' ने सभी जातियों व समुदायों को न्याय दिलाया है, जबकि समाजवादी पार्टी में कुछ ही जातियों को लाभ हुआ था। उनका दावा है कि सामाजिक समानता व सामाजिक सामंजस्य उनके शासन में पूरी तरह स्थापित है। अपने दावे के समर्थन में वे गैर-यादव पिछड़ी जातियों व दलितों का अपनी पार्टी के पक्ष में समर्थन की बात करते हैं जो हालिया वर्षों में मिला है। यदि मोदी और योगी पर विश्वास किया जाए तो उत्तर प्रदेश 'राम राज्य' की ओर बढ़ रहा है। यहां एक रामभक्त शासक भगवान राम की तरह ईमानदारी, न्याय व बिना भेदभाव के शासन कर रहा है। इससे सभी वर्गों का न्याय व निष्पक्षता में विश्वास उसी तरह बढ़ रहा है, जैसे भगवान राम की प्रजा का था। लेकिन स्थिति ठीक यही नहीं है। चुनावों की घोषणा होते ही भाजपा के अनेक विधायकों ने इस्तीफा दे दिया जिनका राजनीतिक कॅरियर गैर-यादव पिछड़ी जातियों के समर्थन पर आधारित था। इन इस्तीफों से संकेत मिला कि उनके निर्वाचन क्षेत्रों में भाजपा के प्रदर्शन से असंतोष है। जमीनी स्तर से आने वाली रिपोर्टों से इस दृष्टिकोण की पुष्टि हुई। सरकार द्वारा निचले वर्गों को दिए जाने वाले लाभों के प्रचार तथा उनकी जीवन स्थितियों के यथार्थ में काफी अंतर सामने आया। जमीनी रिपोर्टों से पता चलता है कि अनेक गांवों को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पक्के घर बनाने के लिए वित्तीय सहायता नहीं मिली क्योंकि वे स्थानीय अधिकारियों द्वारा मांगी जाने वाली रिश्वत देने में सक्षम नहीं थे।

ऐसे गावों में वाराणसी का जयापुर भी शामिल है जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सांसद के रूप में गोद लिए निर्वाचन क्षेत्र के चार गांवों में शामिल है। खुले में शौच से मुक्त-ओडीएफ घोषित गांवों में अनेक गरीब लोगों के पास अब भी शौचालय नहीं हैं। अन्य गांवों में बने शौचालय बेकार हो गए हैं। योगी का दावा है कि महिलाओं का जीवन सुरक्षित हुआ है, पर गरीब वर्गों की ग्रामीण लड़कियां जब खेतों में काम करने या अपने मवेशी चराने जाती हैं तो उनको छेड़छाड़, बलात्कार और हत्या के गंभीर खतरों का अब भी सामना करना पड़ता है। राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो के अनुसार राज्य में महिलाओं की इज्जत को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से उन पर हमले के 9,864 मामले 2020 में सामने आए थे। राज्य में महिला विरोधी अपराधों की संख्या 2018 में 59,445, 2019 में 59,853 तथा 2020 में 49,485 थी जो सभी राज्यों में सबसे अधिक है। निचले वर्गों के खिलाफ अत्याचार के सभी मामलों में अत्याचारी अमीर वर्गों के लोग थे। पीएम आवास योजना में वित्तीय सहायता के लिए 20 प्रतिशत कमीशन मांगने वाले, गावों में लड़कियों से छेड़छाड़ व बलात्कार करने वाले पुरुष तथा अत्याचारियों के पक्ष में काम करने वाले पुलिसजन, सभी अमीर वर्गों से थे। उत्तर प्रदेश के गरीब लोगों ने हमेशा स्वयं को 'छोटे लोग' की तरह देखा है जिनका 'बड़े लोग' उत्पीड़न और शोषण करते रहे हैं। यह स्थिति योगी शासन में भी नहीं बदली है। इसी कारण निचले तबकों का भाजपा से मोहभंग हो रहा है।

उनकी निराशा इस कारण भी बढ़ी है कि भाजपा ने सामाजिक-आर्थिक जाति गणना का विरोध किया है। पिछड़े वर्गों में गरीब समुदाय इस नतीजे पर पहुंचे हैं कि जब तक जातीय जनगणना नहीं होती है, उनको सार्वजनिक क्षेत्र में नौकरियों तथा कालेजों में प्रवेश की सुविधा कभी समान रूप से नहीं मिलेगी। योगी सरकार ने अपने द्वारा नियुक्त सामाजिक न्याय समिति की रिपोर्ट लागू करने से इनकार कर दिया है जिसने ओबीसी के 27 प्रतिशत आरक्षण को तीन पिछड़ी श्रेणियों में बांटने की संस्तुति की थी। इनमें 7 प्रतिशत पिछड़ी वर्गों, 11 प्रतिशत अधिक पिछड़े वर्गों तथा 9 प्रतिशत सर्वाधिक पिछड़े वर्गों के लिए होगा। निचले वर्गों में निराशा से भाजपा का यह भ्रम दूर हो गया है कि वह सभी जातियों को हिंदुत्व के गोंद से जोड़ सकती है। निचली जातियां सुरक्षा, गरिमा और प्रगति चाहती हैं। वे हिंदू एकता के लिए अपने सरोकार छोड़ने के लिए तैयार नहीं हैं। उनके लिए हिंदू एकता एक भ्रम है जिससे गहरे सामाजिक व आर्थिक विभाजन बने रहते हैं।

आज हिंदुत्व भाजपा द्वारा बनाए सामाजिक गठजोड़ के मलबे में दब गया है। इसका बड़ा कारण यह है कि पार्टी को सभी जातियों को हिंदुत्व के गोंद से जोड़ने की उम्मीद करने के पहले सामाजिक असमानता, सामाजिक अन्याय, आर्थिक उत्पीड़न, प्रशासनिक भेदभाव तथा भ्रष्टाचार के मूल मुद्दों को संबोधित करना है जिनका 'छोटे लोग' अपने जीवन में रोज सामना करते हैं। लेकिन चूंकि 'बड़े लोग' भाजपा के प्रमुख मतदाता हैं, इसलिए वह इस काम में दिलचस्पी नहीं ले रही है। निश्चित रूप से इससे पार्टी स्थाई रूप से भ्रम की स्थिति में रहेगी। हमें देखना होगा कि आने वाले वर्षों में वह इस भ्रम से कैसे बाहर निकलती है।

# नागरिक बनाम सांस्कृतिक राष्ट्रवाद

**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक पूर्व राज्यसभा सदस्य एवं प्रख्यात स्तम्भकार हैं)



भारत को सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की एक नई और काल्पनिक प्रथा द्वारा नागरिक राष्ट्रवाद के सुस्थापित सिद्धांत के विपरीत लिया जा रहा है, जो धार्मिक बहुमत की आड़ में चुनावी बहुमत पेश करना चाहता है, और राजनीतिक शक्ति का एकाधिकार करना चाहता है। इस प्रकार पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी ने संविधान की रक्षा पर एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा। तथ्य यह है कि पूर्व उपराष्ट्रपति ने एक अंतरराष्ट्रीय मंच पर बोलते हुए इन टिप्पणियों को चुना, भारतीय अमेरिकी मुस्लिम परिषद, विदेशी तत्वों के साथ जगह साझा कर रही है, जिनमें से कुछ हमारे देश और इसके हितों के प्रति शत्रुतापूर्ण हैं, यह भी नहीं है कई भारतीयों से हारे।

हालांकि, अंसारी के भाषण के जोर को अब बारीकी से जांचना चाहिए। उनका आरोप है कि एक बहुलवादी देश में संविधान द्वारा निर्धारित नागरिक जीवन पर्याप्त है। यह एक स्वागत योग्य दावे से बहुत दूर है। एक समुदाय की संस्कृति और इतिहास दूसरे समुदाय के लिए अरुचिकर हो सकता है। जिन लोगों को आजादी के बाद के इतिहास पर गर्व नहीं है क्योंकि वे अपनी नई मातृभूमि में प्रवास करने के बजाय दार-उल-हरब (संघर्ष की जगह) में रह गए हैं, अब वे अपने मूल को 1950 का संविधान पसंद करते हैं। यह एक संघर्ष है। संस्कृति और नागरिक अस्तित्व के बीच। एक महत्वपूर्ण खंड के विचार में, देश के बाकी हिस्सों की संस्कृति कुछ ऐसी है जो जाहलिया या अंधेरे में वापस आती है। इसलिए, पूर्व उपराष्ट्रपति की नाराजगी से एक और बहुत ही गंभीर सवाल उठना चाहिए, जिसे देश ने अब तक टालने के लिए चुना है, लेकिन इसके राजनीतिक शरीर के लिए अस्वास्थ्यकर परिणाम हैं। किसी देश के नागरिक जीवन के बारे में इतना स्थायी क्या है? संविधान में संशोधन किया जा सकता है; इसे दूसरे दस्तावेज़ से बदला जा सकता है। 1950 से अब तक हमारे अपने संविधान में 100 से अधिक बार संशोधन किया जा चुका है, जबकि भारतीय संस्कृति का इतिहास कम से कम वैदिक युग में वापस चला जाएगा। संभवतः पूर्व उप-राष्ट्रपति ने इस संघर्ष का उल्लेख किया था, जब उन्होंने सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की घटना की बात की, जिन्होंने नागरिक राष्ट्रवाद के सिद्धांत को स्थापित किया, संभवतः 1006 ईस्वी और कुतुबुद्दीन ऐबक, या शायद 1526 ईस्वी के बाद से जब बाबर की जीत हुई थी। पानीपत की पहली लड़ाई, या कोई अन्य तारीख।



जो नागरिक नागरिक राष्ट्रवाद के इच्छुक हैं उन्हें अपनी काल्पनिक प्राथमिकताओं को त्यागना होगा और देश की प्राचीन संस्कृति के साथ अपनी पहचान बनानी होगी। यह, अर्थात, राष्ट्र का विभाजन 1947 में प्रभावित हुआ था क्योंकि मेसर्स जिन्ना, मोहम्मद इकबाल और सर सैय्यद अहमद खान ने इसे किसी भी कीमत पर माना और चाहते थे। यह आने वाले समय के लिए एक समझौता था, जैसा कि अब प्रतीत होता है। उस विभाजन को पूर्ववत करने का अर्थ है सांस्कृतिक राष्ट्रवादियों और संभावित नागरिक राष्ट्र अधिवक्ताओं के बीच 60/40 जनसंख्या अनुपात।

तीन प्रमुख हस्तियों ने राष्ट्रवाद के इस टकराव की कल्पना की थी; अर्थात् एमए जिन्ना, बीआर अंबेडकर और डॉ राजेंद्र प्रसाद, हमारे पहले राष्ट्रपति। उन सभी ने प्रस्तावित किया कि राष्ट्र संघ, संयुक्त राष्ट्र के पूर्ववर्ती, ने 1923 में ग्रीस और तुर्की के संबंध में क्या किया था। इतिहास में वापस जाने पर, तुर्कों ने 1453 से पहले के दशकों में अनातोलिया और उसके पड़ोस पर विजय प्राप्त की थी। यह था पौराणिक ग्रीस का इस्लामी अधिग्रहण। तब तक इस्तांबुल कॉन्स्टेंटिनोपल था; पूर्वी ईसाई चर्च का मुख्यालय अभी भी इस ऐतिहासिक शहर में स्थित है। सदियों से, तुर्क और यूनानियों के बीच संघर्ष हुआ करते थे; वास्तव में, वे वैसे ही थे जिन्हें हम आजकल सांप्रदायिक दंगे कहते हैं। लीग ऑफ नेशंस, प्रथम विश्व युद्ध की समाप्ति के बाद - जब तुर्क अपनी हार और सदियों पुराने ओटोमन साम्राज्य के पतन के बाद सुनने के लिए उत्तरदायी थे - ने यूनानियों के आदान-प्रदान का प्रस्ताव रखा, जो अपने मूल देश में प्रवास करने वाले थे, जबकि सभी तुर्क तुर्की में प्रवास करने वाले थे।

क्या किया जाना था, कौन क्या करेगा और कब तक की विस्तृत प्रक्रिया का दस्तावेजीकरण किया गया था। विनिमय सुचारू रूप से और व्यवस्थित रूप से आयोजित किया गया था; तब से एक भी दंगा नहीं हुआ है।

पूर्व उपराष्ट्रपति अंसारी ने जिस बात को स्पष्ट करने के लिए चुना है, उस पर लौटते हुए, कई संबंधित देशवासियों के मन में कई सवाल उठते हैं। एक पूर्व उप-राष्ट्रपति ने अपने ही देश के खिलाफ टिप्पणी करने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय मंच का चयन क्यों किया, जिसका दूसरा सबसे बड़ा पद उन्होंने 10 साल तक संभाला? क्या अंसारी के इस दावे में रत्ती भर भी दम है कि भारत एक नए सांस्कृतिक राष्ट्रवाद से अलग हो रहा है? देश के पूर्व उपराष्ट्रपति के सार्वजनिक जीवन में रिकॉर्ड की अनदेखी करना भी बहुत मुश्किल है। इसके अलावा, तथ्य यह है कि अंसारी ने भारतीय अमेरिकी मुस्लिम परिषद (आईएएमसी) का मंच चुना, जो भारत विरोधी गतिविधियों के एक लंबे इतिहास के साथ एक सांप्रदायिक पैरवी समूह है, निश्चित रूप से किसी भी नागरिक राष्ट्रवाद के लिए एक खराब वकालत है। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और कुछ नहीं बल्कि अपने मौलिक लोकाचार के प्रति जागृत राष्ट्र है।

सहिष्णुता, एकजुटता, शांति और राष्ट्रीय सुरक्षा की किसी भी भावना को बढ़ावा देने में इस कथित नागरिक राष्ट्रवाद का ऐतिहासिक ट्रैक रिकॉर्ड सबसे अच्छा निराशाजनक कहा जा सकता है। पूर्व उपराष्ट्रपति की टिप्पणियों का सार, अगर किसी को उनके डायट्रीब को नजरअंदाज करना था, तो उनके द्वारा बताए गए खतरे की सटीक प्रकृति के बारे में किसी विशिष्ट सामग्री की कमी है।

आजादी के बाद से गंभीर चुनौतियों की कोई कमी नहीं होने के बावजूद, देश दृढ़ता से लोकतंत्र और उसी स्वतंत्रता के साथ खड़ा है जिसने हामिद अंसारी को देश का उपराष्ट्रपति बनने दिया।

## आप की बात

### गरीबी का कुचक्र

**उप्र** की करीब 30 फीसदी आबादी गरीबी के तले जी रही है। बहुआयामी गरीबी सूचकांक का स्कोर 0.18 है। प्रदेश की 44.47 प्रतिशत जनसंख्या कुपोषण का शिकार है, ये भारत सरकार के नीति आयोग के आंकड़े हैं। हां, पहले के मुकाबले आंकड़े अच्छे ज़रूर हुए है मगर शून्य नहीं! इनका यहां उल्लेख इसलिए जरूरी है, क्योंकि देश के सबसे बड़े राज्य में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। उप्र से सबसे अधिक लोकसभा सांसद चुने जाते है। राज्य में 15 करोड़ से ज्यादा मतदाता हैं। प्रतिभा की भी यहां कोई कमीं नहीं है। लेकिन इतने महत्त्वपूर्ण राज्य के विधानसभा चुनाव में गरीबी, बेरोज़गारी, महंगाई, कुपोषण आदि मुख्य मुद्दे नहीं हैं। हाँ, इनका उल्लेख विपक्षी नेता टीवी पर बहसों मे जरूर करते हैं। यह मुद्दे चुनाव प्रचार मे गायब है क्योंकि इन पर वोट नहीं मिलते। पार्टीयों ने राज्य को सांप्रदायिक आधार पर विभाजित कर दिया हैं। वास्तविकता यह है की राजनीति धर्म और जाति की संकरी गली में फंस चुकी है। दिन ब दिन राजनीती का चेहरा कुरूप होता जा रहा हैं।, इन दलों को इस बात से कोई फ़र्क नही पडता कि उनके स्वर देश हित मे हैं या उनसे देशद्रोह की बू आती है। दुखद तो यह भी है कि देश मे उनके स्वर मे अपने स्वर मिलाने वालों की भी कमी नहीं।

– **विभुक्ति बुपक्या**, आष्टा, मप्र

### आत्मदाह नहीं आत्ममंथन

**उ प्र** के उन्नाव जिले में एक फरवरी को कलेक्ट्रेट परिसर के पास सड़क पर गो सेवक अखिलेश अवस्थी ने पेट्रोल डाल कर खुद को आग लगा लिया। बेसहारा गोवंशीय पशुओं की बेकदरी से परेशान गो सेवक ने जिलाधिकारी और विधायक से शिकायत किया था। लेकिन सुनवाई न होने पर आत्मदाह करने का प्रयास किया और 40 प्रतिशत जल गए है।जिन्हें अस्साल में भर्ती कराया गया। दूसरी ओर दिल्ली में सुप्रीम कोर्ट के बाहर देवरिया जिले के युवक ने थाने में सुनवाई न होने के कारण पेट्रोल डालकर आग लगा लिया। जिसे पुलिस ने आग बुझाकर अस्साल में भर्ती करवाया। जो 30प्रतिशत झुलस गए है।दोनो ही लोग देश के सबसे बड़ी आबादी वाले राज्य उ प्र से है। जहां उनकी सुनवाई न होने से आत्मदाह करने को प्रेरित हुये। प्रधानमंत्री मोदी ने जनसुनवाई की बेहतर व्यवस्था करने का वादा किया था। लेकिन लोगों की सुनवाई नही होती। प्रदेश में बेहतर जन सुनवाई व्यवस्था बनाने की ओर केंद्र और राज्य सरकार को ध्यान देना चाहिए। दूसरी ओर लोगों को आत्मदाह की जगह आत्ममंथन करना चाहिये। समस्या के निराकरण के लिये अदालत जाना चाहिये। जहां उन्हें न्याय जरूर मिलेगा।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव, उन्नाव

### निराश करने वाला बजट

**वित्त** मंत्री और पीएम मोदी ने वेतनभोगी और मध्यम वर्ग के लिए कोई राहत की घोषणा नहीं करके उन्हें निराश किया है। उन्होंने ट्वीट कर लिखा कि इस बजट में कुछ नहीं है। गरीब की जेब खाली, कुछ नहीं। नौकरीपेशा की जेब खाली, कुछ नहीं। मध्यम वर्ग की जेब खाली, कुछ नहीं। किसान की जेब खाली, कुछ नहीं। युवाओं की आशा टूटी, कुछ नहीं। खपत बढ़ाने के लिए, कुछ नहीं। छोटे उद्योग को बढ़ावा, कुछ नहीं। आयकर में छूट नहीं! अरबों खरबों का बजट है! लेकिन गरीबों की जेब में शायद ही कुछ जा पाए अब तो बजट का अर्थ ही सरकार द्वारा आम आदमी की जेब टटोलना हो गया है !सरकार यदि गेर योजनागत सरकारी खर्चों में भारी कटौती नहीं करती, राजकीय कर्मचारियों की भारी-भरकम तनख्वाह और मुफ़्त सुविधाएं कम नहीं करती तब तक आम आदमी की झोली में एक फूटी कौड़ी भी जाने वाली नहीं है! चाहे कितनी भी लीपापोती करके आकर्षक बूत खड़ा कर दिया जाए लेकिन राहत के प्राण नहीं फूंके जा सकते यह बजट पूरी तरह निराश करने वाला है!

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



"**विश्व** स्तर पर लोग एक सशक्त और मजबूत भारत देखना चाहते हैं। हमारे लिए जरूरी है कि हम अपने देश को तेज गति से आगे ले जाएं।

– **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**पिछले** शीतकालीन सत्र में व्यवधानों और जबरन स्थगन के कारण राज्यसभा को 52.10 प्रतिशत मूल्यवान बैठक का समय गंवाना पड़ा था।

– **वेंकैया नायडू**
उपराष्ट्रपति



**यह** बजट भारत के वेतनभोगी वर्ग और मध्यम वर्ग के साथ विश्वासघात है। उन्हें कोई राहत नहीं प्रदान की गई है।

– **रणदीप सुरजेवाला**
कांग्रेस नेता"



# बसपा ने फिर लगाया है ब्राह्मणों पर दांव

सतीश सिंह। लखनऊ

**उत्तरप्रदेश** विधानसभा चुनाव को लेकर अयोध्या से चुनावी अभियान के तहत ब्राह्मण सम्मेलन करने वाली बसपा ने इस बार चुनाव में मुस्लिमों के अलावा ब्राह्मणों पर भी दांव लगाया है। पार्टी की तरफ से जारी पांचवें चरण की सूची में शामिल 61 सीटों में से 22 सीटों पर ब्राह्मण उम्मीदवार उतार कर अपना प्रेम जाहिर कर दिया है। चुनाव से पूर्व ब्राह्मण वर्ग को बसपा के नजदीक लाने के लिए पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एस सी मिश्र ने अथक प्रयास किये हैं और लगातार कर रहे हैं। पहले इसे ब्राह्मण सम्मेलन का नाम दिया गया मगर जब जातिवाद की खबर आने लगी तो पार्टी ने इसे प्रबुद्ध सम्मेलन का नाम दे दिया।

पार्टी ब्राह्मण-दलित-मुस्लिम समीकरण में जीत देख रही है। जिसका नतीजा है कि बसपा सुप्रीमो मायावती ने पांचवें चरण के लिए सर्वाधिक ब्राह्मणों को मैदान में उतार कर बड़ा दांव खेला है। यही वह चरण है जिसमें राम जन्मभूमि क्षेत्र अयोध्या से लेकर अवध तक चुनाव होना है। राष्ट्रीय महासचिव सतीश चंद्र मिश्र ने चुनावी माहौल बनाने के लिए सर्वाधिक बैठकें भी इन्हीं क्षेत्र में की हैं। उनकी रिपोर्ट और क्षेत्रीय संतुलन के आधार पर ही सर्वाधिक ब्राह्मणों को टिकट दिए गए हैं।



### पहले के चार चरणों में 27 तथा पांचवें में 22 को मिला टिकट

बसपा की तरफसे पहले चार चरणों की 232 सीटों के लिए घोषित उम्मीदवार की सूची में केवल 27 ब्राह्मणों को टिकट दिया गया था। वहीं पांचवें चरण की 61 सीटों के लिए जारी सूची में ही एक साथ 22 ब्राह्मणों को टिकट दिया गया है। इससे अब यह भी अंदाजा लगाया जाने लगा है कि शेष बचे दो चरणों की जो सूची जारी होने वाली है उसमें ब्राह्मणों की हिस्सेदारी और बढ़ेगी। छठा और सातवां चरण पूर्वांचल का है।

**अब तक घोषित 293 उम्मीदवार**

| | |
|---|---|
| सवर्ण | 81 |
| ओबीसी | 80 |
| एससी | 63 |
| मुस्लिम | 69 |

# प्रचार में भी पीछे दिख रही कांग्रेस

- नजर नहीं आ रहे पार्टी के स्टार प्रचारक, प्रियंका ने भी बना रखी है जमीनी प्रचार से दूरी
- सोशल मीडिया प्लेटफार्म तक ही हैं सीमित

विवेक श्रीवास्तव। लखनऊ

**प्रदेश** की सत्ता पर आसीन भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेताओं ने जहां उत्तर प्रदेश के चुनाव में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है वहीं दूसरी ओर राजनीतिक वनवास झेल रही कांग्रेस के स्टार प्रचारक कहीं दूर-दूर तक नजर नहीं आ रहे हैं।। पहले चरण के चुनाव में अब मात्र एक सप्ताह शेष रह गया है और पश्चिम उत्तर प्रदेश में कांग्रेस का कोई बड़ा नेता अभी तक नहीं पहुंचा है। यह स्थिति तब है जब पहले चरण की 58 सीटों पर खाता खोलना भी कांग्रेस के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। कमोवेश देखा जाए तो उत्तर प्रदेश के सभी चरणों के चुनाव में कांग्रेस की स्थिति एक जैसी ही है। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की जिम्मेदारी संभाल रहीं प्रियंका गांधी वाड्रा भी अभी तक मैदान में नहीं उतरी हैं और चुनाव प्रचार से दूरी बनाए हुए हैं। उनका प्रचार सिर्फ सोशल मीडिया तक ही सीमित है।



कोरोना के चलते वैसे तो चुनाव आयोग ने राजनीतिक पार्टियों की बड़ी रैलियों और रोड शो पर रोक लगा रखी है लेकिन फिर भी निर्धारित संख्या में डोर टू डोर कैंपेन और इनडोर बैठकों की इजाजत है। जिसका पूरा लाभ सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी और अन्य दलों द्वारा उठाया जा रहा है। देश के गृह मंत्री अमित शाह से लेकर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सीएम योगी आदित्यनाथए, प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य समेत पार्टी के तमाम बड़े नेता लगातार पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सक्रिय हैं और पार्टी के पक्ष में माहौल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी पश्चिमी उत्तर प्रदेश में वर्चुअल रैली को संबोधित कर रहे हैं।

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव व राष्ट्रीय लोक दल के मुखिया जयंत चौधरी भी गठबंधन के उम्मीदवारों की जीत के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगाए हुए हैं। इन दोनों बड़े नेताओं के अलावा सपा-रालोद के अन्य नेता भी व्यापक जनसंपर्क करके पक्ष में माहौल बनाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने भी बुधवार को आगरा में जनसभा कर उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में चुनावी शंखनाद कर दिया है। प्रचार के मोर्चे पर भाजपा और सपा-रालोद गठबंधन के मुकाबले कांग्रेस पूरी तरह से पीछे नजर आ रही हैं। कहने को तो कांग्रेस ने पहले चरण के चुनाव प्रचार के लिए पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह, सांसद राहुल गांधी, महासचिव व यूपी प्राभारी प्रियंका गांधी वाड्रा, यूपी प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू, आराधना मिश्र मोना, गुलाम नबी आजाद,अशोक गहलोत, भूपेंद्र सिंह हुड्डा, भूपेश बघेल, सलमान खुर्शीद, राज बब्बर, प्रमोद तिवारी, पीएल पुनिया सहित पार्टी के 30 दिग्गज नेताओं को अपना स्टार प्रचारक घोषित किया था।

पार्टी ने कहा था कि यह सभी नेता कांग्रेस के उम्मीदवारों के लिए मैदान में उतरेंगे लेकिन हकीकत यह है कि एक भूपेश बघेल को छोड़कर अन्य कोई भी नेता पश्चिम उत्तर प्रदेश के चुनाव प्रचार में अभी तक नजर नहीं आया है। खुद प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी अभी तक सिर्फ एक दिन नोएडा में प्रचार किया है। अब कांग्रेस ने दूसरे चरण के चुनाव प्रचार के लिए भी बीते मंगलवार को 30 स्टार प्रचारकों की दूसरी लिस्ट भी जारी कर दी है। इसमें खास बात ये है कि पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का नाम नहीं शामिल है। इस लिस्ट में राहुल-प्रियंका गांधी का नाम है। कहा जा रहा है कि सेहत संबंधी दिक्कतों के कारण सोनिया और मनमोहन सिंह यूपी चुनाव के लिए प्रचार नहीं करेंगे।

उत्तर प्रदेश में कांग्रेस अपने बलबूते चुनाव लड़ रही है और प्रियंका गांधी ही पार्टी के पास बड़ा चेहरा हैं लेकिन जमीनी स्तर पर उन्होंने भी अभी तक कोई सक्रियता नहीं दिखाई है। प्रियंका सिर्फ सोशल मीडिया प्लेटफार्म तक ही सीमित हैं। युवाओं और महिलाओं के मुद्दे पर वह फेसबुक लाइव के माध्यम से संवाद कर रही हैं। इसके अलावा ट्विटर और व्हाट्सएप पर भी अपनी सक्रियता दिखा रही हैं। इसके अलावा पार्टी का दावा है कि अधिक से अधिक महिला मतदाताओं तक अपनी पहुंच बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश में डोर टू डोर अभियान महिलाओं के लिए महिलाओं द्वारा महिलाओं के लिए शुरू किया है। प्रियंका गांधी अब कांग्रेस प्रतिज्ञा पत्र और शक्ति विधान में किए गए वादों की याद दिलाने के लिए उत्तर प्रदेश की महिलाओं को पत्र भेज रही हैं। पोस्ट कार्ड की शक्ल वाले गुलाबी रंग के इस पत्र को शक्ति संवाद का नाम दिया गया है। पत्र के जरिये प्रियंका गांधी महिलाओं को उनसे किए वादों की याद दिलाते हुए उत्तर प्रदेश के भविष्य की एक नई कहानी लिखने के लिए विधानसभा चुनाव में समर्थन मांग रही हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि उन्हें फिजिकल तौर पर भी चुनाव प्रचार में उतरना पड़ेगा। राहुल गांधी ने भी अभी तक यूपी में कोई चुनाव प्रचार नहीं किया है। यूपी के पश्चिमी जिलों में जाट और गुर्जर मतदाताओं की संख्या को देखते हुए कांग्रेस ने स्टार प्रचारकों की लिस्ट में पार्टी के जाट और गुर्जर नेताओं को शामिल तो जरूर किया है लेकिन अभी तक उनमें से भी किसी ने भी प्रचार अभियान की शुरुआत नहीं की है।

# मंत्री सुरेश खन्ना नौंवी बार जीत के लिए गाना गाकर मांग रहे वोट

भाषा। शाहजहांपुर

**उत्तर प्रदेश** विधानसभा चुनाव प्रचार में प्रत्याशी मतदाताओं को रिझाने के लिए तरह-तरह के उपक्रम कर रहे हैं और इस कड़ी में शाहजहांपुर शहर विधानसभा सीट से प्रत्याशी प्रदेश सरकार के संसदीय कार्य व वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना भी पीछे नहीं हैं और वह गाना गाकर वोट मांग रहे हैं। शाहजहांपुर सीट से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर आठ बार निर्वाचित हुए खन्ना नौवीं बार जीत के लिए अपनी सभाओं में कवि प्रदीप का लिखा देशभक्ति गीत हम लाए हैं तूफान से कश्ती निकाल के की पैरोडी इस क्षेत्र को



रखना मेरे मित्रों संभाल के, हम लाएं हैं अपराध से यूपी निकाल के गा-गा कर वोट मांग रहे हैं। मतदाताओं को गाना सुनाने के बाद खन्ना अपने भाषण में उसका पूरा मतलब भी समझाते हैं। वह बताते हैं, कैसे पांच साल में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य से माफिया, जातिवाद, क्षेत्रवाद को समाप्त कर विकास का नया अध्याय शुरू किया है। वह अपनी नौंवी जीत के लिए मतदाताओं को जागरूक भी करते हैं। खन्ना के मुकाबले इस बार समाजवादी पार्टी ने अपने जिलाध्यक्ष तनवीर खां, कांग्रेस ने पूनम पांडेय और बहुजन समाज पार्टी ने सर्वेश मिश्र को चुनाव मैदान में उतारा है। यहां दूसरे चरण में 14 फरवरी को मतदान होना है।

# जिसका आरक्षित सीटों पर वर्चस्व उसको मिलती सत्ता

अभिषेक रंजन। लखनऊ

- सिंहासन हासिल करने में दलित-पिछड़ा समीकरण की होती है मुख्य भूमिका

**यूपी की** राजनीति में आरक्षित सीटों का भी अलग जादू है। जिसके पास विधान सभा की आरक्षित 86 सीटें हैं सत्ता की चाबी भी उसी के हाथ में होती है। बीते तीन विधान सभा चुनाव का परिणाम फिलहाल इसी तरफ इशारा करता है कि मायावती, अखिलेश और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सत्ता के सिंहासन पर बैठाने में इन सीटों का बड़ा योगदान रहा है।

2007 के विधानसभा चुनाव में एससी के लिए 89 सीटें आरक्षित थीं। इस चुनाव में बसपा ने 61 रिजर्व सीटों पर जीत दर्ज की थी, सपा ने 13, बीजेपी ने सात , कांग्रेस ने पांच, आरएलडी ने एक, राष्ट्रीय स्वाभिमान पार्टी ने एक और निर्दलीय ने एक सीट पर जीत दर्ज की थी। बसपा ने 69 फीसदी आरिक्षत सीटों पर जीत दर्ज की थी। जिसका परिणाम यह हुआ कि यूपी में लंबे समय बाद पूण बहुमत की सरकार बनी और सत्ता पर मायावती काबिज हुई। 2012 के विधानसभा चुनाव में 85 सीटें आरिक्षत थीं। उस चुनाव में सपा ने 58, बसपा ने 15, कांग्रेस ने चार, बीजेपी ने तीन, आरएलडी ने तीन और निर्दलियों ने दो सीटों पर जीत दर्ज की थी। सपा ने इस चुनाव में आरिक्षत श्रेणी की 68 फीसदी सीटों पर जीत दर्ज कर प्रदेश में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई थी। सपा की जीत का आंकड़ा 224 था जोकि 2007 के विधान सभा चुनाव में मुकाबले बसपा से अधिक था।

वहीं 2017 के चुनाव में विधानसभा में रिजर्व सीटों की संख्या 86 हो गई थी। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर यूपी में पहली बार दो सीटें एसटी के लिए आरक्षित की गई थीं। दोनों सीटें सोनभद्र जिले में हैं। बीजेपी ने इनमें से 70 सीटों पर जीत दर्ज की थी। उसने एससी वर्ग की 69 और एसटी वर्ग की एक सीट जीती थी। वहीं सपा ने सात, बसपा ने दो और एक सीट निर्दलीय ने जीती थी। अपना दल ने तीन सीटें जीती थी। इनमें से दो एससी और एक एसटी वर्ग के लिए आरक्षित सीट थी। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ने तीन सीटों पर जीत दर्ज की थी। अपना दल और सुभासपा ने बीजेपी के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ा था। इस तरह बीजेपी के नेतृत्व वाले घटक दलों ने 88 फीसदी सीटों पर जीत दर्ज की थी। बीजेपी ने पिछले विधान सभा चुनाव में इस प्रकार 324 सीटों पर जीत दर्ज की थी। इन तीनों चुनाव के नतीजों को देखने से पता चलता है कि आरक्षित सीटों की 65 फीसदी से अधिक सीटें जीतने वाली पार्टी ही यूपी में सरकार बनाती है। इस बार भी 2022 के विधानसभा चुनाव में सभी राजनीतिक दलों की नजर इन आरक्षित वर्ग की सीटों पर है। महत्वपूर्ण बात है कि सपा ने भी इस पर अल्पसंख्यकों से अधिक पिछड़े वर्ग को तव्वजो टिकट बंटवारे में दी है। बसपा ने भी खासतौर पर पश्चिम में ब्राह्मण-दलित गठजोड़ पर जोर दिया है। बसपा ने पश्चिम में मुस्लिम प्रत्याशियों को उतारा है लेकिन फोकस ब्राह्मण-दलित गठजोड़ पर अधिक है। भाजपा ने भी आरक्षित सीटों पर 2017 के नतीजों को दोहराने के लिए प्लान तैयार कर रखा है। इसमें बीजेपी पिछले कई माह से इसी



पर काम कर रही है। चाहे दलित के घर भोजन करना हो या फिर दलित लाभार्थी के साथ प्रदेश पदाधिकारियों का फोटो खिचवाना हो, संगठन ने ऐसे कई कार्यक्रम तैयार किए हैं जो कि दलितों के ईद-गिर्द अधिक घूमते हैं। पार्टी ने दलितों को मोदी-योगी के काम के साथ-साथ राष्ट्रवाद के भी नाम पर आकर्षित करने का पूरा प्रयास किया है। यही वजह है कि केंद्र और यूपी की भाजपा सरकार ने भी दलितों से जुड़ी कई योजनाओं को एलान कर रखा है।

### हर दल के निशाने पर दलित वोट बैंक

स्पष्ट होता है सरकार बनाने में दलित का वोट बैंक बहुत महत्वपूर्ण है। जाहिर है कि ऐसी सीटों पर जाति के आधार पर ही प्रत्याशी उतारे जाते हैं। बीजेपी ने खासतौर पर इसी समीकरण पर काम किया है। जो टिकट बांटे इन आरक्षित सीटों या अन्य सीटों पर वहां जाति और क्षेत्रीय समीकरण का विशेष ध्यान रखा है। बीजेपी ने पिछली बार जिस तरह गैर यादव ओबीसी को अपने पाले में किया उसी तरह गैर जाटव को जाटव से अलग करके ही अपनी जीत तय की। रिजर्व सीटों पर बीजेपी ने 2017 में 65 गैर जाटव को टिकट दिया। इस बात को पश्चिम के सियासी चौसर को देख कर समझा जा सकता है। यहां पर गैर बीजेपी दल जाट और मुस्लिम को साथ में करने का प्रयास कर रहे हैं जबकि बीजेपी यहां मोदी-योगी के काम व राष्ट्रवाद के नाम पर जाट व जाटव को एक साथ कर रही है। दलितों के लिए सभी दलों में बड़े चेहरे भी हैं। दलित नेताओं की बात की जाए तो बसपा प्रमुख मायावती सबसे बड़ी नेता के तौर पर सामने आती हैं। वह प्रदेश की पहली दलित महिला मुख्यमंत्री हैं और चार बार इस पद पर रही हैं। बीएसपी में दलित नेताओं की एक लंबी लिस्ट है लेकिन मायावती के नाम के आगे वे उभर नहीं पाते। भाजपा के पास सुरेश पासी, रमापति शास्त्री, गुलाब देवी और कौशल किशोर जैसे नेता हैं। इसके अलावा विनोद सोनकर हैं जो भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष हैं। केंद्रीय नेतृत्व में भी बीजेपी के पास दलित चेहरों की लंबी लिस्ट है। कांग्रेस के पास पीएल पुनिया, आलोक प्रसाद, कमल किशोर, राधेश्याम कनौजिया जैसे नेता हैं। समाजवादी पार्टी में अवधेश प्रसाद, सुशीला सरोज, ऊषा वर्मा, अनिल दोहरे, इंद्रजीत सरोज जैसे नाम हैं।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश की 21 आरक्षित सीटों के समीकरण साधने में राजनीतिक दल जुट गए हैं। रामपुर मनिहारन, सहारनपुर ग्रामीण, पुरकाजी, खैर, इगलास, जलेसर, नहटौर, नगीना, धनौरा, हापुड़, हस्तिानपुर, खुर्जा, आगरा देहात, आगरा कैंट, टूंडला, किशनी, बलदेव, फरीदपुर, पूरनपुर, पुवायां सीट जैसी सीटों पर बीजेपी का चुनावी अभियान पूरे शबाब पर है। भाजपा खास तौर पर दलित मतदाताओं पर नजर गड़ाए हुए है। सरकार ने मंत्रिमंडल विस्तार किया तो इसका खास ख्याल रखा और दलितों को तरजीह दी। सुरक्षित सीटों से जीतकर आए विधायकों को मंत्री बनाकर यह संदेश देने की कोशिश की गई कि भाजपा दलितों का खास ख्याल रख रही है। भगवा खेमे की पूरी मंशा आरक्षित वर्ग के साथ वैश्य, ठाकुर, गुर्जर, ब्राह्मण, त्यागी, अति पिछड़ा वर्ग को साथ लाने की है।

# पहले चरण के चुनाव में 156 दागी

**एडीआर की रिपोर्ट में किया गया दावा**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**चुनाव** सुधार के लिए काम करने वाली उत्तर प्रदेश इलेक्शन वॉच एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के पहले चरण में चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों पर दर्ज मामलों की रिपोर्ट जारी की है। एडीआर की रिपोर्ट के अनुसार पहले चरण की 58 सीटों पर चुनाव लड़ रहे 623 उम्मीदवारों में 615 के शपथ पत्रों का विश्लेषण किया गया है। इसमें 156 यानी 25 फीसदी उम्मीदवारों ने खुद पर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। लखनऊ में बुधवार को एडीआर की ओर से प्रेस कांन्फ्रेंस करके प्रथम चरण के लिए चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों पर दर्ज आपराधिक मामलों की जानकारी दी गई। जिसके अनुसार सपा के 28 में से 21, रालोद के 29 में से 17, बीजेपी के 57 में से 29, कांग्रेस के 58 में से 21, बसपा के 56 में से 19 और आम आदमी पार्टी के 52 में से 8 प्रत्याशियों पर आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

एडीआर के मुताबिक समाजवादी पार्टी के 61 प्रतिशत, आरएलडी के 52 प्रतिशत, बीजेपी के 39 प्रतिशत, कांग्रेस के 19 प्रतिशत, बीएसपी के 29 प्रतिशत और आम आदमी पार्टी के 10 प्रतिशत प्रत्याशियों ने अपने ऊपर गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। एडीआर ने बताया कि 12 उम्मीदवार ऐसे हैं, जिन्होंने महिलाओं के ऊपर अत्याचार से संबंधित मामले घोषित किए हैं। इनमें से एक उम्मीदवार ने अपने ऊपर बलात्कार से संबंधित मामला घोषित किया है। हत्या से संबंधित मामले घोषित करने वाले उम्मीदवारों की संख्या 6 है। हत्या के प्रयास से संबंधित मामले घोषित करने वाले उम्मीदवार 30 हैं । इनके ऊपर आईपीसी की धारा 307 के तहत केस दर्ज हैं।



### 31 निर्वाचन क्षेत्र संवेदनशील

**एडीआर** के अनुसार उत्तर प्रदेश चुनाव के पहले चरण में 58 में से 31 संवेदनशील निर्वाचन क्षेत्र हैं जहां तीन या उससे अधिक उम्मीदवारों ने अपने ऊपर गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। चिंता की बात यह है कि पहले चरण में उम्मीदवारों के चयन में राजनीतिक दलों पर सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। उन्होंने आपराधिक मामले वाले 25 प्रतिशत उम्मीदवारों को टिकट देने की प्रथा जारी रखी है।

### 280 उम्मीदवार करोड़पति

**एडीआर** के मुताबिक 615 उम्मीदवारों में से 280 करोड़पति हैं। पहले चरण के उम्मीदवारों की औसतन संपत्ति 3.72 करोड़ है। सपा के 28 उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 13.23 करोड़, बीजेपी के 57 उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 12.01 करोड़ और आरएलडी के 29 उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 8.32 करोड़ है। बीएसपी के 56 उम्मीदवारों की संपत्ति 7.71 करोड़, कांग्रेस के उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 3.08 करोड़ है और आम आदमी पार्टी के 52 उम्मीदवारों की संपत्ति 1.12 करोड़ है।

# एमएसएमई को समर्थन देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : पीयूष गोयल

**भाषा**। नई दिल्ली



**केंद्रीय** वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि सरकार विभिन्न योजनाओं के जरिए विनिर्माण एवं औद्योगिक वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है तथा मध्यम, लघु एवं सूक्ष्म उद्यमों (एमएसएमई) को समर्थन देने के लिए 4.5 लाख करोड़ रूपए ऋण मंजूर किया गया है।

लोकसभा में कलानिधि वीरास्वामी, अधीर रंजन चौधरी और मलूक नागर के पूरक प्रश्नों के उत्तर में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यह बात कही।

सदस्यों ने मेक इन इंडिया कार्यक्रम एवं एमएसएमई की स्थिति को लेकर सवाल पूछा था। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने बड़ी संख्या में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के बंद होने की खबरों के बारे में स्थिति स्पष्ट करने की मांग की थी। इस पर गोयल ने कहा कि मेक इन इंडिया पहल के तहत कई योजनाएं शुरू की गईं। उन्होंने कहा, हमने 14 क्षेत्रों के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना शुरू की है जिसका मकसद भारत को वैश्विक स्तर पर अग्रणी बनाना है। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि विपक्ष को यह आत्मचिंतन करना चाहिए कि उनकी सरकार के समय जो कुछ हुआ, उसके कारण ही भारत में विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्र की दुर्दशा हुई।

उन्होंने दावा किया कि 40 वर्ष पहले जब सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में औद्योगिकी विनिर्माण क्षेत्र का काफी योगदान होता था, तब कांग्रेस ने इन उद्योगों को समर्थन देने के लिए कुछ नहीं किया।

गोयल ने कहा कि एमएसएमई को 4.5 लाख करोड़ रुपए का ऋण मंजूर किया गया है जिससे। करोड़ 30 लाख इकाइयों को फायदा हुआ है। उन्होंने कहा कि इसके परिणामस्वरूप काफी संख्या में सूक्ष्म एवं लघु इकाइयों को फायदा हुआ है। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा एमएसएमई क्षेत्र और उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए समग्र प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि एमएसएमई ऐसा क्षेत्र है जिस पर सरकार काफी ध्यान दे रही है और हम यह सुनिश्चित करेंगे कि सरकार से सभी एमएसएमई को सहयोग मिले। गोयल ने कहा कि अप्रैल 2021 से जनवरी 2022 तक लगातार 10 महीने तक भारत ने 30 अरब डॉलर का निर्यात दर्ज किया जो एक रिकार्ड है। उन्होंने कहा, हमने 334 अरब डॉलर के निर्यात के स्तर को पार कर लिया है जो 12 माह की अवधि में भारत द्वारा हासिल किया गया सर्वोच्च आंकड़ा है।

वाणिज्य मंत्री ने कहा कि सरकार ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, यूरोपीय संघ और कनाडा के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत शुरू की है। उन्होंने कहा कि हम खाड़ी सहयोग परिषद के देशों के साथ भी बातचीत कर रहे हैं। गोयल ने कहा, भारत निर्यात नीत वृद्धि की दिशा में बढ़ रहा है और हम विभिन्न कदमों के जरिए एमएसएमई क्षेत्र की मदद कर रहे हैं।

# भाजपा को 2024 में हराने के लिए क्षेत्रीय दलों को साथ आना चाहिएः ममता बनर्जी

**भाषा**। कोलकाता



**तृणमूल** कांग्रेस की प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को सभी क्षेत्रीय दलों से आह्वान किया कि वे 2024 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को पराजित करने के लिए साथ आएं।

तृणमूल कांग्रेस की फिर से अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद ममता बनर्जी ने कांग्रेस पर परोक्ष रूप से कटाक्ष किया और कहा कि अगर वह अपने अहंकार की वजह से पीछे बैठना चाहती है तो उनकी पार्टी (टीएमसी) को जिम्मेदार नहीं ठहरा सकती। उन्होंने कहा कि हम सभी पार्टियों से आग्रह करना चाहते हैं कि वे साथ आएं और 2024 में भाजपा को पराजित करें। हम चाहते हैं कि भाजपा का मुकाबला करने और उसे पराजित करने के लिए सभी दल साथ आएं। हमारा मकसद भाजपा को पराजित करने का है।

अगर हम पश्चिम बंगाल में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) को पराजित कर सकते हैं तो हम राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा को भी पराजित कर सकते हैं। तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने मेघालय और चंडीगढ़ में हुए हालिया चुनावों में भाजपा की जीत में मदद की।

दरअसल मेघालय में कुछ सप्ताह पहले कांग्रेस के ज्यादातर विधायक तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए जिससे ममता बनर्जी की पार्टी मुख्य विपक्षी दल बन गई। चंडीगढ़ के महापौर के चुनाव में कांग्रेस के पार्षदों के अनुपस्थिति रहने के बाद भाजपा ने आम आदमी पार्टी को पराजित किया। बनर्जी ने कहा कि हम चाहते हैं कि जो भी भाजपा के विरोध में है, उसे एक मंच पर आना चाहिए, लेकिन अगर कोई अहंकार के चलते पीछे बैठना चाहता है तो वह हमें जिम्मेदार नहीं ठहरा सकता।

अगर जरूरत पड़ी तो हम भाजपा के खिलाफ अकेले लड़ेंगे। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने मंगलवार को पेश केंद्रीय बजट को बड़ा झांसा करार दिया। उन्होंने कहा, यह एक बड़ा झांसा है। इसमें आम जनता के लिए कुछ नहीं है। सिर्फ दो लोग भारत के भविष्य के साथ खेल रहे हैं। इस देश के लोग नौकरी और भोजन चाहते है। वे हीरे नहीं चाहते।

बनर्जी ने आरोप लगाया, अब तो पद्म भूषण सम्मान का राजनीतिकरण कर दिया गया है। कुछ वर्षों से राजनीति का विमर्श बदल गया है।

## राष्ट्रगान के अपमान के मामले में अदालत ने ममता बनर्जी को समन जारी किया

**मुंबई**। मुंबई की एक अदालत ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को बुधवार को समन जारी किया और उन्हें दो मार्च को अदालत के समक्ष पेश होने का आदेश दिया है। महानगर के दौरे में बनर्जी द्वारा कथित तौर पर राष्ट्रगान के अपमान के सिलसिले में उन्हें नोटिस जारी किया गया है। अदालत ने कहा कि हालांकि बनर्जी मुख्यमंत्री हैं लेकिन मंजूरी की जरूरत नहीं है और आरोपी (बनर्जी) के खिलाफ कार्वाई के लिए आगे बढ़ने में कोई बाधा नहीं है क्योंकि वह वह आधिकारिक ड्यूटी (पिछले वर्ष दिसंबर में मुंबई में हुए कार्यक्रम के दौरान) पर नहीं थीं। मुंबई भाजपा इकाई के पदाधिकारी विवेकानंद गुप्ता ने दिसंबर 2021 में मझगांव में मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत का रूख कर आरोप लगाया कि बनर्जी ने महानगर के दौरे में राष्ट्रगान का अपमान किया। उन्होंने अदालत से आग्रह किया कि प्राथमिकी दर्ज की जाए। अदालत ने कहा कि शिकायत से प्राप्त प्रथमदृष्ट्या साक्ष्य, शिकायतकर्ता के सत्यापित बयान, डीवीडी के वीडियो क्लिप और यू-ट्यूब लिंक के वीडियो क्लिप से पता चलता है कि आरोपी ने राष्ट्रगान गाया और अचानक रूक गईं और मंच से चली गईं। बनर्जी ने पिछले वर्ष मुंबई का दौरा किया था जिस दौरान उन्होंने महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ शिवसेना और राकांपा के नेताओं से मुलाकात की थी।

# कर्नाटक के मुख्यमंत्री ने मंत्रिमंडल विस्तार पर खुली चर्चा से किया परहेज

**भाषा**। बेंगलुरु

**कर्नाटक** के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने नई दिल्ली जाने से एक दिन पहले बुधवार को कहा कि वह अपने मंत्रिमंडल के बहु-प्रतीक्षित विस्तार या फेरबदल के संबंध में कोई खुली चर्चा नहीं करना चाहेंगे। बोम्मई पर अपने मंत्रिमंडल का जल्द ही विस्तार या उसमें फेरबदल करने को लेकर दबाव बढ़ रहा है।

पार्टी में ऐसी चर्चा है कि पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के बाद यह कवायद हो सकती है। उन्होंने यहां पत्रकारों से कहा, मैं संसद के मौजूदा बजट सत्र के दौरान राज्य के संसद सदस्यों से मुलाकात का वक्त तय कर रहा हूं। मेरा अंतर राज्ईय जल विवादों के संबंध में राज्य का प्रतिनिधत्व कर रहे वकीलों से भी मुलाकात करने का कार्यक्रम है। इसलिए मैं इसके लिए कल सुबह दिल्ली रवाना हो सकता हूं। दिल्ली दौरे के दौरान मंत्रिमंडल में विस्तार या फेरबदल के संबंध में भारतीय जनता पार्टी के आलाकमान से संभावित चर्चा के सवाल पर उन्होंने कहा, मैं इस मामले पर कोई खुली चर्चा नहीं चाहता। बसनगौड़ा पाटिल यत्नाल और एमपी रेणुकाचार्य समेत कई विधायकों ने 2023 में राज्य में विधानसभा चुनाव का हवाला देते हुए खुले तौर पर कहा है कि अगर मंत्रिमंडल विस्तार में देरी होती है और पांच राज्यों में चुनाव के बाद ऐसा किया जाता है तो नए मंत्रियों के लिए अपने निर्वाचन क्षेत्र में भी काम करने में विलंब होगा। हाल में कुछ विधायकों ने नए चेहरों को जगह देने के लिए कर्नाटक मंत्रिमंडल में जल्द ही गुजरात की तर्ज पर पूर्ण बदलाव करने को कहा है। बोम्मई लगातार यह कहते रहे हैं कि वह मंत्रिमंडल विस्तार या फेरबदल के लिए भाजपा नेतृत्व से मंजूरी मिलने का इंतजार कर रहे हैं। राज्य मंत्रिमंडल में अभी मुख्यमंत्री समेत 30 मंत्री हैं जबकि मंत्रिमंडल की स्वीकार्य संख्या 34 है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मंगलवार को पेश किए गए केंद्रीय बजट में अलग दस्तावेज हैं जिनमें विभाग और राज्य के आधार पर आवंटन हैं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि एक विस्तृत अध्ययन किया जाएगा जिससे पुरानी और नई योजनाओं और केंद्र से राज्यों को मिलने वाले अनुदान तथा कर्ज के संबंध में तस्वीर साफ हो पाएगी। बोम्मई ने कहा, इन सभी के आधार पर हम सात फरवरी से राज्य के बजट पर फैसला करेंगे, मैंने विभिन्न विभागों के साथ बजट पूर्व परामर्शक बैठकें की हैं। उनकी राय लेने के बाद मैं बजट से संबंधित फैसले करूंगा। वित्त मंत्री का प्रभार संभालने वाले बोम्मई मार्च के पहले सप्ताह में राज्य का बजट पेश कर सकते हैं।

## सड़क हादसे में सीआरपी के 16 जवान घायल

**भाषा**। सूरत (गुजरात)

**जिले** में बुधवार को एक बस के सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से टकरा जाने से राज्य रिजर्व पुलिस (एसआरपी) के कम से कम 16 जवान घायल हो गए। कोसंबा थाने के निरीक्षक जे. डी. वघेला ने बताया कि बस में कुल 27 जवान सवार थे, उन्हें चुनाव ड्यूटी के लिए सूरत से उत्तर प्रदेश जाना था। बस वडोदरा से सूरत के उधना शहर की ओर जा रही थी, जब सुबह संभवत: कोहरे के कारण खराब दृश्यता के चलते किम चौराहे के पास एक ट्रक से टकरा गई।

अधिकारी ने कहा कि हादसे में कम से कम 16 कर्मी घायल हो गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया।

घायलों में से तीन लोगों की हड्डी टूट गई है और उन्हें इलाज के लिए वडोदरा ले जाया गया है, क्योंकि उनका परिवार वहीं है। अन्य को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

## हत्या के प्रयास मामले में नितेश राणे का अदालत में आत्मसमर्पण

**मुंबई**। भाजपा विधायक नितेश राणे ने कथित हत्या के प्रयास मामले में बुधवार को महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले की अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। राणे के अधिवक्ता ने बताया कि अदालत ने उन्हें चार फरवरी तक के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया है। केंद्रीय मंत्री नारायण राणे के बेटे नितेश ने इसके पहले दिन में बंबई उच्च न्यायालय में अपनी जमानत याचिका वापस ले ली थी।

राणे के अधिवक्ता सतीश मानशिंदे ने उच्च न्यायालय में कहा कि वह आत्मसमर्पण करके जांच में सहयोग करना चाहते हैं। सिंधुदुर्ग के जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश आरबी रोटे ने मंगलवार को उनकी जमानत याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी थी कि याचिका समय पूर्व और सुनने योग्य नहीं है।

अदालत ने कहा था कि नितेश राणे से हिरासत में पूछताछ जरूरी है क्योंकि हत्या के प्रयास के मामले की जांच अधूरी है।

यह मामला सिंधुदुर्ग जिला सहकारी बैंक चुनाव के प्रचार के दौरान शिवसेना कार्यकर्ता संतोष परब पर कथित हमले से संबंधित है। भाजपा विधायक ने दावा किया कि उन्हें सत्तारूढ़ शिवसेना (जो महाराष्ट्र में एमवीए गठबंधन सरकार का नेतृत्व करती है) द्वारा निशाना बनाया जा रहा है, क्योंकि पिछले महीने राज्य विधानमंडल परिसर के बाहर मजाक करने की घटना उसे तुच्छ लगी।

# जमकर ताल ठोक रहे हैं नेता

पंजाब विधानसभा चुनाव

**भाषा**। चंडीगढ़

**पंजाब** विधानसभा के बहुकोणीय चुनाव में सभी राजनीति दलों के नेता अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों को तरह-तरह की चुनौतियां देकर उन्हें ललकार रहे हैं। ऐसी चुनौती देने वाले राजनेताओं में पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी, उनके पूर्ववर्ती एवं पंजाब लोक कांग्रेस (पीएलसी) के प्रमुख अमरिंदर सिंह और कांग्रेस की राज्य इकाई के प्रमुख नवजोत सिंह सिद्धू शामिल हैं।

कांग्रेस द्वारा चन्नी को दो सीटों से उम्मीदवार बनाए जाने और अमृतसर पूर्व सीट पर सिद्धू के साथ मुकाबला के लिए शिरोमणि अकाली दल के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया के मैदान में उतरने के बाद यहां मुकाबला दिलचस्प और कांटे का हो गया है। चन्नी, चमकौर साहिब (अनुसूचित जाति) और भदौर (अनुसूचित जाति) सीटों से चुनाव लड़ रहे हैं।

चन्नी के दो सीट से चुनाव लड़ने के फैसले पर आम आदमी पार्टी (आप) के नेता अरविंद केजरीवाल ने कहा, मैंने कहा ही था कि हमारे सर्वेश्रण के अनुसार चमकौर साहिब से चन्नी हार रहे हैं। चन्नी ने तब केजरीवाल को पंजाब के किसी भी निर्वाचन क्षेत्र से उनके खिलाफ चुनाव लड़ने की चुनौती दी थी। वहीं, सिद्धू ने अमृतसर पूर्व सीट से नामांकन दाखिल करते समय अमरिंदर सिंह को पटियाला छोड़कर उनके खिलाफ चुनाव लड़ने की चुनौती दी थी। सिद्धू ने शिअद के बिक्रम सिंह मजीठिया को भी चुनौती दी कि वह केवल अमृतसर पूर्व से चुनाव लड़ें और मजीठा विधानसभा सीट किसी और के लिए छोड़ दें।

ऐसा प्रतीत होता है कि मजीठिया ने सिद्धू की चुनौती स्वीकार कर ली है और अब वह सिर्फ अमृतसर पूर्व से चुनाव लड़ेंगे, जबकि मजीठा सीट से उनकी पत्नी गनीव मजीठिया चुनाव लड़ेंगी। शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया ने मंगलवार को कहा था कि वह मजीठा विधानसभा सीट से चुनाव नहीं लड़ेंगे और केवल अमृतसर पूर्व से लड़ेंगे। मजीठिया की इस घोषणा से पहले सिद्धू ने कहा था, अगर आप में इतनी हिम्मत है और लोगों पर भरोसा है तो मजीठा को छोड़कर यहां केवल एक ही सीट से चुनाव लड़ें। अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को निशाना बनाने की कोशिश करते हुए, सिद्धू ने हाल ही में कहा था, इन दिनों सपनों में भी वे मुझे देख रहे हैं और डर रहे हैं। गीदड़ों का एक झुंड शेर का शिकार करना चाहता है।

अपने क्षेत्र से अपनी जीत के प्रति आश्वस्त कांग्रेस नेता ने कहा, जहां धर्म है, वहां जीत होगी। सिद्धू ने कहा, अमृतसर पूर्व कांग्रेस की सीट है, यह हमारे लिए भी प्रतिष्ठा का विषय है। मजीठिया आपने हमारे मैदान से हमें चुनौती दी है, आपको कड़ा जवाब दिया जाएगा। वहीं, मजीठिया ने दावा किया कि सिद्धू अमृतसर पूर्व से हारेंगे, उन्होंने उन पर निर्वाचन क्षेत्र के लोगों के लिए कुछ नहीं करने का आरोप लगाया।

## राहुल गांधी छह फरवरी को पंजाब के मुख्यमंत्री उम्मीदवार की घोषणा कर सकते हैंः सूत्र

**नई दिल्ली**। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के पंजाब दौरे के दौरान पार्टी छह फरवरी को राज्य के लिए अपना मुख्यमंत्री पद के चेहरे की घोषणा कर सकती है। पार्टी सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। राहुल गांधी ने 27 जनवरी को पंजाब के अपने दौरे के दौरान घोषणा की थी कि कांग्रेस पंजाब विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री चेहरे के साथ उतरेगी और इस पर फैसला पार्टी कार्यकर्ताओं से सलाह के बाद लिया जाएगा। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार पर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ विचार-विमर्श शुरू कर दिया है। सूत्रों ने बताया कि पार्टी अपने शक्ति ऐप के जरिए कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं की प्रतिक्रिया ले रही है। पार्टी ने इस मुद्दे पर आम लोगों की राय भी मांगी है और यह प्रक्रिया पिछले दो दिनों में शुरू हो गई है। सूत्रों ने कहा कि राहुल गांधी छह फरवरी को पंजाब का दौरा कर सकते हैं और महत्वपूर्ण घोषणा कर सकते हैं।

# समीर वानखेड़े के बार का लाइसेंस रद्द किया गया

**भाषा**। ठाणे (महाराष्ट्र)

**महाराष्ट्र** के ठाणे के जिलाधिकारी ने स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) की मुंबई क्षेत्रीय इकाई के पूर्व निदेशक समीर वानखेड़े के नवी मुंबई स्थित एक होटल एवं बार को दिया गया लाइसेंस रद्द कर दिया है।

ठाणे के जिलाधिकारी राजेश नार्वेकर ने मंगलवार को एक आदेश में कहा कि लाइसेंस गलत तथ्य पेश कर और धोखाधड़ी से प्राप्त किया गया था। आबकारी विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उनका विभाग अब बार को सील कर सामान जब्त करेगा। महाराष्ट्र के मंत्री नवाब मलिक ने पिछले साल नवंबर में दावा किया था कि वानखेड़े का नवी मुंबई के वाशी में एक परमिट रूम और बार है, जिसके लिए लाइसेंस 1997 में प्राप्त किया गया था जब वह नाबालिग थे और इसलिए यह अवैध है। मलिक ने यह भी कहा था कि सरकारी नौकरी में होने के बावजूद वानखेड़े के पास परमिट रूम चलाने का लाइसेंस है, जो सेवा नियमों के खिलाफ है। वानखेड़े ने हालांकि तब मंत्री के दावों को खारिज कर दिया था। राज्य के आबकारी विभाग ने बाद में वानखेड़े को उसके द्वारा प्राप्त बार के लाइसेंस के संबंध में नोटिस जारी किया था। अधिकारी ने बताया कि नोटिस पर उनके जवाब और मामले की जांच के बाद जिलाधिकारी इस नतीजे पर पहुंचे कि वानखेड़े ने 27 अक्टूबर 1997 को लाइसेंस प्राप्त किया था, जब उनकी आयु 21 साल की मान्य उम्र के बजाय 18 साल से कम थी। आदेशानुसार लाइसेंस रद्द करने के लिए निषेध अधिनियम की धारा 54 लागू की गई है। वानखेड़े के पिछले साल अक्टूबर में एक जहाज पर छापेमारी कर वहां से मादक पदार्थ की जब्त किया था।

# वर्ष 2020 में करीब 8.35 लाख जाली नोट जब्त किए गए

**भाषा**। नई दिल्ली

**सरकार** ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि पिछले साल करीब 8.35 लाख जाली नोट जब्त किए गए जिनमें दो हजार रुपए गुणक के 2.44 लाख नोट शामिल थे। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने उच्च सदन में प्रश्नकाल के दौरान पूरक सवालों के जवाब में यह जानकारी दी। उन्होंने 2016 से 2020 के बीच पांच वर्षों में जब्त किए गए जाली नोटों का विवरण दिया। पेश किए गए आंकड़ों के अनुसार 2020 में 834947 जाली नोट जब्त किए गए जबकि 2019 में 2,87,404 ऐसे नोट जब्त किए गए। वर्ष 2018 में 2,57,243 और 2017 में 3,55,994 जाली नोट जब्त किए गए थे। राय ने उन दावों का भी खंडन किया कि देश में जाली नोटों की बरामदगी में वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे नोटों को जब्त किए जाने के संबंध में कोई निश्चित प्रवृति नहीं है और 2018 में जब्त किए गए नकली नोटों की संख्या 2017 की तुलना में कम थी। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) नोडल एजेंसी है जो राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में नकली नोटों की जब्ती सहित विभिन्न अपराधों के आंकड़े एकत्र करती है।

## अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद से 439 आतंकवादी मारे गए : सरकार

**नई दिल्ली**। सरकार ने बुधवार को संसद में कहा कि 2019 में संविधान का अनुच्छेद 370 निरस्त किए जाने के बाद से जम्मू-कश्मीर में 541 आतंकी घटनाएं हुई और 439 आतंकवादी मारे गए वहीं इस दौरान 109 सुरक्षाकर्मी शहीद हो गए। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने एक सवाल के लिखित जवाब में राज्यसभा को यह जानकारी दी।

# प्रियंका का पुलिस में महिलाओं के लिए 40 प्रतिशत नौकरियां आरक्षित करने का वादा

## ●कांग्रेस महासचिव ने उत्तराखंड चुनाव के लिए घोषणापत्र जारी किया

**भाषा**। देहरादून




**कांग्रेस** महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने बुधवार को उत्तराखंड के लिए कांग्रेस का घोषणापत्र जारी किया, जिसमें पुलिस विभाग में महिलाओं के लिए 40 प्रतिशत नौकरियां आरक्षित करने, चार लाख लोगों को नौकरी देने और पर्यटन पुलिस बल के गठन का वादा किया गया है। घोषणापत्र को उत्तराखंड स्वाभिमान प्रतिज्ञा पत्र नाम दिया गया है। घोषणापत्र में 40 प्रतिशत सरकारी नौकरियों में महिलाओं को प्राथमिकता देने और रसोई गैस की कीमत 500 रुपए तक सीमित करने का वादा किया गया है। प्रियंका ने ऑनलाइन रैली में घोषणापत्र जारी किया, जिसका सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में सीधा प्रसारण किया गया।

उत्तराखंड में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार पर पिछले पांच वर्ष में कोई काम नहीं करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने लोगों से अपने वोट को गंभीरता से लेने को कहा। उन्होंने वोट को परिवर्तन लाने के लिए मतदाताओं का सबसे शक्तिशाली हथियार बताया। प्रियंका ने कहा, पांच साल में मौजूदा सरकार ने कुछ नहीं किया। हम अब भी केवल हमारी सरकार द्वारा किए गए कार्यों को देखते हैं, जो इससे पहले सत्ता में थी। उन्होंने कुछ नहीं किया क्योंकि काम करने की उनकी कोई मंशा ही नहीं थी। अखिल भारतीय कांग्रेस समिति (एआईसीसी) की महासचिव ने कहा, कांग्रेस बदलाव ला सकती है, लेकिन तब, जब आप अपने अधिकारों और अपने बच्चों के भविष्य की खातिर लड़ने के लिए जागेंगे। प्रियंका ने कहा कि तथाकथित डबल इंजन के इंजन ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में अभूतपूर्व वृद्धि के कारण काम करना बंद कर दिया है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि कोष की कोई कमी नहीं है, बल्कि सरकार में उसका इस्तेमाल करने की मंशा की कमी है। उन्होंने कहा कि देशभर में गन्ना किसानों की बकाया राशि 14,000 करोड़ रुपए है, जिसे आसानी से अदा किया जा सकता था यदि प्रधानमंत्री के लिए दो हवाई जहाज खरीदने में खर्च किए गए 16,000 करोड़ रुपए का इस्तेमाल इसके लिए किया जाता। प्रियंका ने कहा कि कोविड-19 की दूसरी लहर के दौरान देश अपने सबसे बड़े संकट से गुजरा, क्योंकि केन्द्र ने दूसरे देशों को ऑक्सीजन और टीके दोनों का निर्यात किया। उन्होंने कहा कि बजट में आम आदमी के लिए कुछ भी नहीं है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया, मुझे बताया गया था कि हीरा सस्ता हो गया है, लेकिन दवाएं महंगी हो गई हैं।

# ओडिशा सरकार ने भ्रष्टाचार के आरोप में आईएएस अधिकारी को बर्खास्त किया

**भाषा**। भुवनेश्वर

**ओडिशा** सरकार ने वरिष्ठ आईएएस अधिकारी विनोद कुमार को भ्रष्टाचार के आरोप में बुधवार को सेवा से बर्खास्त कर दिया। मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा गया है कि 1989 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी को केंद्र की मंजूरी के बाद बर्खास्त कर दिया गया है। इसमें कहा गया है कि जब कुमार ओडिशा ग्रामीण आवास विकास निगम (ओआरएचडीसी) के प्रबंध निदेशक के रूप में तैनात थे, तब वह भ्रष्टाचार में लिप्त रहे।

एक अदालत ने उन्हें 2018 में भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी के लिए दोषी ठहराया था। बयान में कहा गया है कि 1999 के चक्रवाती तूफान के बाद, कुमार ने निर्धारित दिशानिर्देशों का पालन किए बिना फर्जी निजी फर्मों और व्यक्तियों को 33.34 करोड़ रुपए के ऋण को मंजूरी दी थी।

कुमार के खिलाफ भ्रष्टाचार के 27 मामले दर्ज किए गए थे और उनमें से दो में उन्हें दोषी ठहराया गया था। विशेष सतर्कता न्यायाधीश, भुवनेश्वर ने करोड़ों रुपए के घोटाले में कुमार और पांच अन्य को दोषी ठहराया था और उन्हें तीन साल जेल की सजा सुनाई थी।

पहले मामले में, कुमार को कुछ सरकारी अधिकारियों और पुरी के एक एजेंट के साथ आपराधिक साजिश रचने का दोषी ठहराया गया था, जिसे उन्होंने उचित जांच के बिना 2000-01 के दौरान 19 व्यक्तिगत ऋणों की आड़ में 46.9 लाख रुपए मंजूर किए थे।

# मुतालिक ने सरकार से हिजाब पर जोर देने वाली छात्राओं को स्कूल से बाहर करने को कहा

**भाषा**। हुबली (कर्नाटक)

**कर्नाटक** के कुछ स्कूलों में हिजाब को लेकर विवाद के बीच, श्रीराम सेना के प्रमुख प्रमोद मुतालिक ने मंगलवार को कहा कि उनकी हिजाब पहनने की जिद, वर्दी की अनदेखी करना आतंकवादी मानसिकता को दर्शाता है और ऐसे विद्यार्थियों को स्कूल से बाहर कर दिया जाना चाहिए।

उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि इस हठधर्मिता में उन्हें (विद्यार्थियों) आतंकवादी के स्तर पर ले जाने की मानसिकता है। अब वे हिजाब कहती हैं, आगे वे बुर्का कहेंगी, इसके बाद उनके द्वारा नमाज और मस्जिद पर जोर दिया जाएगा। यह स्कूल है या आपका धार्मिक केन्द्र है। उन्होंने सरकार से इस मुद्दे पर किसी भी तरह की सार्वजनिक बहस की अनुमति नहीं देने और तुरंत कदम उठाने के लिए कहा। मुतालिक ने कहा कि मैं जो कह रहा हूं वह यह है कि सार्वजनिक बहस का मौका दिए बिना, उन्हें (हिजाब की मांग करने वाली छात्राएं) एक स्थानांतरण प्रमाणपत्र जारी किया जाना चाहिए और बाहर कर दिया जाना चाहिए। यह मानसिकता सबसे खतरनाक है।

उन्होंने कहा कि स्कूल प्रबंधन को लड़कियों को सख्ती से बताना चाहिए कि हिजाब पहनकर स्कूल आने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि वर्दी का मतलब एकरूपता और समानता है।

उन्होंने कहा, आप घर पर जो चाहें करने की स्वतंत्रता रखते हैं लेकिन जब आप स्कूल में कदम रखते हैं, तो आपको अपने स्कूल के नियमों का पालन करना होगा।

# शेयर बाजारों में तेजी जारी, सेंसेक्स 696 अंक मजबूत

**भाषा।** मुंबई

**बजट** से उत्साहित शेयर बाजारों में तेजी का दौर बुधवार को भी जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स करीब 696 अंक उछलकर फिर 59,500 अंक के स्तर को लांघ गया। कारोबार के दूसरे सत्र में बैंक एवं वित्तीय कंपनियों के शेयरों में भारी लिवाली से सेंसेक्स को मजबूती मिली। इसके अलावा अनकूल वैश्विक संकेतों ने भी बाजार को तेजी देने का काम किया। कारोबारियों के अनुसार, केंद्रीय बजट में बुनियादी ढांचा क्षेत्र के लिए अधिक आवंटन के साथ पूंजीगत व्यय बढ़ने से मौजूदा आर्थिक पुनरुद्धार को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। इसका बाजार ने स्वागत किया।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स कारोबार के अंत में 695.76 अंक यानी 1.18 प्रतिशत बढ़कर 59,558.33 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 203.15 अंक यानी 1.16 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,780.00 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से इंडसइंड बैंक 5.57 प्रतिशत की तेजी के साथ सर्वाधिक फायदे में रही। बजाज फिनसर्व, एचसीएल, बजाज फाइनेंस, कोटक महिंद्रा बैंक और एक्सिस बैंक में भी अच्छी तेजी रही।

एचडीएफसी में 1.87 प्रतिशत की तेजी आई। कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ दिसंबर, 2021 को समाप्त तिमाही में करीब 13 प्रतिशत बढ़कर 5,837 करोड़ रुपए रहने की खबर से इसके शेयर में मजबूती आई। दूसरी तरफ टेक महिंद्रा, नेस्ले इंडिया, अल्ट्राटेक सीमेंट, मारुति सुजुकी, एलएंडटी और सन फार्मा के शेयर 1.61 प्रतिशत तक नुकसान के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से 21 के शेयर लाभ में रहे जबकि नौ में घाटा उठाना पड़ा। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू बाजार में बजट के अच्छे संकेत तथा वैश्विक स्तर पर सकारात्मक रुख से तेजी बनी रही। ज्यादातर क्षेत्र लाभ में रहे। हालांकि, तेजी में बैंक और वित्तीय शेयरों का योगदान ज्यादा रहा। उन्होंने कहा, वैश्विक बाजारों में तेजी के साथ कंपनियों के बेहतर परिणाम से निवेशकों ने भू-राजनीतिक तनाव को ज्यादा महत्व नहीं दिया। कंपनियों के तिमाही परिणाम के अलावा निवेशकों को तेल निर्यातक देशों के संगठन (ओपेक) और उनके सहयोगी देशों की बैठक के नतीजे का इंतजार है। यूरो क्षेत्र के मुद्रास्फीति के आंकड़े की भी प्रतीक्षा है।







रेलिगेयर ब्रोकिंग के उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा कि केंद्रीय बजट के बाद बाजार में उत्साह रहा। इसके अलावा, वैश्विक पुनरुद्धार और कंपनियों के अनुकूल परिणाम तेजी को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा, इन सबके बीच यह नहीं भूलना चाहिए कि निफ्टी सूचकांक अभी भी 18,000-18,300 के नीचे कारोबार कर रहा है और यह एक बाधा के रूप में काम करेगा। हमें लगता है कि निवेशकों को उन क्षेत्रों पर गौर करना चाहिए जो सूचकांक के अनुरूप कारोबार कर रहे हैं। इनमें बैंक तथा वित्तीय क्षेत्र प्रमुख हैं। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की लाभ में रहा। वहीं चीन, हांगकांग एवं दक्षिण कोरिया के बाजार चंद्र नव वर्ष के मौके पर बंद रहे। यूरोप के बाजारों में दोपहर के सत्र में तेजी का दौर देखने को मिला। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.27 प्रतिशत बढ़कर 89.40 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया एक पैसे के नुकसान के साथ 74.83 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। शेयर बाजारों से मिली जानकारी के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को 21.79 करोड़ रुपए की निकासी की।

# सरकार का अचल संपत्ति की बिक्री पर टीडीएस के प्रावधानों में बदलाव का प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** सरकार ने अचल संपत्ति की बिक्री पर टीडीएस (स्रोत पर कर कटौती) के प्रावधानों में बदलाव का प्रस्ताव किया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को आम बजट पेश करते हुए आयकर अधिनियम में बदलाव का प्रस्ताव किया है जिसके तहत 50 लाख रुपए से अधिक मूल्य की गैर-कृषि अचल संपत्ति को बेचने पर बिक्री मूल्य या स्टाम्प शुल्क में से जो भी अधिक हो, उसपर एक प्रतिशत टीडीएस लागू होगा। अभी यह कटौती सिर्फ अचल संपत्ति के मूल्य के आधार पर की जाती है और इसमें स्टाम्प शुल्क पर गौर नहीं किया जाता।

सीतारमण ने मंगलवार को कानून में इस विसंगति को दूर करने के लिए संशोधन का प्रस्ताव पेश करते हुए इसमें स्टाम्प शुल्क को जोड़ा है। संसद में पेश वित्त विधेयक-2022 एवं उससे संबंधित दस्तावेजों के अनुसार, सरकार ने आयकर अधिनियम की धारा 194-।ए में संशोधन का प्रस्ताव किया है ताकि कानून की धारा 43सी ए और 50 सी के संबंध में विसंगतियों को दूर किया जा सके। यह संशोधन मंजूर होने पर एक अप्रैल, 2022 से प्रभावी होगा। संशोधन के कारण को स्पष्ट करते हुए वित्त विधेयक में कहा गया है कि अधिनियम की धारा 194-। ए कृषि भूमि के अलावा कुछ अचल संपत्तियों के हस्तांतरण के लिए भुगतान पर कर कटौती का प्रावधान करती है। उपधारा (1) किसी निवासी को अचल संपत्ति (कृषि भूमि के अलावा) के हस्तांतरण के लिए किसी भी राशि का भुगतान करने वाले व्यक्ति को भुगतान के समय कर कटौती का प्रावधान करती है जो एक प्रतिशत की दर से होता है।

उपधारा (2) में प्रावधान है कि किसी अचल संपत्ति का मूल्य 50 लाख रुपए से कम है तो कर की कोई कटौती नहीं की जानी चाहिए। हस्तांतरी द्वारा हस्तांतरणकर्ता को भुगतान की गई राशि पर टीडीएस काटा जाता है। यह धारा अचल संपत्ति से संबंधित स्टाम्प शुल्क मूल्य को ध्यान में नहीं रखती है, जबकि अधिनियम की धारा 43सी ए और 50सी के प्रावधानों के अनुसार, व्यापार या पेशे से लाभ और पूंजीगत लाभ मद के तहत आय की गणना के लिए स्टाम्प शुल्क मूल्य पर भी विचार किया जाता है। इसमें कहा गया है कि अधिनियम की धारा 194- ए और धारा 43सी ए और 50 सी के प्रावधानों में विसंगति है। इस विसंगति को दूर करने के लिए, अधिनियम की धारा 194-।ए में संशोधन करने का प्रस्ताव है जिसके तहत अचल संपत्ति (कृषि भूमि के अलावा) के हस्तांतरण के मामले में, टीडीएस की कटौती एक प्रतिशत की दर से की जानी है। यह बिक्री मूल्य या स्टाम्प शुल्क मूल्य में से जो भी अधिक हो... उस पर लागू होगा। अचल संपत्ति के हस्तांतरण के लिए किया गया भुगतान और ऐसी संपत्ति का स्टाम्प शुल्क मूल्य दोनों 50 लाख रुपए से कम है, तो इस धारा के तहत कोई कर कटौती नहीं की जाएगी।

## ओएनजीसी, आईओसी, अन्य सरकारी कंपनियां 2022-23 में 1.11 लाख करोड़ खर्च करेंगी

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) और इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) सहित अन्य सरकारी कंपनियां वित्त वर्ष 2022-23 में 1.11 लाख करोड़ रुपए का निवेश करेंगी। ओएनजीसी, आईओसी, गेल (इंडिया) लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल), हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) और ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल) सामूहिक रूप से अगले वित्त वर्ष में 7.4 प्रतिशत अधिक पूंजीगत खर्च करेंगी। बजट दस्तावेजों के अनुसार, 2022-23 में 1.11 लाख करोड़ रुपए का पूंजीगत व्यय चालू वित्त वर्ष के लिए 1.04 लाख करोड़ रुपए के संशोधित अनुमान की तुलना के आधार पर है। ओएनजीसी ने वित्त वर्ष 2022-23 में 29,950 करोड़ रुपए के पूंजीगत व्यय की योजना बनाई है। यह चालू वित्त वर्ष में 30,500 करोड़ रुपए के संशोधित अनुमानित व्यय से थोड़ा कम है। देश की सबसे बड़ी तेल रिफाइनिंग और ईंधन विपणन कंपनी आईओसी अगले वर्ष में 28,549 करोड़ रुपए का खर्च करेगी। यह 31 मार्च को समाप्त होने वाले चालू वित्त वर्ष में खर्च के लगभग बराबर है। इसके अलावा गेल गैस उपयोगिता पाइपलाइन ग्रिड और पेट्रोरसायन संयंत्रों के विस्तार पर 7,500 करोड़ रुपए का निवेश करेगी, जो चालू वित्त वर्ष में 7,160 करोड़ रुपए के संशोधित व्यय से अधिक है।

## बैटरी की अदला-बदली नीति सरकारी सहायता के बिना सफल नहीः विशेषज्ञ

**भाषा।** वाशिंगटन

**भारत** की प्रस्तावित बैटरी अदला-बदली नीति दिलचस्प है लेकिन सरकार के समर्थन के बिना इसे सफल कर पाना संभावना नहीं है क्योंकि प्रमुख कार कंपनियां अपनी बैटरी संबंधी प्रौद्योगिकी को साझा नहीं करती हैं। ऑटोमोटिव उद्योग के एक विशेषज्ञ ने यह बात कही है। भारत में इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए एक बड़े कदम में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को 39.45 लाख करोड़ रुपए के बजट पेश किया।

वित्त मंत्री ने बजट पेश करने के दौरान कहा कि सरकार चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए जगह की कमी को देखते हुए देश में इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए बैटरी की अदला-बदला नीति लाएगी। नई नीति पर प्रतिक्रिया देते हुए ऑटोमोटिव उद्योग के विशेषज्ञ और कॉर्नेल यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ इंडस्ट्रियल एंड लेबर में श्रम अध्ययन के निदेशक आर्थर व्हीटन ने कहा कि बैटरी की अदला-बदला नीति का विचार दिलचस्प है, लेकिन सरकार की बड़ी भागीदारी के बिना यह संभव नहीं है। उन्होंने कहा, प्रमुख कार कंपनियां बैटरी से जुड़ी अपनी तकनीक (या किसी भी तकनीक) को साझा नहीं करती हैं और विनिमेय बैटरियों का मतलब होगा कि देश भर में बहुत सारी निरर्थक बैटरी प्रभावी होंगी।

इसी को लेकर महिंद्रा एंड महिंद्रा के कार्यकारी निदेशक (ऑटो और फार्म) राजेश जेजुरिकर ने कहा कि केंद्रीय बजट 2022-23 में वित्त मंत्री द्वारा स्थाई गतिशीलता की शुरुआत करने के लिए तैयार की गई रुपरेखा भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी अपनाने को बढ़ावा देगा। मर्सिडीज-बेंज इंडिया के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी मार्टिन श्वेंक ने कहा कि बैटरी की अदला-बदली की घोषणा सही दिशा में एक कदम है और एक सीमित क्षेत्र के लिए मददगार होगी।

## अगले वित्त वर्ष में वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रहेगी मनरेगा के आवंटन में कटौती सही नहीः क्रिसिल

**मुंबई।** घरेलू रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने वित्त वर्ष 2022-23 में देश के वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान जताया है, जबकि आर्थिक समीक्षा में इसके 8.5 प्रतिशत रहने की संभावना जताई गई है। इसके साथ ही क्रिसिल ने मनरेगा के आवंटन में कटौती पर भी सवाल उठाया है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा मंगलवार को संसद में पेश बजट 2022-23 में सार्वजनिक खर्च बढ़ाने और राजकोषीय मजबूती की दिशा में प्रयासों को धीमा करने पर दिया गया जोर सही दिशा में उठाया गया कदम है। क्रिसिल की रिपोर्ट कहती है, इन सबके बावजूद भारत के आर्थिक परिदृश्य से जुड़े जोखिम अब भी बरकरार हैं। ऐसी स्थिति में वर्ष 2022-23 में जीडीपी वृद्धि थोड़ी धीमी होकर 7.8 प्रतिशत ही रहने का अनुमान है। चालू वित्त वर्ष में इसके 9.2 प्रतिशत रहने की संभावना जताई गई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल वैश्विक वृद्धि में सुस्ती आ सकती है क्योंकि बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में मौद्रिक एवं राजकोषीय प्रोत्साहन वाले उपाय वापस लिए जाने की संभावना है। इसका भारत की वृद्धि संभावनाओं पर सीधा असर पड़ेगा क्योंकि महामारी के दौरान घरेलू वृद्धि का एक अहम कारक निर्यात रहा है। इसके अलावा कच्चे तेल के दामों में भी भू-राजनीतिक तनाव से तेजी का रुख बना रह सकता है जिससे भारत के आयात बिल में बढ़ोतरी होने की आशंका है। क्रिसिल ने ब्रेंट क्रूड के इस साल औसतन 85 डॉलर प्रति बैरल पर रहने का अनुमान जताया है, जबकि वर्ष 2021 में इसका औसत स्तर 70.44 डॉलर प्रति बैरल रहा। क्रिसिल ने कहा कि वैश्विक आपूर्ति शृंखला से जुड़े गतिरोधों में थोड़ी राहत मिलने पर भी सेमीकंडक्टर जैसे अहम कच्चे माल की किल्लत दूर होने में अभी वक्त लगेगा। क्रिसिल की रिपोर्ट में मनरेगा के लिए आवंटित की जाने वाली राशि में की गई कटौती पर भी सवाल उठाते हुए कहा गया है कि इस रोजगार गारंटी योजना का विस्तार किया जाता, तो अल्पावधि में ग्रामीण खपत एवं आमदनी को बढ़ाया जा सकता था।

## क्विक न्यूज

### घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए 350 वस्तुओं पर सीमा शुल्क छूट वापस ली गई

**नई दिल्ली।** सरकार ने घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए 2022-23 के बजट में करीब 350 वस्तुओं पर से सीमा शुल्क छूट वापस ले ली है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआइसी) ने ट्वीट कर कहा कि पूंजीगत वस्तुओं और आयात की जानी वाली वस्तुओं पर दी जा रही सीमा शुल्क छूट की व्यापक समीक्षा की गई और 40 से अधिक सीमा शुल्क छूटों को धीरे-धीरे समाप्त किया जाएगा। सीबीआइसी ने कहा कि इसी के साथ 350 वस्तुओं पर दी जा रही सीमा शुल्क छूट वापस ले ली जा रही है। संसद में मंगलवार को पेश बजट में कई सामानों पर सीमा शुल्क दर को युक्तिसंगत बनाने का प्रस्ताव रखा गया। इसमें पूंजीगत वस्तुओं और परियोजना आयात पर शुल्क को रियायती दरों को चरणबद्ध रूप से समाप्त करके और 7.5 प्रतिशत का एक मध्यम कर लागू करने का भी प्रस्ताव रखा गया है। हालांकि, देश के भीतर निर्मित नहीं होने वाली उन्नत मशीनरी के लिए सीमा शुल्क में छूट जारी रहेगी।

### एयर इंडिया की उड़ानों में गूंजा रतन टाटा का स्वागत संदेश

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया की कमान टाटा समूह के हाथों में जाने के चंद दिन बाद एयरलाइन की उड़ानों के दौरान रतन टाटा का एक ऑडियो संदेश गूंजता हुआ सुनाई दे रहा है। इस ऑडियो संदेश में टाटा संस के मानद चेयरमैन रतन टाटा ने कहा, टाटा समूह एयर इंडिया को यात्रियों की सुविधा एवं सेवा के मामले में पसंदीदा एयरलाइन बनाने के लिए मिलकर काम करने के लिए रोमांचित है। एक ट्वीट में रतन टाटा का एक छोटा वीडियो संदेश भी जारी किया। फ्लाईएआई हैशटैग से जारी इस ट्वीट में कहा गया कि टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन रतन टाटा ने एयर इंडिया की उड़ानों से सफर करने वाले यात्रियों का गर्मजोशी से स्वागत किया है। रतन टाटा ने इस वीडियो संदेश में कहा, टाटा समूह एयर इंडिया के नए ग्राहकों का स्वागत करता है और इसे उनकी पसंदीदा एयरलाइन बनाने के लिए मिलकर काम करने को लेकर रोमांचित है। कर्ज में डूबी एयर इंडिया को सरकार ने गत 27 जनवरी को ही टाटा समूह के हवाले किया था। इस तरह एयर इंडिया करीब सात दशक बाद एक बार फिर टाटा घराने के पास लौट आई है। टाटा समूह की कंपनी टैलेस ने एयर इंडिया के साथ ही एयर इंडिया एक्सप्रेस का भी अधिग्रहण किया है और एआईएसएटीएस में भी 50 प्रतिशत हिस्सेदारी ली है।

### दोपहिया वाहनों की घरेलू बिक्री जनवरी में 21 प्रतिशत घटीः इक्रा

**मुंबई।** देश में दोपहिया वाहनों की घरेलू बिक्री सालाना आधार पर जनवरी, 2022 में 21 प्रतिशत घट गई। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने यह जानकारी दी है। यह संख्या छह प्रमुख मूल उपकरण निर्माताओं (ओईएम) द्वारा जारी आंकड़ों पर आधारित है। इक्रा लिमिटेड में कॉर्पोरेट रेटिंग के उपाध्यक्ष एवं क्षेत्र प्रमुख रोहन कंवर गुप्ता ने कहा कि जनवरी में सालाना आधार पर दोपहिया वाहनों की घरेलू बिक्री में कमी का कारण कीमतों में वृद्धि, ईंधन मुद्रास्फीति और ओमीक्रोन वायरस है। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस की तीसरी लहर को रोकने लिए स्थानीय प्रतिबंधो से खुदरा बिक्री प्रभावित हुई है और प्रीमियम मोटरसाइकिलों के उत्पादन में आपूर्ति श्रृंखला में दिक्कतें अभी भी बनी हुई है। गुप्ता ने कहा कि इन कारणों से जनवरी में दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री पिछले महीने की तुलना में घटकर 10.2 लाख इकाई की रह गई। वही सालाना आधार पर इसमे 14 प्रतिशत की कमी आई है। इक्रा के अनुसार घरेलू बिक्री की तुलना मे अफ्रीकी और लैटिन अमेरिका क्षेत्रों से स्थिर मांग उद्योग के लिए आशा की किरण बनी हुई है। जनवरी, 200 में देश से 3.5 लाख से अधिक दोपहिया वाहनों का निर्यात किया गया। दिसंबर, 2021 की तुलना मे इसमे तीन प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

### जायडस कैडिला ने सरकार को कोविडरोधी टीके की आपूर्ति शुरू

**नई दिल्ली।** दवा निर्माता कंपनी जायडस कैडिला ने केंद्र सरकार को अपने कोविड-19 रोधी टीके जायकोव-डी की आपूर्ति शुरू कर दी है। यह कोविड-19 के खिलाफ एक प्लास्मिड डीएनए वैक्सीन है। समूह अपने कोविड रोधी टीके को निजी बाजार में बेचने की भी योजना बना रहा है। जायकोव-डी की तीन खुराक लगाई जाती है। टीके की कीमत 265 रुपए प्रति खुराक होगी और खरीदार को वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) को छोड़कर 93 रुपए प्रति खुराक की पेशकश की जाएगी।

## एचडीएफसी का तीसरी तिमाही का मुनाफा 13% बढ़ा, आमदनी घटी

**नई दिल्ली।** एचडीएफसी लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ दिसंबर, 2021 को समाप्त चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 13 प्रतिशत बढ़कर 5,837 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। देश की सबसे बड़ी आवास ऋण कंपनी ने इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 5,177 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया था। एचडीएफसी ने बुधवार को एक बयान में कहा कि तिमाही के दौरान उसकी एकीकृत आय घटकर 31,308 करोड़ रुपए रह गई जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 39,268 करोड़ रुपए थी। सितंबर 2021 को समाप्त तिमाही की तुलना में भी दिसंबर, तिमाही में कंपनी की आय घटी है। सितंबर तिमाही में कंपनी की आय 38,604 करोड़ रुपए रही थी। एकल आधार पर तिमाही के दौरान कंपनी का शुद्ध लाभ 11 प्रतिशत की बढ़त के साथ 3,261 करोड़ रुपए रहा, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 2,926 करोड़ रुपए था।

## बजट में अगले पच्चीस साल के लिए वृद्धि का आधार रखा गयाः राजीव कुमार

**भाषा।** नई दिल्ली

**नीति** आयोग के उपाध्यक्ष राजीव कुमार ने बुधवार को कहा कि बजट में अगले 25 साल के लिए दीर्घकालीन वृद्धि का आधार रखा गया है। उन्होंने कहा कि सरकार निजी निवेश बढ़ाने को हरसंभव उपाय कर रही है जिससे अर्थव्यवस्था को कोविड महामारी से बाहर निकालने में मदद मिलेगी। कुमार ने यह भी कहा कि केंद्रीय लोक उपक्रमों के विनिवेश की जटिल प्रक्रिया से संबंधित प्रक्रियागत बाधाओं का समाधान कर लिया गया है और आने वाले वर्षों में प्रक्रिया अधिक दुरुस्त और सुगम होगी। यह बजट उस भारत के लिए नींव रखता है जिसे हम 2047 में देखना चाहते हैं। उस समय हम अपनी स्वतंत्रता के 100 वर्ष मनाएंगे।

कुमार ने कहा, यह भारत नई प्रौद्योगिकियों के मोर्चे पर अगुवा होगा और साथ ही सभी लोगों खासकर निचले तबकों को विकास का लाभ उपलब्ध कराएगा। उन्होंने कहा कि बजट में बुनियादी ढांचा विकास के साथ-साथ उभरते क्षेत्रों तथा आधुनिक प्रौद्योगिकियों के विकास पर ध्यान दिया गया है। वित्त मंत्री ने निवेश के साथ व्यापक स्तर पर गतिविधियां शुरू करने की बात की है। इसका नेतृत्व निजी निवेश करेगा, जिसमें सरकारी निवेश चीजों को सुगम बनाने वाला बनने जा रहा है। कुमार ने कहा, यानी सरकार निजी निवेश को गति देने के लिए हरसंभव उपाय कर रही है। यह महामारी के प्रभाव से अर्थव्यवस्था को बाहर निकालने का हमारा बड़ा दांव होगा।

उन्होंने कहा कि वैसे भी आर्थिक समीक्षा में अगले वित्त वर्ष में देश की आर्थिक वृद्धि दर 8 से 8.5 प्रतिशत रहने का अनुमान रखा गया है। वहीं अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) ने नौ प्रतिशत वृद्धि दर का अनुमान जताया है। कुमार ने कहा, इस वृद्धि दर का तुलनात्मक आधार ऊंचा है। अतः यह संकेत है कि अर्थव्यवस्था धीरे-धीरे महामारी के कारण उत्पन्न सुस्ती से बाहर आ रही है। सरकार के विनिवेश लक्ष्य हासिल नहीं करने से जुड़े सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि इसका कारण निजीकरण की जटिल प्रक्रिया जान पड़ती है।

नीति आयोग के उपाध्यक्ष ने कहा कि कई साल बाद एयर इंडिया का निजीकरण हुआ है। मुझे लगता है कि हमने अब प्रक्रिया से जुड़ी बाधाओं को दूर कर लिया है। और प्रक्रिया अब सुगम हुई है। आने वाले वर्षों में प्रक्रिया अधिक दुरुस्त और सुगम होगी। सरकार ने अगले वित्त वर्ष में विनिवेश से 65,000 करोड़ रुपए जुटाने का लक्ष्य रखा है।

## कर कटौती सीमा बढ़ाने से राज्य कर्मचारियों को बढ़ा हुआ सामाजिक सुरक्षा कवर मिलेगाः पीएफआरडीए

**नई दिल्ली।** पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) के चेयरमैन सुप्रतिम बंद्योपाध्याय ने बुधवार को कहा कि राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए कर कटौती की सीमा को 14 प्रतिशत तक बढ़ाने के प्रस्ताव से उन्हें एक बढ़ा हुआ सामाजिक सुरक्षा कवर मिलेगा। दरअसल, केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के तहत राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए कर कटौती की सीमा 14 प्रतिशत तक बढ़ाने का प्रस्ताव रखा है। इसी के साथ राज्य सरकार के कर्मचारियों को केंद्र सरकार के कर्मचारियों के समान माना जाएगा। बंद्योपाध्याय ने कहा, राज्य सरकार के कर्मचारियों को केंद्र सरकार के कर्मचारियों के बराबर लाने के लिए यह एक महत्वपूर्ण घोषणा है। इससे राज्य सरकार के कर्मचारियों को एक बढ़ा हुआ सामाजिक सुरक्षा लाभ प्राप्त करने में मदद मिलेगी। केंद्र सरकार का वर्तमान में राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के वेतन में 14 प्रतिशत का योगदान है। इसे एक कर्मचारी की आय में कर कटौती के रूप में अनुमति दी जाती है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को संसद में 2022-23 का केंद्रीय बजट पेश करते हुए राज्य सरकार के कर्मचारियों के एनपीएस खाते में भी नियोक्ता के योगदान में कर कटौती की सीमा को 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 14 प्रतिशत करने का प्रस्ताव रखा।

## पेज एक का शेष

### बजट का...

रिण गारंटी योजना शुरू की गई थी। उन्होंने कहा, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के अध्ययन में यह बात सामने आई है कि इस योजना से एमएसएमई क्षेत्र में लगभग डेढ़ करोड़ नौकरियां सुरक्षित हुई हैं और करीब 6 करोड़ लोगों की जीविका सुरक्षित हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा युवा आकांक्षाओं और युवा सपनों को समझती है और यह इस बजट में भी स्पष्ट रूप से दिखता है। उन्होंने कहा, इस बजट में स्टार्ट अप्स के लिए टैक्स सुविधाओं को आगे बढ़ाया गया है। भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने राष्ट्रीय पदाधिकारियों और केंद्रीय मंत्रियों के साथ राजधानी स्थित आंबेडकर भवन में प्रधानमंत्री का संबोधन सुना। भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने अपने-अपने राज्यों में पार्टी के विभिन्न पदाधिकारियों के साथ प्रधानमंत्री का संबोधन सुना।

### मोदी सरकार...

सरकार ने 23 करोड़ लोगों को गरीबी में पहुंचा दिया। राहुल गांधी ने दो उद्योगपतियों का उल्लेख करते हुए कहा, कोरोना के समय कई वैरिएंट आते हैं, लेकिन डबल ए वैरिएंट है जो देश की अर्थव्यवस्था में बढ़ रहा है।

### आप प्रत्याशियों...

के मुताबिक गोवा की राजनीति में आज एक महत्वपूर्ण दिन है। गोवा की राजनीति में सबसे ज्यादा दो समस्याएं हैं। एक, भ्रष्टाचार बहुत ज्यादा है। गोवा सरकार देश में सबसे संपन्न सरकारों में से एक है। इसके बावजूद गोवा के लोगों को सभी सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। इसके बावजूद लोगों की ढेर सारी समस्याएं हैं, क्योंकि लोगों का बहुत सारा पैसा चोरी हो जाता है। दूसरी, चाहे किसी भी पार्टी से कोई चुनाव लड़े चुनाव जीतने के बाद वह कभी भी किसी दूसरी पार्टी में चला जाता है। अमित पालेकर ने एफिडेविट को पढ़कर सभी प्रत्याशियों को शपथ दिलाई।

### सपा-बसपा...

लाइट और ग्रीन लाइट की सरकार होगी क्योंकि विकास पर रेड लाइट (लाल बत्ती) और अपराधियों को ग्रीन लाइट (हरी झंडी) उनके शासन का एजेंडा है। शाह ने तुलनात्मक आंकड़े के साथ योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार में पिछले शासन की तुलना में डकैती 70 प्रतिशत, लूट 69 प्रतिशत, हत्या 29 प्रतिशत, अपहरण 35 प्रतिशत कम हुआ है। यह भी कहा कि उनके (अखिलेश की सरकार में) जमाने में हर जिले में एक बाहुबली और माफिया होता था, लेकिन अब बजरंगबली दिखाई देते हैं। भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि सपा शासन में उनके साथ आजम खान, अतीक अहमद, इमरान, मुख्तार अंसारी दिखते थे और अब तीन साल हो गए, ए नही दिख रहे है क्योंकि ए जेल में हैं। अतरौली में गृह मंत्री ने कल्याण सिंह के साथ अपने रिश्तों की याद करते हुए कहा, 2013 में मुझे उप्र का प्रभारी बनाकर भेजा गया, तब लखनऊ बनारस के अलावा कहीं गया नहीं था, ऐसे समय बाबूजी (कल्याण सिंह) ने पिता की तरह उंगली पकड़कर उत्तर प्रदेश की राजनीति का पाठ सिखाया और उन्हीं की नींव पर आज तीन सरकारें बनीं। उन्होंने कल्याण सिंह के पौत्र को भारी बहुमत से चुनाव जिताने की अपील की।

### क्रिप्टो मुद्रा...

डिजिटल संपत्तियों पर कराधान को स्पष्ट किया। उन्होंने ऐसी संपत्तियों में लेन-देन पर होने वाली आय को लेकर 30 प्रतिशत कर लगाने का प्रस्ताव किया। साथ ही एक सीमा से अधिक के लेन-देन पर एक प्रतिशत टीडीएस (स्रोत पर कर कटौती) लगाने का भी प्रस्ताव किया। महापात्र ने बजट के बाद पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा, विभाग किसी भी लेनदेन की वैधता पर निर्णय नहीं लेता है। आयकर विभाग और आयकर अधिनियम केवल यह देखता है कि आपने जो लेन-देन किए हैं, क्या उससे आय सृजित हुई है या नहीं। हम इसके लिए नहीं हैं कि आय वैध है या नहीं, बल्कि हमारा काम आय पर कर लगाने का है। उन्होंने कहा, यही कारण है कि मैं कहूंगा कि नए कानून के तहत क्रिप्टोकरेंसी पर कर लगाना कोई इसे वैध नहीं बनाता...। महापात्र ने कहा कि क्रिप्टो करेंसी में कारोबार या डिजिटल संपत्तियों में कारोबार केवल इसलिए वैध नहीं हो जाता कि आपने उस पर कर दिया है। सीबीडीटी प्रमुख ने कहा, क्रिप्टोकरेंसी के लिए राष्ट्रीय स्तर पर नीति निर्माण का काम जारी है। आयकर विभाग इस क्षेत्र में ऐसे समय प्रवेश कर रहा है जब नीति पर काम जारी है। अतः मैं कहूंगा कि विभाग के लिए इस बाजार में प्रवेश का सही समय है। महापात्र ने कहा कि जब कोई इकाई डिजिटल व्यापार पर किसी लाभ या अधिशेष की घोषणा करती है, तो उन्हें यह भी बताना होता है कि उनके पास निवेश के लिए पैसा कहां से आया है और यदि निवेश उचित और न्यायोचित है, तो अधिशेष पर कर लगाया जाएगा। उन्होंने कहा, कराधान व्यवस्था से हमें यह जानने में भी मदद मिलेगी कि क्या निवेश गलत तरीके से किया गया है या अवैध है। अगर वह बेहिसाब आय डाल रहा है या यह किसी और की बेनामी संपत्ति है, तो उसके बाद आगे की कार्वाई होगी। महापात्र ने कहा कि इसीलिए हम न केवल अधिशेष को देख रहे हैं बल्कि हम संबंधित इकाई द्वारा किए जा रहे निवेश की प्रकृति को भी देख रहे हैं। बजट में एक साल में 10,000 रुपए से अधिक ऑनलाइन डिजिटल मुद्रा भुगतान पर एक प्रतिशत टीडीएस लगाने का भी प्रस्ताव है। साथ ही इस प्रकार की संपत्ति उपहार देने पर भी कराधान का प्रस्ताव किया गया है। टीडीएस के लिए सीमा निर्धारित व्यक्तियों के लिए 50,000 रुपए सालाना होगी। इसमें व्यक्तिहिंदू अविभाजित परिवार शामिल हैं। उन्हें आयकर कानून के तहत अपने खातों का ऑडिट कराने की जरूरत होगी। साथ ही इसमें किसी प्रकार के व्यय या भत्ते को लेकर कटौती का कोई प्रावधान नहीं है। देश में क्रिप्टो अर्थव्यवस्था के मौजूदा अनुमान के बारे में पूछे जाने पर सीबीडीटी प्रमुख ने कहा कि वह सही आंकड़ों के अभाव में कोई अनुमान देने की स्थिति में नहीं हैं।

### पंजाब में...

उठा। अपनी बात जारी रखते हुए जाखड़ ने कहा कि राहुल जी ने मुझे फोन कर पूछा कि मैं पंजाब का उपमुख्यमंत्री बनने का इच्छुक क्यों नहीं हूं। मैंने उनसे कहा कि यह काफी है कि लोगों ने मेरा नाम सीएम के चेहरे के रूप में पेश किया, मुझे और कुछ नहीं चाहिए। वरना उस वक्त मैं क्या था, विधायक भी नहीं। यह बात कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने ऐसे वक्त कही है जब पार्टी आलाकमान अपने कार्यकर्ताओं से फीडबैक ले रहा है। साथ ही टेलीवोटिंग के जरिए मुख्यमंत्री की अपनी पसंद पर लोगों की प्रतिक्रिया भी जुटा रहा है। स्वचालित कॉल के रिसीवरों को तीन विकल्पों में से चुनने के लिए कहा जा रहा है- मुख्यमंत्री चन्नी, पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष सिद्धू, या कोई नहीं, यानी जाखड़ इस रेस में नहीं हैं। अब तक, कांग्रेस यह दावा करती रही है कि चन्नी, सिद्धू और जाखड़ को चुनावों के लिए पार्टी के चेहरे के रूप में पेश करते हुए 2022 के चुनाव सामूहिक नेतृत्व में लड़े जाएंगे। राहुल गांधी की हालिया पंजाब यात्रा के दौरान ही सिद्धू और चन्नी ने सीएम चेहरे की घोषणा करने पर जोर दिया। इसके बाद कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने उसी के बाद कार्यकर्ताओं की प्रतिक्रिया लेने की घोषणा की। जाखड़ ने द पायनियर से बात करते हुए अपनी जाति और धर्म के आधार पर विधायकों के बहुमत के समर्थन के बावजूद मुख्यमंत्री पद के लिए खारिज किए जाने पर अपनी पीड़ा व्यक्त की है। उन्होंने जोर देकर कहा कि उन्होंने इस बार चुनाव से बाहर होने का विकल्प चुना, क्योंकि वह फिर से एक ही चीज के लिए नहीं जाना चाहते। जाखड़ तीन बार विधायक रहे हैं, 2002, 2007 और 2012 में अबोहर निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। यहां तक कि कांग्रेस ने 2017 के चुनावों में प्रचंड बहुमत से जीत हासिल की थी, लेकिन जाखड़ भाजपा के अरुण नारंग से हार गए थे। इस बार उनके भतीजे संदीप जाखड़ अबोहर से चुनाव लड़ रहे हैं।

### केसीआर ने...

पर झूठ फैलाया जा रहा है। भाजपा नफरत और सांप्रदायिक बंटवारें की राजनीति करती है। अब इस तरह की राजनीति को उजागर करने की जरूरत है। चुनावी जरूरत के हिसाब से प्रधानमंत्री की भेष-भूषा पर राव ने कहा कि बंगाल में चुनाव हुआ तो रविन्द्रनाथ का गेटअप, बाप रे!, पंजाब में पगड़ी, तमिलनाडू चुनाव हो तो लुंगी। उन्होंने कहा कि देश अब चुनावी तमाशा बनकर रह गया है। इन टिप्पणियों के बाद राव का महाराष्ट्र की यात्रा का प्रस्ताव है। माना जा रहा है कि वह 2024 में लोकसभा को मद्देनजर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से मुलाकात कर भाजपा और कांग्रेस का विकल्प तैयार करने की योजना पर काम करेंगे। हालांकि वह पहले ही तीसरे मोर्चो वाले कई नेताओं से मुलाकात कर चुके है। पीएम के खिलाफ इस तीखी टिप्पणी के बाद तेलंगाना के प्रदेश भाजपा अध्यक्ष संजय ने पलटवार करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री केवल प्रधानमंत्री को बदनाम करने का काम कर रहे है। राव की भाषा अशोभनीय है, आखिर क्यों उन्होंने सालों से पीएम को पत्र लिखकर राज्य के लिए समर्थन नहीं मांगा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि तेलंगना राज्य चलाने में राव पूरी तरह फेल है इसलिए पीएम के खिलाफ बदनामी का अभियान चला रहे है। वहीं करीम नगर के भाजपा संसद ने राव के उस दावे को गलत बताया जिसमें सोशल मीडिया के माध्यम से फैलाया जा रहा है कि संत रामानुजाचार्य की मूर्ति भाजपा की मदद से बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि राव को इस बात का डर है कि अगर प्रधानमंत्री प्रतिमा का उद्घाटन करते है तो उन्होंने कोई पूछने वाला नहीं है।

### डब्ल्यूएचओ ने...

चाहिए क्योंकि यह वायरस काफी गतिशील है। डब्ल्यूएचओ के हेल्थ इमर्जेंसी प्रोग्राम के कार्यकारी निदेशक डॉ. माइक रयान ने प्रतिध्वनित किया कि देशों को अन्य देशों द्वारा किए जा रहे कार्यों का आंख मूंदकर पालन करने के बजाय उपायों को उठाने के लिए अपने रास्ते खुद बनाने चाहिए।

# अमेरिका और रूस के बीच हो सकता है मिसाइल समझौता

**● एक स्पेनिश समाचार पत्र में प्रकाशित लीक दस्तावेज से हुआ खुलासा, अमेरिकी विदेश विभाग ने इस पर टिप्पणी करने से इनकार किया**

एपी। ब्रसेल्स (बेल्जियम)



**यूक्रेन** की सीमा से यदि रूस पीछे हटने का फैसला करता है तो यूरोप में मिसाइल की तैनाती पर तनाव को घटाने के लिए अमेरिका उसके(रूस के) साथ एक समझौता करने को इच्छुक हो सकता है। बुधवार को एक स्पेनिश समाचार पत्र में प्रकाशित एक लीक दस्तावेज से यह पता चला है।

एल पेइस समाचार पत्र ने दो दस्तावेज प्रकाशित किए हैं, जो अमेरिका और उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) द्वारा पिछले हफ्ते यूरोप में एक नए सुरक्षा समझौते के लिए रूस के प्रस्तावों को जवाब में लिखे गए थे। हालांकि, अमेरिकी विदेश विभाग ने इस पर टिप्पणी करने से इनकार किया है। नाटो ने दूसरे दस्तावेज के संदर्भ में कहा कि उसने कथित लीक पर कभी टिप्पणी नहीं की। वहीं, ए संदेश पिछले हफ्ते नाटो महासचिव जेंस स्टोल्टेनबर्ग द्वारा मीडिया को दिए बयान को बहुत हद तक प्रदर्शित करते हैं। उन्होंने रूस की मांगों पर 30 देशों के सैन्य संगठन का रुख बताया था। एक गोपनीय पत्र बताए गए अमेरिकी दस्तावेज में कहा गया है कि रोमानिया और पोलैंड में ऐगीस एशोर स्थलों टॉमहॉक क्रूज मिसाइल की गैरमौजूदगी की पुष्टि करने के लिए एक पारदर्शी तंत्र को लेकर नाटो साझेदारों के साथ चर्चा करने को इच्छुक है। ऐगीस एशोर लघु या मध्यम दूरी की मिसाइल के खिलाफ एक रक्षा प्रणाली है। इसमें कहा गया है कि यह इस शर्त पर होगा कि मास्को हमारे द्वारा रूस में चुने जाने वाले दो मिसाइल लॉंच केंद्रों पर भी समान रूप से पारदर्शी उपायों की पेशकश करे। वहीं, रूस ने पूर्व में दावा किया था कि अमेरिका टॉमहॉक मध्यम दूरी की मिसाइल से उसके भू-भाग में हमला कर सकता है। इस बीच, रूसी राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन के प्रवक्ता दमित्री पेस्कोव ने लीक दस्तावेजों पर टिप्पणी करने से इनकार करते हुए कहा , हमने कुछ भी जारी नहीं किया है। आरआईए नोवोस्ती समाचार एजेंसी को अपनी टिप्पणी में रूसी विदेश मंत्रालय ने भी समाचार पत्र के दावों की ना तो पुष्टि की, ना ही इनकार किया।



यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से जारी की गई तस्वीर में यूक्रेन के राष्ट्रपति व नीदरलैंड के प्रधानमंत्री हाथ मिलाते हुए

# अमेरिका ने उत्तर कोरिया के मिसाइल परीक्षण पर सुरक्षा परिषद से बैठक करने का अनुरोध किया

एपी। संयुक्त राष्ट्र

**अमेरिका** ने ग्वाम क्षेत्र तक पहुंचने में सक्षम मध्यम दूरी की एक बैलिस्टिक मिसाइल के उत्तर कोरिया द्वारा हाल में किए गए परीक्षण को लेकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से बृहस्पतिवार को बैठक करने का अनुरोध किया है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने मंगलवार देर रात पुष्टि की कि संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी मिशन ने बृहपस्तिवार को बंद कमरे में परिषद की बैठक करने का अनुरोध किया है।

रविवार के परीक्षण के बाद व्हाइट हाउस के अधिकारियों ने कहा कि वह ताजा मिसाइल परीक्षण को पिछले कई महीनों से चल रहे उकसावे वाले कृत्यों को बढ़ाने के तौर पर देखते हैं। संयुक्त राष्ट्र के उपप्रवक्ता फरहान हक ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने रविवार को हुए प्रक्षेपण की निंदा की और इन्हें सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का स्पष्ट उल्लंघन बताया। गुतारेस ने उत्तर कोरिया से इस प्रकार से कदम नहीं उठाने की अपील की।

उत्तर कोरिया ने रविवार को मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल ह्वासोंग-12 का परीक्षण किया, जो अमेरिका के ग्वाम क्षेत्र तक मार करने में सक्षम है। हाल के वर्षों में यह उत्तर कोरिया का सबसे शक्तिशाली मिसाइल परीक्षण है। कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि उत्तर कोरिया के हाल में हथियारों का परीक्षण तेज करने का मतलब है कि वह प्रतिबंधों में ढील चाहता है या वैध परमाणु संपन्न देश के तौर पर अंतरराष्ट्रीय मान्यता चाहता है। दक्षिण कोरिया और जापान के आकलन के अनुसार, मिसाइल अधिकतम 2,000 किलोमीटर की ऊंचाई तक पहुंची और कोरियाई प्रायद्वीप तथा जापान के बीच समुद्र में गिरने से पहले उसने 800 किलोमीटर की दूरी तय की। इन जानकारियों से पता चलता है कि उत्तर कोरिया ने 2017 के बाद से अपनी सबसे लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया है। उसने 2017 में तीन अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया था, जो अमेरिका के भीतर तक मार करने में सक्षम हैं। ह्वासोंग-12 जमीन से जमीन तक मार करने में सक्षम परमाणु संपन्न मिसाइल है। यह अधिकतम 4,500 किलोमीटर तक की दूरी तय कर सकती है। अमेरिका के ग्वाम क्षेत्र तक पहुंचने के लिए यह दूरी पर्याप्त है। उत्तर कोरिया ने इस महीने में यह सातवां परीक्षण किया है। एक के बाद एक परीक्षण लंबे समय से बाधित परमाणु वार्ता को लेकर अमेरिकी प्रशासन पर दबाव बनाने का संकेत देता है।

# संभावित जंग में छापामार रणनीति अपनाने की तैयारी में यूक्रेनी लोग

**● यूक्रेन और रूस को लेकर नागरिकों की राय अलग-अलग**

**●सीमा पर हालात हो रहे तनावपूर्ण**

एपी। खारकीव (यूक्रेन)

**यूक्रेन** पर रूस का आक्रमण होने की सूरत में लोग हर हाल में देश की रक्षा करने और छापामार युद्ध करने की योजना बना रहे हैं। यूक्रेन की सीमा पर जहां रूस के हजारों सैनिक इकट्ठा हैं, वहां से केवल 40 किलोमीटर दूर है खारकीव शहर। यह यूक्रेन का दूसरा सबसे बड़ा शहर और औद्योगिक केन्द्र है, यहां हालात तनावपूर्ण हैं। खारकीव शहर के लोगों की राय बंटी हुई है, कुछ यूक्रेन के पक्ष में हैं तो कुछ रूस के पक्ष में। इनमें से कुछ रूस से डट कर मुकाबला करने तो कुछ अपना जीवन शांति से बिताने की बात कहते हैं। दस लाख से अधिक की आबादी वाले इस शहर के कुछ लोगों का कहना है कि अगर रूस आक्रमण करता है तो वे आम नागरिक का जीवन त्याग कर रूसी सैनिकों के खिलाफ छापामार युद्ध करेंगे। उनका मानना है कि देश के बहुत से नागरिक यही करेंगे।किशोरों को टेबल टेनिस सिखाने वाली कोच विक्टोरिया बालेसिना कहती हैं, इस शहर की रक्षा होनी चाहिए। हमें कुछ करने की जरूरत है,न कि डरने की और घुटने टेकने की। जानकारों और अमेरिकी खुफिया अधिकारियों का कहना है कि दंत चिकित्सकों, कोच, गृहणियों का ऐसे शहर में छापामार युद्ध करना जहां जमीन के नीचे छिपने के लिए हजारों आश्रय स्थल हैं, रूसी सैन्य योजनकारों के लिए बुरा अनुभव साबित हो सकता है।

# यूक्रेन की सीमा पर तनाव के बीच बाइडन और अधिक सैनिकों को यूरोप भेज रहे

एपी। ब्रसेल्स (बेल्जियम)

**अमेरिकी** राष्ट्रपति जो. बाइडन इस हफ्ते नार्थ कैरोलिना के फोर्ट ब्रैग से करीब 2,000 सैनिक पोलैंड और जर्मनी भेज रहे हैं। साथ ही, अमेरिका करीब1,000 सैनिकों की इंफैंट्री स्ट्राइकर (हमलावर पैदल सेना) स्क्वाड्रन को जर्मनी से रोमानिया भेज रहा है। बाइडन प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह कहा। यूक्रेन की सीमा के नजदीक रूसी सैनिकों के जमावड़े को लेकर रूस के साथ रूकी हुई वार्ता के बीच अमेरिका ने यह कदम उठाया है।

अमेरिका ने पूरे यूरोप में बढ़ती इस आशंका को रेखांकित किया है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन पर आक्रमण करने को आतुर हैं और उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के पूर्वी यूरोप में छोटे सदस्य देश इस बात को लेकर चिंतित हैं कि अगली बारी उनकी हो सकती है। उल्लेखनीय है कि यूक्रेन की सीमा के नजदीक रूस के एक लाख से अधिक सैनिक तैनात करने के बाद यूक्रेन पर रूसी आक्रमण की आशंका बढ़ गई है। हालांकि, रूसी अधिकारियों ने जोर देते हुए कहा है कि आक्रमण करने की मास्को की कोई मंशा नहीं है।

अधिकारी ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर यह बताया क्योंकि इस सैन्य कदम की घोषणा अभी नहीं की गई है। इस बीच, बुधवार को एक स्पेनिश समाचार पत्र में प्रकाशित एक लीक दस्तावेज से यह पता चला है कि यूक्रेन की सीमा से यदि रूस पीछे हटने का फैसला करता है तो यूरोप में मिसाइल की तैनाती पर तनाव को घटाने के लिए अमेरिका उसके(रूस के) साथ एक समझौता करने को इच्छुक हो सकता है। एल पेइस समाचार पत्र ने दो दस्तावेज प्रकाशित किए हैं, जो अमेरिका और उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) द्वारा पिछले हफ्ते यूरोप में एक नए सुरक्षा समझौते के लिए रूस के प्रस्तावों को जवाब में लिखे गए थे। हालांकि, अमेरिकी विदेश विभाग ने इस पर टिप्पणी करने से इनकार किया है। नाटो ने दूसरे दस्तावेज के संदर्भ में कहा कि उसने कथित लीक पर कभी टिप्पणी नहीं की। वहीं, ए संदेश पिछले हफ्ते नाटो महासचिव जेंस स्टोल्टेनबर्ग द्वारा मीडिया को दिए बयान को बहुत हद तक प्रदर्शित करते हैं। उन्होंने रूस की मांगों पर 30 देशों के सैन्य संगठन का रुख बताया था।

**PUBLIC NOTICE**

It is to inform to the public at large that **Mr. Prashant** i.e. (Mrs. Lalita W/o Mr. Ramesh Chandwho is purchasing) the **PLOT AREA MEASURING 40 SQ. YRDS, OUT OF KHEWAT NO. 03/03, KHATOUNI NO. 05, MUS. NO. 56//, KILLA NO. 12 (8-0) SITUATED IN VILLAGE AGWANPUR, TEHSIL & DISTT. FARIDABAD, HARYANA** from Mr. Babu S/o Mr. Moli who is owner vide of Regd. General Power of Attorney dated 12.12.2014 executed by Mr. Rajnesh Kumar Aggarwal S/o Late Mr. Mahesh Chand,and same to be financed & mortgaged by **Vastu Housing Finance Corporation Ltd.** If any Person having any type of claim/right/title/interest over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within **07 days** from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.

**Lucem Legal LLP**
Office No. G-03, at Ground Floor, on Plot No. D-61, Sector-2, Noida, UP-201301
Contact # 0120-4130438

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform general public that Ms. Sangeeta Arora W/o Late Mr. Ravinder Kumar Arora (25% undivided share), Mr. Rajinder Kumar Khurana S/o Mr. Ram Ditta Mal (25% undivided share), Mr. Umesh Malik S/o Mr. Virender Kumar Malik (25% undivided share) & Mr. Satish Kumar S/o Late Mr. Buta Ram (25% undivided share) have acquired Property no. A1 13, 2nd Floor, Krishan Nagar, Delhi, New Delhi, DELHI,110051 vide Relinquishment Deed dated 04.09.2020 and Sale Deed dated 10.10.2018 and Now, Ms. Sangeeta Arora W/o Late Mr. Ravinder Kumar Arora (25% undivided share), Mr. Rajinder Kumar Khurana S/o Mr. Ram Ditta Mal (25% undivided share), Mr. Umesh Malik S/o Mr. Virender Kumar Malik (25% undivided share) & Mr. Satish Kumar S/o Late Mr. Buta Ram (25% undivided share) are intending to sell the above said property/Floors to Mr. Kush Aggarwal & Mr. Satish Aggarwal vide Sale Deed. Further Mr. Kush Aggarwal & Mr. Satish Aggarwal are mort-gaging the above said property/floors with PNB Housing Finance Ltd. & in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M).

**ओके प्ले इंडिया लिमिटेड**
सीआईएन : एल28219एचआर1988पीएलसी030347
पंजी. कार्यालय : 17-18, रोज-का-मेयो इंडस्ट्रियल एस्टेट, तहसील नूह, जिला मेवात, हरियाणा-122103
वेबसाइट : www.okplay.in ई-मेल : info@okplay.in
फोन : +91 124 2362335-36 फैक्स : +91 124 2362326

सूचना

सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 29 के साथ पठित विनियम 47 के अनुसरण में एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी के निदेशक मंडल की एक बैठक सोमवार, 14 फरवरी, 2022 को आयोजित की जाएगी, जिसमें अन्य के साथ, 31 दिसम्बर, 2021 को समाप्त तिमाही हेतु कम्पनी के अ-लेखापरीक्षित (पृथक्कृत और समेकित) वित्तीय परिणाम विचारित और अनुमोदित किए जाएंगे।

वास्ते ओके प्ले इंडिया लिमिटेड
हस्ता/-
तिथि : 02-02-2022 राजन हांडा
स्थान : नई दिल्ली दप्रबंध निदेशक

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that I, Veena Khosla W/o Late Sh. Vijay Kumar Khosla R/o DDA LIG Flat No.35-A, Ground Floor, Pocket-A, Sidhartha Extension, New Delhi purchaser of DDA LIG Flat No.35-A, Ground Floor, Pocket-A, Sidhartha Extension, New Delhi, has applied for conversion of the aforesaid flat from lease hold to free hold vide application No.138525 dated 22.09.2020 in DDA. The original documents i.e. Possession Letter, NOC for Electric and Water connection of the above said flat have been lost, An F.I.R./NCR to this effect has been lodged in the Police Station
Any person claiming any right, interest, objection with respect to this property, can personally inform or write to Deputy Director (LAB) Housing or Director (H) Block-D, Third Floor, DDA, Vikas Sadan, INA, New Delhi-110023

# आकाशीय बिजली का विश्व रिकॉर्ड, लगभग 769 किमी दूरी तक एकसाथ चमकी

भाषा। न्यूयॉर्क/जिनेवा

**विश्व मौसम** विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) ने तीन अमेरिकी राज्यों में 2020 में लगभग 769 किलोमीटर लंबाई तक या लंदन से जर्मनी के शहर हैम्बर्ग के बीच की दूरी के बराबर बिजली चमकने की घटना को एक रिकॉर्ड के रूप में घोषित किया है। संयुक्त राष्ट्र की अंतर सरकारी एजेंसी के विशेषज्ञों ने मंगलवार को बताया कि 29 अप्रैल, 2020 को बिजली की चमक दक्षिणी अमेरिका में मिसिसिपी, लुइसियाना और टेक्सास में पूरे 768 किलोमीटर या 477.2 मील तक फैली देखी गई।

डब्ल्यूएमओ ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि यह अमेरिका में न्यूयॉर्क शहर और कोलंबस ओहियो के बीच या लंदन और जर्मन शहर हैम्बर्ग के बीच की दूरी के बराबर है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि 18 जून, 2020 को उरुग्वे और उत्तरी अर्जेंटीना में गरज के साथ आकाश में बिजली 17.1 सेकंड तक चमकती रही और यह रिकॉर्ड उत्तरी अर्जेंटीना में 4 मार्च, 2019 को बनाए गए पिछले रिकॉर्ड की तुलना में 0.37 सेकंड अधिक था।

इसमें कहा गया है कि इस बार की आकाशीय बिजली की लंबाई 31 अक्टूबर, 2018 को दक्षिणी ब्राजील के पिछले रिकॉर्ड से लगभग 60 किलोमीटर ज्यादा थी। डब्ल्यूएमओ ने कहा कि आकाशीय बिजली की चमक और समय ने एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाया है। उसने कहा कि निष्कर्ष अमेरिकी मौसम विज्ञान सोसायटी के बुलेटिन में प्रकाशित हुए है। संस्थान के लिए वेदर एंड क्लाइमेट एक्सट्रीम के दूत प्रो. रेंडाल सर्वेनी ने कहा , यह एक असाधारण रिकॉर्ड हैं। यह पर्यावरणीय चरम सीमा प्रकृति की शक्ति का एक माप है, साथ ही इस तरह के आकलन करने में सक्षम होने में वैज्ञानिक प्रगति भी है।

# यूनान से लगी सीमा के पास 12 शरणार्थियों के शव बरामद

एपी। अंकारा

**तुर्की के** गृह मंत्री सुलेमान सोयलु ने बुधवार को कहा कि यूनान से लगी सीमा के पास भीषण ठंड में जान गंवाने वाले 12 शरणार्थियों के शव बरामद किए गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यूनान के सीमा रक्षकों ने इन लोगों को वापस भेज दिया था। सोयलु ने ट्वीट कर बताया कि ए 12 लोग उन 22 शरणार्थियों में थे जिन्हें यूनान के सीमा प्रहरियों ने वापस तुर्की भेज दिया था। उन्होंने कहा कि तुर्की और यूनान के बीच इप्साला सीमा से ए शव बरामद किए गए। मृतकों के पैर में जूते भी नहीं थे और वे निर्वस्त्र पाए गए।

मंत्री ने और विवरण नहीं दिया, लेकिन बरामद किए गए शवों में से आठ की कुछ धुंधली तस्वीरें साझा कीं। इनमें से तीन व्यक्ति कपड़े पहने हुए थे। सोयलु ने यूनान सीमा रक्षकों पर शरणार्थियों के प्रति क्रूर रवैया अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने यूरोपीय संघ (ईयू) पर भी बेबस, कमजोर और अमानवीय रुख अपनाने का आरोप लगाया। यूनान से लगी सीमा के पास स्थित एडिरने प्रांत के गवर्नर कार्यालय ने कहा कि अधिकारियों ने बचाव के बाद एक शरणार्थी को अस्पताल में भर्ती कराया था जहां उसकी मौत हो गई।

तुर्की अपने पड़ोसी देश यूनान पर यूरोप जाने के इच्छुक शरणार्थियों को अवैध रूप से वापस भेजने का आरोप लगाता रहा है। यूनान ने आरोप से इनकार किया है। यूरोपीय संघ के देशों में बेहतर जीवन की तलाश में मध्य पूर्व, एशिया और अफ्रीका के शरणार्थियों के लिए तुर्की एक प्रमुख क्रॉसिंग पॉइंट है। तुर्की में सीरिया से आए करीब 37 लाख लोगों ने भी पनाह ले रखी है। अधिकतर लोग या तो उत्तर-पूर्वी सीमा पार करके या पूर्वी एजियन सागर द्वीपों की ओर जाने वाली नौकाओं के जरिए यूनान में प्रवेश करने की कोशिश करते हैं।

# कांगों में लड़ाकों ने शिविर में घुसकर 60 लोगों की हत्या की

**किंशासा ।** कांगो में पूर्वी राज्य इटुरी में जारी हिंसा के कारण विस्थापित लोगों के एक शिविर पर रात में हमला करके लड़ाकों (मिलिशिया) ने कम से कम 60 लोगों की हत्या कर दी। स्थानीय अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। शिविर के प्रमुख नडालो बुड्ज ने कहा कि कोडेको (सीओडीईसीओ) नामक समूह के लड़ाके जुगु में विस्थापित व्यक्तियों के शिविर पर पहुंचे और हथियार से दर्जनों लोगों की हत्या कर दी। उन्होंने प्रेस से कहा, शिविर के 60 लोगों को छुरे और अन्य धारदार हथियारों से मारा गया। स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों ने भी इसकी पुष्टि की। बहेमा नादेरे के मुखिया पिलो मुलिंडो ने बताया कि चार लोगों को अस्पताल ले जाया गया है। कोडेको और अन्य संगठन के लड़ाके पूर्वी कांगो क्षेत्र में सक्रिय हैं। कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य के इस हिस्से में हिंसा के कारण मानवीय सहायता उपलब्ध कराने वाली एजेंसियों के कार्य ठप हैं।

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीनिसन्स वायरिंग सिस्टम्स प्रा. लि., केशवन श्रीनिवासन (निदेशक), सेल्वन श्रीनिवासन (निदेशक), कुलभाष चंदर हल्लोन (निदेशक), राधा केशवन (निदेशक), दिव्या केशवन (निदेशक), रंगराज वरदराज (निदेशक), केशवन श्रीनिवासन, सेल्वन श्रीनिवासन, राधा केशवन, हेमा सेल्वन, कुलभाष चंदर हल्लोन, रूचिका हल्लोन, कुलभाष चंदर हल्लोन, रूचिका हल्लोन, यूनिट नंबर -327, टावर बी, स्पेसऐज कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-47, गुरूग्राम, हरियाणा/ खाता नंबर :- 031405003313 | फ्लैट नंबर 1202, 12वां तल, ब्लॉक ई, सेलेब्रिटी होम्स, पालम विहार, गुरूग्राम - 122 001 | 03-01-2022 रू. 2,05,86,951.45/- | 30/07/2021 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 03 फरवरी, 2022 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली/एनसीआर आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# कनाडा में कोविड टीके संबंधी आदेश के विरोध में प्रदर्शन

एपी। टोरंटो



**कनाडा** की राजधानी ओटावा में कोविड-19 संबंधी प्रतिबंधों और टीके संबंधी आदेश के खिलाफ हजारों लोगों ने प्रदर्शन किया और पार्लियामेंट हिल के आस-पास जानबूझकर यातायात को बाधित किया। कुछ प्रदर्शनकारियों ने नेशनल वार मेमोरियल में मूत्र त्याग किया और वाहन खड़े किए। एक व्यक्ति टूम ऑफ द अननोन सोल्जर पर खड़े होकर नाचा। वैश्विक महामारी से निपटने संबंधी आदेशों को लेकर कनाडा में हुए अब तक के सबसे बड़े प्रदर्शनों के बाद देश में प्रदर्शनकारियों को अन्य लोगों की सहानुभूति नहीं मिली। कनाडा में 80 प्रतिशत लोगों का टीकाकरण हो चुका है। प्रदर्शनकारियों के अभद्र व्यवहार से कई लोग नाराज हो गए। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रुडो ने कहा कि ओटावा में प्रदर्शन करने वाले लोग अल्पसंख्यक हैं। प्रदर्शन के दौरान ट्रुडो और उनके परिवार को एक अज्ञात स्थान पर ले जाया गया। उनके दो बच्चे कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं और मंगलवार को आई जांच रिपोर्ट में उनके भी संक्रमित होने की पुष्टि हुई। ट्रुडो ने कहा कि वह ठीक है। कुछ प्रदर्शनकारियों ने बुधवार को भी प्रदर्शन जारी रखा। उन्होंने कहा कि जब तक टीकों संबंधी सभी आदेश और अन्य प्रतिबंध वापस नहीं लिए जाते, तब तक वे हटेंगे नहीं। उन्होंने ट्रुडो सरकार को हटाए जाने की भी मांग की, जबकि अधिकतर प्रतिबंध उनकी सरकार के बजाय प्रांतीय सरकारों ने लगाए हैं। कई प्रदर्शनकारियों ने होटल, मॉल और किराने की दुकानों में मास्क पहनने से इनकार कर दिया। प्रदर्शनकारी मिशेल क्लोएट (47) ने कहा, अब समय आ गया है कि कनाडा और दुनिया के बाकी देश वायरस से निपटने का कोई और तरीका खोजें। प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रीय नायक समझे जाने वाले एथलीट टेरी फॉक्स की प्रतिमा को कनाडा के उल्टे झंडे से लपेट दिया। हड्डियों के कैंसर के कारण फॉक्स ने अपना एक पैर खो दिया था। देश की उप प्रधानमंत्री क्रिस्टिया फ्रीलैंड ने कहा, मेरे बच्चे स्तब्ध हैं। सभी कनाडाई युवाओं की तरह वे भी टेरी फॉक्स को अपना नायक समझते हुए बड़े हुए हैं। यह वह कनाडा नहीं है, जहां हम रहना चाहते हैं। हमारा कनाडा ऐसा नहीं है। ओंटारिया के प्रीमियर डग फोर्ड और संक्रामक रोग विशेषज्ञ डॉ. पीटर होटेज ने भी प्रदर्शनों की निंदा की।

# फाइजर ने पांच साल तक के बच्चों के लिए टीके को मंजूरी देने को कहा

एपी। वाशिंगटन

**फाइजर** ने बुधवार को अमेरिका से पांच साल तक की आयु वाले बच्चों के लिए उसके कोविड-19 रोधी टीके को स्वीकृति देने के लिए कहा है, जिससे बेहद कम उम्र के अमेरिकी बच्चों को भी मार्च तक टीके लगाने की शुरुआत हो सकती है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने अप्रत्याशित कदम उठाते हुए फाइजर तथा उसके सहयोगी बायोएनटेक से पूर्व नियोजित कार्यक्रम से पहले ही आवेदन करने के लिए कहा था। देश में पांच साल तक के आयुवर्ग के 1.9 करोड़ बच्चे ही कोरोना वायरस के खिलाफ टीकाकरण के योग्य नहीं है। कई अभिभावक बच्चों को भी टीके लगाने पर जोर दे रहे हैं खासतौर से ऐसे वक्त में जब ओमीक्रोन संक्रमण के कारण रिकॉर्ड संख्या में बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अगर एफडीए स्वीकृति देता है तो फाइजर के टीके छह महीने तक के बच्चे को भी लगाए जा सकते हैं। इन टीकों की खुराक वयस्कों को दी जाने वाली खुराक का दसवां हिस्सा है। फाइजर ने बुधवार को कहा कि उसने एफडीए को आंकड़ें देना शुरू कर दिया है और उसे कुछ दिनों में यह प्रक्रिया पूरी होने की उम्मीद है। एक प्रमुख सवाल यह है कि इन बच्चों को कितनी खुराक देने की आवश्यकता होगी। प्रारंभिक जांच में शिशुओं के लिए दो खुराकें पर्याप्त मानी गई लेकिन स्कूलों में दाखिला लेने वाले बच्चों के लिए यह पर्याप्त नहीं मानी गई। फाइजर तीन खुराकों की जांच कर रहा है और अंतिम आंकड़ें मार्च अंत तक आने की उम्मीद है। एफडीए ने ओमीक्रोन से अधिक संख्या में बच्चों के संक्रमित होने के कारण फाइजर से आवेदन देने के लिए कहा था। एजेंसी की एक प्रवक्ता ने बताया कि पांच साल तक की आयु के बच्चों में ओमीक्रोन स्वरूप के रिकॉर्ड मामले सामने आए हैं।

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., 4/10, मैत्री टावर, बोम्मनहल्ली, होसूर मेन रोड, बेंगलूरू-560 068

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अधीन निम्नवर्णित तिथि को एक सूचना उनके द्वारा बैंक को उपलब्ध कराए गए, उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, तथापि यह बिना तामील वापस प्राप्त की जा चुकी है और अतएव उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा सूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सनी मलिक/प्रेरणा मिश्रा-सी 605, कुमार आई लाइफ अपा. देवरबीसनहल्ली बेंगलुरू - 560 103/ एलबीबीएनजी00002390407 | (जैसाकि गौतमबुद्ध नगर, सेक्टर 118, नोएडा में अजनारा एम्ब्रोसिया अपार्टमेंट फेज-1 में यूनिट आईडी : एएम0जी007001 यूनिट नंबर एएम-जी-701, कार पार्किंग : कवर्ड कार पार्क के उपयोग अधिकार सहित, तल : 7वां तल, टावर/ब्लॉक टावर -जी, टाइप : 2 बीएचके + 2 टॉय+किड्स रूम, सुपर एरिया : 1255 वर्ग फीट लगभग, बिल्ट-अप एरिया : 979 वर्ग फीट लगभग के साथ संबंधित ऋण दस्तावेजों/सम्पत्ति दस्तावेजों में वर्णित है) | 15-11-2021 रू. 45,09,685.00/- | 04.08.2021 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक उपाय किए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जहां कहीं लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, जिसमें विफल रहने की स्थिति में, आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 03-02-2022 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : नोएडा आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड



# आज भी प्रासंगिक हैं पौराणिक कथाएं

**तथ्य यह है कि हिंदू पौराणिक कहानियां समकालीन समय में इतनी प्रभावी हैं कि वे कथाओं की जड़ को श्रोता तक पहुंचाने में कामयाब होती हैं और इस तरह उसे बेहतर जीवन की ओर ले जाती हैं। बता रही हैं शुभीरा प्रसाद**

पुराण सर्वव्यापक है। कल का मिथक आज की सच्चाई है, एक नए परिधान में, नए विचार, नई परिस्थितियों और नए दृष्टिकोणों में। हम शायद इस नई पहचान को समझ नहीं पाए हैं या परिभाषित नहीं कर पाए हैं, जो अनादि काल से हमारे खून में है और शायद हमेशा रहेगा। जर्मन नोबेल पुरस्कार उपन्यासकार थॉमस मान ने घोषणा की, 'जीवन एक स्थिर पौराणिक पहचान है, दूसरों के नक्शेकदम पर एक जुलूस, एक पवित्र दोहराव।'

भारतीय उपमहाद्वीप इस विचार को व्यापक रूप से चित्रित करता है और उसका अनुसरण करता है। हम इसे वर्तमान परिदृश्य में पौराणिक कथाओं पर आधारित पुस्तकों और फिल्मों की अधिकता से देख सकते हैं। हिंदू धर्म को दुनिया में सबसे पुराना माना जाता है। माना जाता है कि हिंदू पौराणिक कहानियां लगभग 5,000 साल से 10,000 साल पहले हुई थीं। घटनाओं या कहानियों का एक स्वाभाविक विकास हुआ है, शुरू में मुखर, बाद में लिखित रूप में, पीढ़ी-दर-पीढ़ी सदियों से। पूरी बात की सुंदरता यह है कि यद्यपि भौगोलिक या अन्य मतभेद हो सकते हैं, कहानियां जो वेद या पुराणों या अन्य ऐसी अत्यधिक सम्मानित पुस्तकों से ली गई हैं, मूल उद्देश्य वही रहता है। अंतर इमेजरी या भाषाओं में हो सकता है। स्त्री-पुरुष की भावनाएं और विचार अर्थात् प्रेम, घृणा, ईर्ष्या, लोभ, सत्ता, भ्रष्टाचार, साज़िश, असुरक्षा आदि के विचार वही रहते हैं।

तथ्य यह है कि ये पौराणिक कहानियां समकालीन समय में इतनी प्रभावी हैं कि वे कहानियों की जड़ को श्रोता तक पहुंचाने में कामयाब होती हैं और इस तरह उसे बेहतर जीवन की ओर ले जाती हैं। कई हिंदू पौराणिक कहानियां इस दिशा में इशारा करती हैं कि शायद हमारे पूर्वज (या देवता) पृथ्वी के अलावा किसी अन्य स्थान से थे और जीवन के सभी पहलुओं, विशेषकर विज्ञान में हमसे अधिक उन्नत थे। इनमें से कुछ बिंदु हैं :

- पुष्पक विमान का ही उदाहरण लें। यह देवताओं के साथ था, फिर कुबेर के साथ, जिनसे रावण ने मल्लयुद्ध किया था। फिर भगवान राम द्वारा रावण को पराजित करने के बाद, वह पुष्पक विमान को अयोध्या ले गए और अंत में पुष्पक विमान में वैकुंठ के लिए रवाना हुए।
- अर्जुन ने भी पुष्पक विमान में देवलोक की यात्रा की। प्राचीन हिंदू ग्रंथों में फैले पुष्पक विमान के और भी कई उदाहरण हैं।
- महाभारत और अन्य प्राचीन काल में परमाणु हथियारों के इस्तेमाल होने की काफी संभावना है। महाभारत में अठारह दिनों में लगभग 1.5 अरब लोगों का विनाश हुआ था। यह तब तक संभव नहीं है जब तक परमाणु बम जैसे सामूहिक विनाश के हथियारों का इस्तेमाल नहीं किया जाता।
- क्लोनिंग का प्रचलन महाभारत काल में भी था। बीजी के अनुसार मातापुरकर, प्रसिद्ध चिकित्सा शोधकर्ता और बहुभाषी कवि, कौरव प्रौद्योगिकी के उत्पाद थे जिनके बारे में अभी तक सुना या विकसित नहीं किया गया था। उनका दावा है कि कौरवों को एक भ्रूण को सौ भागों में विभाजित करके और प्रत्येक भाग को एक अलग कंटेनर में विकसित करके बनाया गया था। यह कहा जा सकता है कि उस समय के डॉक्टर और वैज्ञानिक न केवल टेस्ट ट्यूब बेबी के बारे में जानते थे बल्कि मानव शरीर के बाहर मानव भ्रूण विकसित करने की तकनीक भी रखते थे। इसी तरह, महादेव और पार्वती के पुत्र कार्तिकेय भी शरीर के बाहर पैदा हुए थे।
- अभिमन्यु अर्जुन और सुभद्रा के पुत्र थे। जब सुभद्रा अभिमन्यु को अपने गर्भ में ले जा रही थीं, तब अर्जुन ने एक बार उन्हें चक्रव्यूह के निर्माण की पेचीदगियों के बारे में बताया था। एक भ्रूण के रूप में भी अभिमन्यु चक्रव्यूह की प्रवेश प्रक्रिया को सुन और समझ सकता था, लेकिन वह बाहर निकलने की प्रक्रिया को नहीं सुन सका, क्योंकि उसकी मां सो गई थी। इसका उपहास उड़ाया गया और इसे एक पौराणिक कहानी के रूप में लिया गया, लेकिन अब वैज्ञानिकों द्वारा यह स्वीकार किया जाता है कि इसकी बहुत अधिक संभावना है। डॉ. माकोतो शिचिदा के अनुसार, अपनी पुस्तक, 'राइट ब्रेन एजुकेशन इन इन्फेंसी' में, गर्भ के दौरान दायां मस्तिष्क सक्रिय होता है।
- भगवान राम द्वारा बनाया गया राम सेतु एक इंजीनियरिंग उपलब्धि है। इसे दो आर्किटेक्ट नल और नील ने बनाया था। भारत और लंका के बीच तैरती चट्टानों का पुल बनाया गया था। लोकप्रिय मान्यता कहती है कि भगवान राम की आस्था ही थी कि इतने कम समय में तैरता हुआ पुल बना। लेकिन यह बहुत बेहतर सिविल इंजीनियरिंग पद्धति थी जिसके माध्यम से पुल का निर्माण किया गया था।
- प्लास्टिक सर्जरी और अंग प्रत्यारोपण : संभवतः भगवान गणेश का सिर प्रत्यारोपण इस पृथ्वी पर पहला ज्ञात प्रत्यारोपण था। लोककथाओं का कहना है कि जब गणेश ने उन्हें अपनी मां के कक्ष में प्रवेश नहीं करने दिया तो महादेव ने गणेश का सिर काट दिया। जब पार्वती ने यह देखा तो वे रोने लगीं। कथा जानने के बाद महादेव को पश्चाताप हुआ। उसने अपने लोगों को पहले जीवित प्राणी का सिर प्राप्त करने के लिए भेजा जो उन्हें मिल सकता था। परिणाम एक हाथी का सिर था जिसे महादेव ने गणेश के शरीर से जोड़ दिया था।
- हमारे प्राचीन ग्रंथ ऐसे उदाहरणों से भरे पड़े हैं जहाँ यह सिद्ध होता है कि हमारा प्राचीन काल हमारे वर्तमान समय से कहीं अधिक उन्नत था, जैसे संजय की दिव्य दृष्टि।

चूंकि कोई लिखित रिकॉर्ड नहीं है, पीढ़ियों से केवल मौखिक कहानियां हैं, लोग उन्हें सिर्फ कहानियां या पौराणिक कथाएं कहते हैं। उनमें से कई सिर्फ कल्पनाओं की कल्पना भी हो सकते हैं क्योंकि मुंह से शब्द अतिरंजित हो जाते हैं, खासकर जब इसे पीढ़ियों से मौखिक रूप से पारित किया जाता है। लेकिन तथ्य यह है कि इन कहानियों के संदेश इतने लंबे समय तक जीवित रहे, यह साबित करता है कि संदेश बहुत मजबूत हैं और भविष्य में भी मार्गदर्शन करते रहेंगे।

उक्त बिन्दुओं के अलावा तथाकथित पौराणिक काल में और भी बहुत सी विवादास्पद और रोचक घटनाएँ हैं। इनमें से कुछ हैं:

- हिंदू शास्त्रों के अनुसार, सभ्यता को समय के अनुसार चार युगों में विभाजित किया गया है। वेदों में कहा गया है कि प्रथम युग, सत्य, युगों में सबसे शुद्ध और सबसे पवित्र युग था। धीरे-धीरे और लगातार, अन्य युगों में अधः पतन रेंगने लगा। कलयुग को चार युगों में अंतिम और सबसे पतित युग कहा जाता है। यह भविष्यवाणी की गई है, कि कलयुग के अंत में, दुनिया नष्ट हो जाएगी, और युगों का पिछला चक्र दोहराया जाएगा।
- हिंदू पौराणिक कथाओं में कहा गया है कि पहला युग या सत्य युग, 1,72,8000 वर्षों की अवधि में फैला था। यह सत्य ज्ञान, सद्गुण और कारण का युग था। सतयुग था। मन और शरीर की आदर्श स्थिति के कारण, एक व्यक्ति की सामान्य ऊंचाई लगभग 31 फीट थी और लोग सैकड़ों और हजारों वर्षों तक जीवित रहते थे।
- इसके बाद युगों का दूसरा त्रेता युग आता है। सत्य युग के अंत और त्रेता युग की शुरुआत तक, सत्य युग की शुद्धता कुछ हद तक कम होने लगी थी। प्राचीन लिपियों के अनुसार त्रेता युग 1,296,000 मानव वर्षों का था। तमस और रजस गुण अब विचारों और कर्मों की पवित्रता के साथ मिश्रित होने लगे थे। एक इंसान का शरीर विज्ञान और जीवन काल भी छोटा हो गया था।
- तीसरा युग द्वापर युग था। कहा जाता है कि द्वापर युग में अच्छाई और बुराई एक-दूसरे के बराबर हो गई थी। सत्ता की प्यास ने अपने बदसूरत सिर को महाभारत में स्पष्ट रूप से व्यक्त किया था। कहा जाता है कि द्वापर युग 864,000 वर्षों तक चला था और औसत जीवन काल लगभग 1,000 वर्ष छोटा हो गया था।
- युग चक्र का अंतिम युग कलियुग है। यह सबसे छोटा युग है और 432,000 मानव वर्षों तक चलेगा। कलियुग को लगभग 5,000 वर्ष बीत चुके हैं। इस युग में हर तरह के भ्रष्टाचार का बोलबाला होगा। बहुत कम, या कोई विवेक नहीं बचेगा। मनुष्य शारीरिक और बुद्धि दोनों ही दृष्टि से निम्नतम स्तर पर होगा। औसत जीवन काल 100 से 120 वर्ष तक होगा और औसत ऊंचाई 5 से 6 फीट के बीच होगी। यह भी भविष्यवाणी की गई है कि कलयुग के अंतिम चरण में मनुष्य का जीवन काल लगभग 20 वर्ष होगा।




हमारे सभी महान महाकाव्यों को मोटे तौर पर पौराणिक कथाओं के रूप में वर्गीकृत किया गया है। यह विश्वास और आस्था और आलोचनात्मक वैज्ञानिक सोच भी है कि गैर-विश्वासियों द्वारा भी पौराणिक कथाओं को गंभीरता से लिया जाता है। यद्यपि भ्रष्टता का स्तर उच्चतम स्तर तक जाता है और रहेगा, यह भी दावा किया गया है कि कलयुग में ही आध्यात्मिकता अपने उच्चतम स्तर पर होगी। मुझे विश्वास है कि यह हमारे महान महाकाव्यों के व्यापक पठन के कारण होगा। इस प्रकार, तथाकथित पौराणिक महाकाव्यों में विश्वास और मार्गदर्शन वर्तमान में मानव जाति की मुक्ति में बहुत मदद करेगा।

रामायण और महाभारत दो सबसे महान और सबसे लोकप्रिय महाकाव्य हैं। इनके अलावा अन्य समान रूप से महान और प्रभावशाली महाकाव्य हैं जो मानव जाति पर बहुत प्रभाव छोड़ते हैं। इनमें से कुछ महाकाव्य रघुवंश, बुद्धचरित, शिशुपालवधा, कीर्तर्जुनीय, मणिमेकलाई, सिलपदिकारम, कुमारसंभव और श्री रामचरितमानस हैं। ये सभी महाकाव्य हमें शांतिपूर्ण और नैतिक जीवन जीना सिखाते हैं।

हम इसके बारे में ज्यादा नहीं सोचते हैं, लेकिन यह तथाकथित पौराणिक कथा है, जिससे हम होली, दिवाली और दशहरा जैसी अपनी सर्वव्यापी परंपराओं का पालन करते हैं। ये परंपराएं रामायण और महाभारत के समय से चली आ रही हैं और उससे भी पहले। वे अभी भी हमें सही और गलत के बारे में सिखाते हैं कि क्यों गलत को बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए और बुराई पर जीत का जश्न क्यों मनाया जाना चाहिए। दुर्भाग्य से, वर्तमान संदर्भ में यह रेखा इतनी धुंधली हो गई है कि हम अच्छे और बुरे के बीच अंतर करने में विफल हो जाते हैं।

हमारे समाज में सामाजिक कुरीतियां इतनी गुप्त रूप से फैली हुई हैं कि हम हमेशा अच्छे और बुरे को पहचानने में असफल हो जाते हैं। इस कलयुग में, हमने मानव जाति की भलाई के लिए काम करना बंद कर दिया है और उदासीन, सुस्त हो गए हैं, और केवल छोटे से छोटे लाभ के लिए काम करते हैं, जो लंबे समय में शून्यवादी और गलत हैं। दूसरे शब्दों में, हमने अपनी दृष्टि को त्याग दिया है। यहीं पर पौराणिक कथाओं की भूमिका आती है। महान महाकाव्यों को पढ़ना हमें बहादुरी और आत्मविश्वास सिखाता है। वे हमें सिखाते हैं कि कैसे त्रासदियों, घृणा, विश्वासघात और बड़े नुकसान का सामना करना पड़ता है। हमारे वर्तमान जीवन में प्रेरणा कहाँ है? एकमात्र प्रेरणा किसी भी तरह से धन अर्जित करना है, यहां तक कि हत्या और लूटपाट भी।

मैं यहां पौराणिक कथाओं और महाकाव्यों को एक साथ जोड़ रहा हूं। कई वैज्ञानिक अब इस बात से सहमत हैं कि आधुनिक समय के कई हथियारों का पता प्राचीन काल से लगाया जा सकता है जब भगवान राम या महाभारत के पात्रों द्वारा आकाशीय हथियारों का इस्तेमाल किया जाता था। मैंने इनमें से कुछ दिव्य हथियारों का वर्णन राक्षसों और मनुष्यों के बीच युद्ध की अपनी त्रयी में भी किया है। ऐसा ही एक उदाहरण था जब 'द डेमन्स ऑफ जैत्रय' पुस्तक के नायक ने राक्षसों को नष्ट करने के लिए नारायण अस्त्र का इस्तेमाल किया। नारायण अस्त्र की तुलना मिसाइलों के आविष्कार से की जा सकती है, जो एक लक्ष्य पर ताला लगाता है, उसे ढूंढता है और उसे खत्म करता है। मैंने त्रयी की अपनी दूसरी पुस्तक 'द एंजल्स ऑफ कैलाश' में भी कई अन्य खगोलीय हथियारों का इस्तेमाल किया है। परिवहन के साधन, पुष्पक विमान या किसी अन्य विमान की तुलना आज हमारे पास मौजूद हेलीकॉप्टरों और अन्य विमानों से की जा सकती है। संक्षेप में हम कह सकते हैं कि वर्तमान संदर्भ में पौराणिक कथाओं की भूमिका हमें हमारी सांस्कृतिक पहचान, अखंडता और हमारे अस्तित्व के बारे में जागरूक करने और बढ़ाने की है।

**(लेखिका शिक्षाविद् और ज्योतिषी हैं। उनकी नवीनतम पुस्तक, द एंजल्स ऑफ कैलाश, वितास्ता द्वारा प्रकाशित की गई है)**

एक दिवसीय सीरीज से पहले भारत को लगा झटका

# धवन, श्रेयस व गायकवाड़ को कोराना

## ●कोचिंग स्टाफ के कई सदस्य भी कोविड संक्रमित मिले

**भाषा**। नई दिल्ली





**भारतीय** क्रिकेट टीम बुधवार को कोविड-19 की चपेट में आ गई जब सीनियर सलामी बल्लेबाज शिखर धवन, रिजर्व सलामी बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ और मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला की शुरुआत से पहले अनिवार्य पृथकवास के दौरान वायरस से संक्रमित पाए गए।

भारतीय टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ सीमित ओवरों की आगामी श्रृंखला के लिए 31 जनवरी को अहमदाबाद में जुटी थी और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला के बाद तीन दिन के पृथकवास से गुजर रही थी। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर कि तीन खिलाड़ी- रुतुराज गायकवाड़, श्रेयस अय्यर और शिखर धवन पॉजिटिव पाए गए हैं। हालांकि गैर कोचिंग प्रशासनिक सहयोगी स्टाफ के बीच भी कोविड के कई पॉजिटिव मामले आए हैं। दो से चार लोग संक्रमित हो सकते हैं। श्रृंखला की शुरुआत छह फरवरी को अहमदाबाद में होगी जो भारत का 1000वां एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबला होगा लेकिन तीनों खिलाड़ी अब श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे क्योंकि इन्हें एक हफ्ते के पृथकवास से गुजरना होगा और इसके बाद दो नेगेटिव आरटी-पीसीआर नतीजों के बाद ही वे टीम से जुड़ सकते हैं। उम्मीद है कि श्रृंखला के लिए स्टैंड बाई बनाए गए एम शाहरूख खान, आर साई किशोर और रिषी धवन को अब टीम में शामिल किया जा सकता है। जहां तक रोहित शर्मा के सलामी जोड़ीदार का सवाल है तो टी-20 टीम के विशेषज्ञ सलामी बल्लेबाज वेंकटेश अय्यर को आजमाया जा सकता है।

## सीमित ओवरों की सीरीज के लिए भारत पहुंची वेस्टइंडीज टीम

**अहमदाबाद**। इंग्लैंड को टी-20 मैच में हराकर आत्मविश्वास से ओतप्रोत वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम भारत के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए यहां पहुंच गई। वेस्टइंडीज टीम नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर तीन वनडे खेलेगी जो छह फरवरी से शुरू होंगे। इसके बाद कोलकाता के ईडन गार्डंस पर तीन टी-20 मैचों की श्रृंखला खेली जाएगी। वेस्टइंडीज क्रिकेट के आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर ट्वीट किया गया कि बारबाडोस से दो दिन की यात्रा के बाद वेस्टइंडीज टीम भारत पहुंची। एक अन्य ट्वीट में लिखा था , हम सुरक्षित अहमदाबाद पहुंच गए। यहां वेस्टइंडीज को तीन वनडे खेलने हैं जो छह फरवरी से शुरू होंगे।



## कोच लैंगर ने बोनस लेने से इनकार किया

**सिडनी**। आस्ट्रेलिया की टी-20 विश्व कप विजेता और कई बार एशेज जीतने वाली टीम के कोच जस्टिन लैंगर ने क्रिकेट आस्ट्रेलिया द्वारा भारी भरकम बोनस की पेशकश ठुकरा दी है क्योंकि उनका मानना है कि इसे उस समय स्वीकार करना नैतिक रूप से अनुचित होगा जब क्रिकेट बोर्ड ने कोविड-19 के कारण कई लोगों को नौकरी से निकाल दिया है।

जाने माने क्रिकेट लेखकर रॉबर्ट क्रेडोक और पीटर लेलोर ने लिखा कि आस्ट्रेलियाई क्रिकेट कोच जस्टिन लैंगर ने गोपनीय तरीके से छह अंकों के बोनस को लेने से इनकार कर दिया है क्योंकि उनका मानना है कि कोविड के कारण लोगों की नौकरी जाने के बीच इसे स्वीकार करना नैतिक रूप से अनुचित होगा। उन्होंने लिखा कि माना जा रहा है कि लैंगर ने निजी तौर पर अपने अधिकारियों से कहा है कि उनकी अंतरात्मा उन्हें उस समय बोनस स्वीकार करने की इजाजत नहीं देती जब अन्य स्टाफ कर्मियों ने अपनी नौकरी गंवा दी है। दोनों में से किसी पक्ष ने इस मामले को सार्वजनिक नहीं किया। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने 40 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है जबकि अपने कार्यकारी स्टाफ के वेतन में कटौती की है

# इंग्लैंड 24 साल बाद फाइनल में

अंडर-19 विश्व कप

## ●सेमीफाइनल में अफगानिस्तान को 15 रन से हराया

**भाषा**। नॉर्थ साउंड



**इंग्लैंड** ने अफगानिस्तान को रोमांचक मुकाबले में 15 रन से हराकर 24 साल के इंतजार को खत्म करते हुए आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के फाइनल में प्रवेश कर लिया। स्पिनर रेहान अहमद ने 46वें ओवर में तीन विकेट लिए जब अफगानिस्तान को आखिरी 10 गेंद में 18 रन बनाने थे।

दो साल पहले दक्षिण अफ्रीका में हुए टूर्नामेंट में नौवें स्थान पर रही इंग्लैंड टीम ने जबर्दस्त वापसी की है। दूसरी ओर अफगानिस्तान टीम अब कूलिज में तीसरे स्थान का मुकाबला खेलेगी। बारिश के कारण दो सुपर लीग सेमीफाइनल का पहला मैच देर से शुरू हुआ। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। अफगानिस्तान के गेंदबाजों ने अच्छी शुरूआत की और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में 88 रन बनाने वाले जैकब बेथेल को नावीद जदरान ने सस्ते में पगबाधा आउट कर दिया। कप्तान टॉम प्रेस्ट भी जल्दी आउट हो गए जिससे स्कोर 56 रन पर दो विकेट हो गया।

जॉर्ज थॉमस ने 50 रन बनाए लेकिन नूर अहमद की शानदार गेंद पर आउट हो गए। विलियम लक्सटन को इजहारूलहक नावीद ने क्लीन बोल्ड किया तब सौ रन पर पांच विकेट गिर चुके थे। इसके बाद फिर बारिश हो गई और मैच 47 ओवर का करना पड़ा। इंग्लैंड के लिए आखिर में जॉर्ज बेल और एलेक्स होर्टोन ने 95 रन की साझेदारी करके टीम को 231 रन तक पहुंचाया। अफगानिस्तान को डकवर्थ लुईस प्रणाली से संशोधित लक्ष्य मिला जिससे उन्हें अच्छी शुरूआत की जरूरत थी लेकिन वे नाकाम रहे। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोश बॉयडेन ने पारी की तीसरी ही गेंद पर विकेट लिया। अल्लाह नूर ने आते ही छक्का लगाकर दबाव कम किया और अपनी अर्धशतकीय पारी में आठ चौके जड़े। मोहम्मद इशाक के रन आउट होने के बाद हालांकि अफगानिस्तान की पारी कमजोर पड़ गई।

नूर 60 रन बनाकर आउट हुए। अब्दुल हादी ने नाबाद 37 रन बनाकर टीम को 200 के पार पहुंचाया लेकिन अहमद ने आखिर में शानदार गेंदबाजी करके इंग्लैंड को 1998 के बाद पहली बार अंडर 19 विश्व कप फाइनल में पहुंचाया। इंग्लैंड ने 1998 में खिताब जीता था।

# राहुल बल्लेबाजी में चौथे स्थान पर पहुंचे

आईसीसी टी-20 रैंकिंग

**भाषा**। दुबई



**भारत** के सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल बुधवार को जारी आईसीसी टी-20 बल्लेबाजी रैंकिंग में एक स्थान के फायदे से चौथे स्थान पर पहुंच गए जबकि विराट कोहली और सीमित ओवरों की टीम के नए कप्तान रोहित शर्मा क्रमश: 10वें और 11वें स्थान पर बने हुए हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार 20वें स्थान के साथ शीर्ष भारतीय हैं। उन्हें एक स्थान का नुकसान हुआ है। भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह दो स्थान के नुकसान से 26वें पायदान पर हैं। आलराउंडर की सूची में किसी भारतीय को जगह नहीं मिली है। भारत ने हाल के समय में कोई टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला नहीं खेला है। ब्रिजटाउन में इंग्लैंड खिलाफ पांचवें और निर्णायक मैच में वेस्टइंडीज की 17 रन की जीत में अहम भूमिका निभाने बाएं हाथ के स्पिनर अकील हुसैन और तेज गेंदबाज जेसन होल्डर ने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल की है। पुरुष रैंकिंग में साप्ताहिक अपडेट में वेस्टइंडीज और इंग्लैंड की श्रृंखला के अंतिम तीन मैच के प्रदर्शन पर गौर किया गया। अकील 15 स्थान की छलांग के साथ 18वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने अंतिम मैच में 30 रन पर चार विकेट सहित तीन मैच में छह विकेट चटकाए।

## पाकिस्तान दौरे से हटने का इंग्लैंड का फैसला बेतुका था : हेल्स

**कराची**। पाकिस्तान में खेलने के अभ्यस्त हो चुके इंग्लैंड के बल्लेबाज एलेक्स हेल्स ने कहा कि पिछले साल पाकिस्तान दौरे से पीछे हटने का इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड का फैसला बेतुका था। पाकिस्तान सुपर लीग में इस्लामाबाद युनाइटेड के लिए खेलने वाले हेल्स ने जियो टीवी से कहा , वह दौरा रद्द करने का फैसला मेरी नजर में बेतुका था।

इंग्लैंड ने सुरक्षा कारणों का हवाला देकर पिछले साल पाकिस्तान दौरा रद्द कर दिया था।

हेल्स ने कहा कि कोरोना काल में पाकिस्तान टीम के इंग्लैंड आने से ईसीबी को काफी फायदा हुआ। ऐसे में उनका पाकिस्तान दौरा रद्द करना समझ से परे थे। यह तो छोटा दौरा ही था।

# नीरज चोपड़ा लॉरेस पुरस्कार के लिए नामित

**भाषा**। नई दिल्ली



**टोक्यो** ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले भारतीय भालाफेंक स्टार नीरज चोपड़ा को प्रतिष्ठित लॉरेस विश्व खेल पुरस्कार में ब्रेकथ्रू पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है जिसमें एम्मा राडूकानू और सिमोन बिलेस समेत छह खिलाड़ी दौड़ में है।

पुरस्कार अप्रैल में एक वर्चुअल समारोह में दिए जाएंगे। इस साल पुरस्कारों के सात वर्गों के लिए नामांकन दुनिया भर के 1300 से अधिक प्रमुख खेल पत्रकारों और प्रसारकों ने चुने हैं। विजेता का चयन लॉरेस विश्व खेल अकादमी मतदान के द्वारा करेगी जिसमें 71 महान खिलाड़ी शामिल हैं। ओलंपिक की व्यक्तिगत स्पर्धा का स्वर्ण जीतने वाले चोपड़ा निशानेबाज अभिनव बिंद्रा के बाद दूसरे भारतीय हैं। बिंद्रा ने 2008 बीजिंग ओलंपिक में पीला तमगा जीता था। टोक्यो में ओलंपिक खेलों में पदार्पण करने वाले 23 वर्ष के चोपड़ा ने 87.58 मीटर के थ्रो के साथ पहला स्थान हासिल किया। लॉरेस पुरस्कार के लिए नामांकन पाने वाले वह विनेश फोगाट (2019) और सचिन तेंदुलकर (2000-2020 खेल का सर्वश्रेष्ठ पल पुरस्कार) के बाद तीसरे भारतीय हैं। तेंदुलकर को 2011 विश्व कप जीतने के बाद भारतीय खिलाड़ियों द्वारा कंधे पर बिठाकर मैदान का चक्कर लगाए जाने के लिए यह पुरस्कार मिला था।

तेंदुलकर ने जब 2011 में वह पुरस्कार जीता था तब चोपड़ा ने परिवार के दबाव में अपनी फिटनेस बेहतर करने के लिए जिम जाना शुरू ही किया था। वहीं से उनमें भालाफेंक के प्रति रूचि जागी और 2016 अंडर 20 विश्व चैम्पियनशिप में उन्होंने स्वर्ण पदक जीतकर अपने कैरियर का आगाज किया।

चोपड़ा ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा कि मैं इस पुरस्कार के लिए नामांकन पाकर बहुत खुश हूं। यह मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है कि टोक्यो में मेरे पदक को दुनिया में पहचान मिली। चोपड़ा के साथ ब्रेकथ्रू पुरस्कार के लिए ब्रिटेन की टेनिस स्टार एम्मा राडूकानू शामिल है जिन्होंने 18 वर्ष की उम्र में अमेरिकी ओपन खिताब जीता। वहीं अमेरिकी ओपन जीतने वाले रूस के दानिल मेदवेदेव, एफसी बार्सीलोना के फुटबॉलर पेड्री, त्रिकूद में विश्व रिकॉर्ड बनाने वाले यूलिमार रोजास और तोक्यो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता तैराक एरियार्ने टिटमस को भी नामांकन मिला है।

वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार के लिए बायर्न म्युनिख के राबर्ट लेवांडोवस्की, फार्मूला वन विश्व चैम्पियन मैक्स वेरस्टाप्पेन, दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच दौड़ में हैं। महिला वर्ग में जमैका की फर्राटा धाविका एलेन थाम्पसन हेरा, आस्ट्रेलियाई तैराक एम्मा मैकियोन और अमेरिकी तैराक कैटी लेडेकी दौड़ में हैं।

# भारतीय दल का मैनेजर कोरोना पॉजिटिव

शीतकालीन ओलंपिक

**भाषा**। बीजिंग

**भारत** के शीतकालीन ओलंपिक दल के मैनजर मोहम्मद अब्बास वानी को बीजिंग हवाई अड्डे पहुंचने पर कोरोना जांच में पॉजिटिव पाया गया है। अब्बास वानी छह सदस्यीय भारतीय दल का हिस्सा है जिसमें एकमात्र खिलाड़ी कश्मीर के स्कीअर आरिफ खान है। आरिफ स्लालोम और जाइंट स्लालोम वर्ग में भाग लेंगे।

भारत के दल प्रमुख हरजिंदर सिंह है और एल सी ठाकुर अल्पाइन कोच, पूरन चंद तकनीशियन और रूप चंद नेगी टीम अधिकारी है।

वानी ने ट्वीट किया कि मैं ओलंपिक खेल गांव में अपने होटल के कमरे में पृथकवास पर हूं और मुझे कमरे के अंदर ही रहने को कहा गया है जब तक कि मेरे दूसरे कोविड परीक्षण का नतीजा नहीं आ जाता। मैं पूरी तरह से ठीक हूं और मेरे अंदर कोई लक्षण नजर नहीं आ रहे हैं।

भारतीय ओलंपिक संघ के अध्यक्ष नरिंदर बत्रा ने बताया कि वानी पॉजिटिव पाए गए हैं और दल प्रमुख हरजिंदर आयोजकों से दोबारा जांच के लिए बात कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भारतीय दल के मैनेजर अब्बास वानी बीजिंग हवाई अड्डे पर कोरोना पॉजिटिव पाए गए। दल प्रमुख हरजिंदर सिंह दोबारा जांच का प्रयास कर रहे हैं। खिलाड़ी और उनके कोच को दूसरे फ्लैट में भेज दिया गया है। बीजिंग शीतकालीन ओलंपिक चार से 20 फरवरी तक होंगे।

इस बीच चीन ने बुधवार को खेलों की मशाल रिले के मशालधारक के रूप में की फाबाओ को उतारा जो देश की सेना पीपल्स लिबरेशन आर्मी के रेजीमेंटल कमांडर हैं।

# डेविस कप के लिए नागल बाहर, युकी की वापसी



युकी भांबरी

**भाषा**। नई दिल्ली

**डेनमार्क** के खिलाफ अगले महीने होने वाले डेविस कप विश्व ग्रुप वन प्लेआफ मुकाबले से सुमित नागल को पांच सदस्यीय भारतीय टीम से बाहर कर दिया गया है। विश्व रैंकिंग में 222वें स्थान पर काबिज नागल की जगह युकी भांबरी (863) को उतारा जा सकता है। टीम में रामकुमार रामनाथन (182) और प्रजनेश गुणेश्वरन (228) भी हैं। टीम का चयन इस आधार पर किया गया है कि रामकुमार और युकी दोनों ग्रासकोर्ट पर खेलने में सहज हैं। गुणेश्वरन और नागर ग्रासकोर्ट विशेषज्ञ नहीं हैं। युगल विशेषज्ञ रोहन बोपन्ना और दिविज शरण भी टीम में हैं। साकेत माइनेनी और दिग्विजय प्रताप सिंह रिजर्व खिलाड़ी हैं। टीम के कोच जीशान अली होंगे और रोहित राजपाल गैर खिलाड़ी कप्तान रहेंगे।

# ओलंपिक पदक का रंग बदलना और विश्व कप जीतना है: श्रीजेश

**भाषा**। नई दिल्ली



**टोक्यो** ओलंपिक पदक के बाद वर्ल्ड गेम्स एथलीट आफ द ईयर बने भारतीय हॉकी टीम के अनुभवी गोलकीपर पी आर श्रीजेश का सपना ओलंपिक पदक का रंग बदलना और विश्व कप जीतना है और भविष्य में वह खुद को कोच की भूमिका में भी देखते हैं। महिला हॉकी टीम की कप्तान रानी रामपाल के बाद यह प्रतिष्ठित पुरस्कार जीतने वाले श्रीजेश दूसरे भारतीय खिलाड़ी हैं जिन्होंने भारी अंतर से अपने प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ा। उन्होंने बेंगलुरू स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र से वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि भारतीय हॉकी ही नहीं बल्कि विश्व हॉकी के लिए यह पुरस्कार बहुत खास है। मुझे एक खिलाड़ी के तौर पर दुनिया भर में पहचान मिली है। हम दूसरे खेलों से प्रतिस्पर्धा कर रहे थे और हॉकी को भी पहचान मिली है। एफआईएच ने एक भारतीय खिलाड़ी को नामित किया जो बहुत बड़ी बात है। दर्शकों के बीच काफी लोकप्रिय श्रीजेश ने कहा कि भारतीय दर्शक मुझसे प्यार करते हैं और वोटिंग में कभी पीछे नहीं रहते। मेरा काम एक खिलाड़ी के तौर पर देश का नाम रोशन करना है। प्रशंसकों ने अपना प्यार मेरे और हॉकी के लिए वोट के जरिए दिखाया है। भारत से ही नहीं दुनिया भर से वोट मिले हैं। भारतीय क्रिकेट की दीवार कहे जाने वाले राहुल द्रविड़ अब क्रिकेट टीम के कोच हैं और क्या भारतीय हॉकी की दीवार को भविष्य में कोच की भूमिका में देखेंगे, यह पूछने पर श्रीजेश ने कहा कि यह कठिन सवाल है लेकिन मैं कोच बनना चाहता हूं। इस फैसले से पहले हालांकि मुझे अपने परिवार से बात करनी होगी। मैं लंबे समय से उनके साथ समय नहीं बिता सका हूं लेकिन आप मुझे उस जर्सी में जरूर देखेंगे।

2006 में भारतीय सीनियर टीम के लिए पदार्पण करने वाले श्रीजेश 2020-21 में एफआईएच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भी चुने गए जबकि पिछले साल उन्हें राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार भी मिला। उन्होंने कहा कि मैने कभी सोचा भी नहीं था कि एक दिन नीली जर्सी पहनूंगा।

## कुछ खिलाड़ी पाक दौरे से बाहर रह सकते हैं : हेजलवुड

**मेलबर्न**। अनुभवी आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड का मानना है कि अगर राष्ट्रीय टीम के कुछ खिलाड़ी सुरक्षा कारणों से अगले महीने पाकिस्तान का दौरा करने से इनकार करते हैं तो उन्हें हैरानी नहीं होगी। आस्ट्रेलिया को मार्च में पाकिस्तान का दौरा करना है जो 24 साल में उसका पहला पाकिस्तान दौरा होगा। मार्क टेलर की अगुवाई वाली आस्ट्रेलिया टीम ने 1998 में पाकिस्तान का दौरा किया था।

हेजलवुड ने कहा कि सीए और एसीए काफी काम कर रहे हैं और खिलाड़ियों को काफी भरोसा है लेकिन सुरक्षा को लेकर कुछ चिंताएं जरूर होंगी। अगर कुछ खिलाड़ी पाकिस्तान जाने से इनकार करते हैं तो मुझे हैरानी नहीं होगी।

उन्होंने कहा कि इसमें कुछ गलत भी नहीं है। लोग अपने परिवार से बात करेंगे और फिर जवाब देंगे। हर कोई उसका सम्मान करेगा। आस्ट्रेलियाई टीम पाकिस्तान दौरे पर तीन टेस्ट, तीन वनडे और एक टी-20 मैच खेलेगी।

# द.कोरिया ने विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया

क्वालीफाइंग मुकाबले

**एपी**। सोल



कोलंबिया को हराने के बाद जश्न मनाती अर्जेंटीना की टीम

**दक्षिण** कोरिया ने दुबई में सीरिया को 2-0 गोल से हराकर लगातार दसवीं बार विश्व कप फुटबॉल में जगह बना ली है। दक्षिण कोरिया के लिए किम जिन सू और वोन चांग हून ने दूसरे हाफ में गोल दागे।

कतर में होने वाले 32 टीमों के विश्व कप में जगह बनाने वाली दक्षिण कोरिया 15वीं टीम है। एशिया ग्रुप ए क्वालीफायर में तीसरे स्थान पर काबिज संयुक्त अरब अमीरात से उसके 11 अंक अधिक है जबकि उसे दो मैच और खेलने है। क्वालीफाई कर चुके ईरान ने यूएई को 1-0 से हराकर ग्रुप ए में शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। दोनों ग्रुप से शीर्ष दो टीमें क्वालीफाई करेंगी और तीसरे स्थान की टीम प्लेआफ खेलेगी।

ग्रुप बी में जापान ने सउदी अरब को 2-0 से हराया। सउदी अरब अभी भी 19 अंक लेकर शीर्ष पर है जबकि जापान उससे एक अंक पीछे है। आस्ट्रेलिया ने ओमान से 2-2 से ड्रॉ खेला और वह 15 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है।

## अर्जेंटीना से हारने के बाद कोलंबिया की राह हुयी मुश्किल

**साओ पाउलो**। अर्जेंटीना से दक्षिण अमेरिकी क्वालीफायर में 1-0 से हारने के बाद कोलंबिया फुटबॉल टीम को अब विश्व कप में जगह बनाने के लिए अगले मैच में चमत्कार की उम्मीद करनी होगी। अर्जेंटीना ने 29वें मिनट में लौतारो मार्तिनेज के गोल के दम पर कोलंबिया को हराया।

कोरोना संक्रमण से उबर रहे सुपरस्टार स्ट्राइकर लियोनेल मेसी इस मैच में नहीं खेले। ब्राजील और अर्जेंटीना पहले ही विश्व कप में जगह बना चुके हैं। कोलंबिया 17 अंक लेकर सातवें स्थान पर है। पेरू 20 अंक के साथ पांचवें स्थान पर है जिसे इक्वाडोर से खेलना है। पेरू के जीतने के बाद क्वालीफाइंग की दौड़ में सबसे करीबी प्रतिद्वंद्वी उरूग्वे होगा जिसके 22 अंक हैं। उरूग्वे को पेरू ओर चिली से खेलना है।

## इंग्लैंड की महिला फुटबॉलरों के मातृत्व अवकाश में इजाफा

**लंदन**। इंग्लैंड की महिला फुटबॉल खिलाड़ियों के लिए मातृत्व अवकाश नीति में बदलाव किया गया है और अगले सत्र से उन्हें नियमित वेतन और अतिरिक्त भत्तों के साथ 14 सप्ताह का अवकाश मिलेगा।

इंग्लैंड फुटबॉल संघ ने बताया कि महिला सुपर लीग और महिला चैम्पियनशिप खेलने वाली खिलाड़ियों को यह सुविधाएं मिलेंगी। इससे पहले यह क्लब पर निर्भर करता था कि वह कितनी छुट्टी देना चाहता है और उसके लिए भी यह अनिवार्य था कि खिलाड़ी क्लब के साथ कम से कम 26 सप्ताह खेल चुकी हो।

## दक्षिण अफ्रीका के कीगन पीटरसन कोविड-19 पॉजिटिव

**जोहानिसबर्ग**। भारत के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका की घरेलू टेस्ट श्रृंखला में जीत के नायक रहे कीगन पीटरसन बुधवार को कोविड-19 जांच में पॉजिटिव आने के कारण न्यूजीलैंड दौरे से बाहर हो गए जिससे टीम की उम्मीदों को झटका लगा है। टीम में इस बल्लेबाज की जगह जुबेर हम्जा लेंगे। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने एक बयान में कहा कि पीटरसन ठीक हैं और उन्हें कोई लक्षण नहीं हैं। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका की चिकित्सा टीम उनसे संपर्क में रहेगी ताकि उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल की जा सके। टीम बुधवार को न्यूजीलैंड के लिए रवाना होगी। भारत की मजबूत टीम के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला में 28 साल के पीटरसन ने छह पारियों में 46 के औसत से 276 रन बनाए थे। वह श्रृंखला में तीन अर्धशतक जड़ने वाले एकमात्र खिलाड़ी थे जिन्होंने 72, 82 और 62 रन बनाए थे तथा मैदान में अपने क्षेत्ररक्षण कौशल से प्रभावित किया था।

# न्यूजीलैंड के डेरिल मिशेल को मिला आईसीसी स्पिरिट ऑफ क्रिकेट पुरस्कार

**भाषा**। दुबई



**न्यूजीलैंड** के डेरिल मिशेल को अबुधाबी में इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 विश्व कप सेमीफाइनल में दिखाई खेल भावना के लिए आईसीसी स्पिरिट ऑफ क्रिकेट पुरस्कार दिया गया। मिशेल ने पिछले साल 10 नवंबर को अबुधाबी में इंग्लैंड के खिलाफ दबाव भरे विश्व कप सेमीफाइनल में गेंदबाज आदिल राशिद के रास्ते में रूकावट डालने के बाद एक रन लेने से इनकार कर दिया था। मिशेल यह पुरस्कार जीतने वाले न्यूजीलैंड के चौथे खिलाड़ी हैं।

उनसे पहले डेनियल विटोरी, ब्रैंडन मैकुलम और केन विलियमसन यह पुरस्कार जीत चुके हैं। मिशेल ने कहा कि आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) स्पिरिट ऑफ क्रिकेट पुरस्कार जीतना एक सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि संयुक्त अरब अमीरात में टी-20 विश्व कप का हिस्सा बनना शानदार अनुभव था और पुरस्कार जीतना काफी अच्छा है।

उन्होंने कहा कि न्यूजीलैंड के खिलाड़ी होने के नाते हम खुद पर गर्व महसूस करते हैं कि हम अपना क्रिकेट किस तरह से खेलते हैं और हां, स्पिरिट ऑफ क्रिकेट टीम। मिशेल ने कहा कि व्यक्तिगत तौर पर मुझे महसूस हुआ कि मैं गेंदबाज के रास्ते में आ गया था और हम अपनी शर्तों पर जीत हासिल करना चाहते थे। हम इतने बड़े मैच में विवाद नहीं बनाना चाहते थे। इसका फायदा हुआ और हम मैच जीत गए। पीछे मुड़कर देखता हूं तो यह घटना काफी अचानक से हो गई थी।

यह घटना मैच के 18वें ओवर में आदिल राशिद की पहली गेंद पर हुई थी तब टीम का स्कोर चार विकेट पर 133 रन था और जेम्स नीशाम स्ट्राइक पर थे।

नीशाम ने मैदान पर गेंद स्मैश की और यहां आराम से एक रन लिया जा सकता था लेकिन नॉन स्ट्राइकर छोर पर खड़े मिशेल ने इस दबाव वाले मुकाबले में यह रन लेने से इनकार कर दिया क्योंकि उन्होंने राशिद के रास्ते में बाधा डाल दी थी।